नई दिल्ली, रविवार, 11 मई 2025 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी ■ वर्ष : 29, अंक : 26 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 38.0 न्यून. 26.0 haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

## पहले घुटनों पर आया, फिर भी नहीं शरमाया पाकिस्तान

संघर्ष विराम की गुहार लगाई फिर भारत तैयार हुआ, चार दिन से पाक ने नए-नए षड्यंत्र रचे
भारत ने भी संयमित तरीके से करारा जवाब दिया
दुनिया में पाकिस्तान की जमकर किरकिरी हुई
शनिवार दोपहर 3:35 बजे संघर्ष विराम की अपील
भारत ने शाम 6:00 बजे युद्ध विराम का ऐलान किया
लेकिन रात को फिर मुकरा, कई क्षेत्रों में हमला बोला

सतर्क जवान



दागी मिसाइल



जोरदार धमाका



ड्रोन गिराए



## भारतीय सेना दे रही करारा जवाब

**22** अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में हमला कर **26** पर्यटकों की हत्या की

**07** मई को भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, **100** से अधिक आतंकियों को मार गिराया

**08** मई को दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ, भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया

**10** मई भारत की कार्रवाई से पाक की कमर टूटी, संघर्ष विराम पर सहमत, फिर तोड़ा

दिन में दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनी, जमीनी, हवाई और समुद्री हमले नहीं करेंगे, लेकिन शाम होते ही पाक फौज का दिखा नापाक चेहरा, शुरू किए फिर अटैक

# पाक ने 4 घंटे में ही तोड़ा संघर्ष विराम, ड्रोन-मिसाइल से हमला

### विदेश सचिव मिसरी बोले, सेना को फ्रीहैंड, पाक ने भारत में घुसना चाहा, आर्मी ने जवाब दिया
### अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा सांबा, उधमपुर में फायरिंग, मोर्टार, गोले दागे

**नई दिल्ली (ब्यूरो/भाषा)।** भारतीय सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट आए पाक की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। शनिवार शाम को संघर्ष विराम हो गया, लेकिन पाकिस्तानी फौज का नापाक चेहरा सामने आ गया। पाक ने करीब 4 घंटे बाद ही सीजफायर का उल्लंघन कर दिया। रात 8 बजते ही पाक की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग शुरू कर दी गई। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में और हरियाणा के अंबाला व हिसार में फिर ब्लैकआउट कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- यह कैसा सीजफायर है। श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनाई दे रही हैं। भारतीय जवानों ने भी पाक की इस हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया।

**पड़ोसी मुल्क की नीयत में खोट समझौते का घोर उल्लंघन किया**

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के कुछ ही घंटों बाद भारत ने शनिवार को पाक पर इसका 'घोर उल्लंघन' करने का आरोप लगाया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने देर रात प्रेस वार्ता में पाकिस्तान से इस तरह के उल्लंघन से बचने के लिए सेना का फ्री हैंड देते हुए सख्त लहजे में 'गंभीरता और जिम्मेदारी' के साथ निपटने का आह्वान किया। सशस्त्र बलों को सीमा के साथ जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सीमा उल्लंघन की किसी भी पुनरावृत्ति की घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक की सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ ने साबित कर दिया कि पड़ोसी मुल्क की नीयत में खोट है।

**सख्त लहजे में चेतावनी**


भारत ने इस नापाक हरकत पर कड़ा रुख अपनाते हुए पाकिस्तान को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस घटना की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। सेना इस घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। यह अतिक्रमण अत्यंत निंदनीय है। पाकिस्तान इस कायराना हरकत का जिम्मेदार है। उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।

**हरियाणा के अंबाला और हिसार में भी ब्लैकआउट**



जम्मू-कश्मीर राजस्थान पंजाब व गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में फिर से ब्लैकआउट

**सिंधु जल संधि रद रहेगी, 23 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए सभी फैसले यथावत रहेंगे, आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा**



पाक डीजीएमओ ने भारतीय डीजीएमओ को फोन किया और सीजफायर करने की अपील की इसके बाद दोनों के बीच सहमति के बाद जमीन, हवा और समुद्र से किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई बंद करने का फैसला लिया गया है।
-विक्रम मिसरी
विदेश सचिव



पाक ने आदमपुर, सूरतपुर, सिरसा, एस-400, नगरोटा के गोला बारूद सेंटर व ब्रह्मोस फैसिलिटी को तबाह करने का दावा किया है हमें इसे खारिज करते हैं। हमारे सभी सैन्य ठिकाने सुरक्षित हैं। पाक ने गैर जिम्मेदाराना तरीके से आम लोगों को निशाना बनाया।
-सोफिया कुरैशी
कर्नल



हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाक का झूठ लगातार बेनकाब हो रहा है।
-व्योमिका सिंह
विंग कमांडर



पाकिस्तान की किसी भी हिमाकत का ताकत से जवाब दिया जा चुका है। आगे भी तनाव बढ़ाने की कोशिश की तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारतीय आर्मी, नेवी और एयरफोर्स मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी तरह से तैयार और सतर्क हैं।
-रघु आर नायर
कॉमोडोर

पाक के साथ तनाव के बीच भारत का बड़ा फैसला, पड़ोसी ने फिर हिमाकत की तो हम जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार

# भविष्य में कोई भी आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा



पीएम नरेंद्र मोदी ने रक्षामंत्री राजनाथ, एनएसए डोभाल सीडीएस चौहान और तीनों सेना प्रमुखों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को निर्णय लिया कि भारत अपनी सरजमीं पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेगा और उसी के अनुसार जवाब देगा। शीर्ष आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस फैसले से पहले शनिवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में पीएम आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। 24 घंटे में सेना प्रमुखों के साथ यह उनकी दूसरी मीटिंग थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ संघर्ष के बीच सरकार ने यह स्पष्ट चेतावनी दी है। इस निर्णय के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक स्पष्ट /"लक्ष्मण रेखा/" खींचने की कोशिश की है और यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी फिर से भारत को निशाना बनाते हैं, तो सरकार पहलगाम घटना के बाद जैसी ही सैन्य प्रतिक्रिया देगी। सरकार के इस निर्णय से भविष्य में किसी भी आतंकवादी हमले पर भारत की सख्त प्रतिक्रिया को औपचारिक रूप दिया गया है। इस कदम को पाकिस्तान के लिए कड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जो भारतीयों को निशाना बनाने में शामिल विभिन्न आतंकवादी समूहों से जुड़ा हुआ है।

### एक्ट ऑफ वॉर कैसे तय करती है सरकार

भारत में एक्ट ऑफ वॉर कोई एक कानून नहीं है, बल्कि इस पर फैसला कई कानूनों (संविधान, भारतीय न्याय संहिता), रक्षा कानून, अंतरराष्ट्रीय समझौते के आधार पर किया जाता है। भारत सरकार ही तय करती है कि कौन सी कार्रवाई एक्ट ऑफ वॉर है। आम तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमले को एक्ट ऑफ वॉर माना जाता है।



### भारत ने मिसाइल और ड्रोन से पाक के तीन एयरबेस को निशाना बनाया

पाक सेना के प्रवक्ता बोले, हमें नुकसान पहुंचा
**यहां हमला**
नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी)
■
मुरीद (चकवाल)
■
रफीकी (झंग जिले में शोरकोट)

**लाहौर।** पाक ने दावा किया कि भारत ने मिसाइल और ड्रोन के जरिए उसके तीन एयरबेस को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने तड़के करीब चार बजे इस्लामाबाद में आनन-फानन में बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पाकिस्तानी वायुसेना के नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी), मुरीद (चकवाल) और रफीकी (झंग जिले में शोरकोट) एयरबेस को निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया, "लेकिन वायु सेना की सभी संपत्तियां सुरक्षित हैं।' चौधरी ने दावा किया कि भारत ने अपने जेट विमानों से हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से सरकारी पीटीवी ने कहा कि पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई के तौर पर 'बुनयान अल-मरसूस' अभियान शुरू किया है।

### ट्रंप ने किया था दावा



अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत-पाक 'तत्काल पूर्ण संघर्ष विराम' पर सहमत हो गए हैं।' दोनों देशों को समझदारी व विवेक का इस्तेमाल करने के लिए बधाई। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।' -डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जताई थी सहमति



पाक-भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। हम हमेशा शांति के पक्षधर रहें हैं। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।
-इशाक डार, विदेश मंत्री, पाकिस्तान

**चीन के विदेश मंत्री वांग यी बोले, हम पाकिस्तान के साथ खड़े हैं।**

### चीनी विदेश मंत्री का फोन आया डोभाल ने दिया दो टूक संदेश



चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए ) अजीत डोभाल से फोन पर बातचीत की। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, डोभाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में नागरिकों के हताहत होने की वजह से भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। डोभाल ने साफ किया कि युद्ध भारत की पसंद नहीं थी और यह किसी भी पक्ष के हित में नहीं। उन्होंने कहा, उन्हें उम्मीद है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे।

**पाक पीएम ने भारत के खिलाफ उगला जहर**

### शहबाज बोले- पहलगाम की आड़ में हम पर हमला बेबुनियाद



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने फिर झूठा दावा किया और भारत के खिलाफ जहर उगला। शहबाज ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने हमला करके जो गलती की है उसका खामियाजा उसे जरूर भुगतना होगा। उन्होंने भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया। भारत के खिलाफ साथ देने के लिए सऊदी अरब, तुर्किए और चीन को भी धन्यवाद दिया।

### अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाक के कई ड्रोन नष्ट किए

**अमृतसर।** भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने पंजाब के अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पाकिस्तान द्वारा उड़ाए गए कई विस्फोटक ड्रोन को नष्ट कर दिया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 'बायकर वाईआईएचए-3 मॉडल' के इन ड्रोन को सुबह करीब पांच बजे छोड़ा गया और वे घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे थे। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश करने के कुछ ही सेकंड के भीतर ड्रोन का पता लगा लिया और उन्हें नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि सीमा पर तैनात त्वरित प्रतिक्रिया वायु रक्षा तोपों का उपयोग करके ड्रोन को मार गिराया गया।



# पाक गोलाबारी में सीमावर्ती जिलों में 7 लोगों की मौत, बीएसएफ के आठ जवानों समेत कई घायल

**जम्मू/पठानकोट (भाषा)।** पाक सेना द्वारा शनिवार को फिर से मोर्टार से गोले दागे जाने और ड्रोन हमलों में 7 लोगों की मौत हो गई और बीएसएफ के आठ कर्मी घायल हो गए। कश्मीर के तीन जिलों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के गांवों के निवासी बड़ी संख्या में अपने घर छोड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला, बांदीपुरा और कुपवाड़ा से लगभग 1.10 लाख लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं, क्योंकि उनके घर और सरकारी इमारतें पाकिस्तानी गोलाबारी की चपेट में आ गई हैं। जम्मू के आर एस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी गोलाबारी में बीएसएफ के आठ जवान घायल हो गए। उन्हें सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू के राजौरी में, अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राज कुमार थापा और उनके स्टाफ के दो सदस्य शहर में उनके (थापा के) आवास पर गोला गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए।



पाक फायरिंग में जम्मू में सैकड़ों घरों की दीवारें और छतें क्षतिग्रस्त
■
एलओसी के पास के गांवों के निवासी बड़ी संख्या में अपने घर छोड़ने को मजबूर

**हिमाचल के सूबेदार मेजर पवन शहीद**

अधिकारियों ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में अपनी चौकी के पास पाकिस्तानी गोलाबारी में शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी शहर में एक औद्योगिक क्षेत्र के पास पाक की गोलाबारी में आयशा नूर (दो) और मोहम्मद शोहिब (35) की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए।

**पुंछ और मेंढर में हमला**

पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर के कंघरा-गलहुट्टा गांव में मोर्टार से दागे गए गोले के एक मकान पर गिरने से 55 वर्षीय रशीदा बी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, आर एस पुरा में सीमा पार से हुई गोलीबारी में बिदीपुर जट्टा गांव निवासी अशोक कुमार उर्फ शौकी की मौत हो गई। पुंछ में भीषण गोलाबारी में तीन अन्य लोग घायल हो गए।




**खबर संक्षेप**

### सीए परीक्षाएं अब 16 से 24 मई तक होंगी

**नई दिल्ली।** सीए की परीक्षाएं अब 16 से 24 मई तक आयोजित की जाएंगी।



'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)' ने शनिवार रात यह घोषणा की। आईसीएआई ने कहा कि सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और आईएनटीटी-एटी (पीक्यूसी) परीक्षाएं अब 16 से 24 मई तक आयोजित की जाएंगी।

**राष्ट्रपति व्लादिमीर के साथ हुई शिष्टाचार मुलाकात**

## रक्षा राज्य मंत्री ने की रूस के विजय दिवस समारोह में शिरकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 9 मई को रूस के विजय दिवस समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अज्ञात सैनिकों की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ परेड देखी। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि विजय दिवस समारोह द्वितीय विश्व युद्ध (1941 से 1945 तक) में सोवियत लोगों की जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित किया गया था।



**पुतिन से की शिष्टाचार भेंट**

*मंत्रालय के मुताबिक, रूस की विजय दिवस परेड में भाग लेने के लिए संजय सेठ बीते 8 से 9 मई तक मॉस्को की यात्रा पर थे। जिसमें उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और उन्हें विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ की बधाई दी। परेड समारोह में रक्षा राज्य मंत्री की भागीदारी भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है।*

**आतंकवाद के खिलाफ सराहा रूसी सहयोग**

सेठ ने अपनी यात्रा के दौरान रूस के उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की और राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में उनके समर्थन के लिए रूस की सरकार और लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही दोनों ने बहुआयामी सैन्य-सैन्य तकनीकी सहयोग पर भी चर्चा की और मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्ष नियमित परामर्श जारी रखने और बदलती परिस्थितियों में सहयोग जारी रखने पर भी सहमत हुए हैं। सेठ ने मॉस्को में भारतीय समुदाय के प्रमुख सदस्यों से भी बातचीत की।

### श्रीनगर में तेज धमाके सुन सीएम उमर ने पूछा सीजफायर का क्या हुआ

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों द्वारा सीजफायर की घोषणा के चार घंटे बाद ही साजफायर के उल्लंघन पर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कड़ा रोष जताया। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, आखिर संघर्ष विराम का क्या हुआ? श्रीनगर में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। यह कोई युद्ध विराम नहीं है। श्रीनगर के मध्य में एयर डिफेंस यूनिट ने अभी-अभी गोलीबारी शुरू की है। वहीं इन हालात को देखते हुए श्रीनगर में पूरी तरह से ब्लैकआउट कर दिया गया है। साथ ही कारगिल में भी ब्लैकआउट किया गया है। जानकारी के मुताबिक 8.50 पर धमाकों की आवाज सुनाई दी गई। इसके गोलीबारी शुरू हुई, बाद में हवा में ड्रोन देखे गए। जम्मू कश्मीर के उधमपुर, अखनूर, नौशेरा, पूंछ राजौरी, मेंधार, जम्मू, आर एस पुरा सेक्टर, सुंदरबनी, अर्निया और कठुआ में पाक द्वारा सीजफायर का उल्लंघन किया गया।



## अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# दिल्ली में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मई का महीना इस बार लगातार अलग ही रंग दिखा रहा है। शनिवार को दोपहर बाद अचानक दिन में रात जैसा दिखाई देने लगा। आसमान से सूरज गायब, चारों तरफ कालिमा और घनघोर बादल घिर आए। सड़कों पर कई जगह तो वाहनों को दिन में भी हैड लाइट जलाकर चलना पड़ा। तेज हवाओं के बीच कई हिस्सों में अच्छी बारिश ने एक बार फिर लोगों को राहत देने में कोई कमी नहीं छोड़ी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही ऐसे मौसम को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था।

आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच अच्छी बारिश देखने को मिली। जिसमें सबसे ज्यादा 17.5 मिमी पानी लोधी रोड में बरसा है। जबकि मयूर विहार में 13.5 मिमी सफदरजंग में 12.8 मिमी, आया नगर में 2.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 5.3 मिमी पानी पालम क्षेत्र में बरसा है। आईएमडी के अनुसार बारिश के चलते अब भी दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा है। अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान रहा 25.8 डिग्री सेल्सियस जोकि इस मौसम के सामान्य से महज 0.07 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने वीकेंड रविवार के लिए अनुमान जताया है कि हल्की बूंदाबांदी से इंकार नहीं किया जा सकता। जबकि अधिकतम तापमान 37-39 डिग्री तक पहुंच सकता है। इसी प्रकार सोमवार से शुक्रवार के बीच मौसम गर्म होता जाएगा। इस दौरान अधिकतम तापमान बढ़ोत्तरी करते हुए एक बार फिर 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हो सका है। यानी जो राहत मिली हुई थी वह अब धीरे धीरे समाप्त होने जा रही है। बता दें कि इस बार मई महीने में कई दशकों की तुलना में बहुत ज्यादा पानी बरसा है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि मई के महीने के 10 दिन बीतने के बाद भी भीषण उमस व गर्मी लगभग गायब है। मौसम की मेहरबानी के चलते ही मई के महीने में लोगों को राहत मिली हुई है।

## बारिश में देहात के मार्ग हो जाते हैं कीचड़ में तब्दील



**नई दिल्ली।** आगामी दिनों में मानसून आने वाला और पिछले दिनों व शनिवार को हुई बारिश ने सरकारी सिस्टम की पोल खोल ही दी है लेकिन यदि अभी भी सरकार प्रशासन ने समय रहते तैयारी नहीं की तो दिल्ली देहात के कई मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाएंगे। बता दें कि करीब दो साल पहले आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने गांवों में दिल्ली जल बोर्ड के माध्यम से सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू किया था और दो माह पहले दिल्ली में भाजपा सरकार आ गई है लेकिन देहात के कई गांव के खोदे गए मार्ग अब भी बदहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि नरेला विधानसभा के सिंघु गांव एमसीडी स्कूल से कुंडली जाने वाला मार्ग हल्की सी बारिश में ही कीचड़-कीचड़ हो जाता है। इसके अलावा बवाना विधानसभा के बेगमपुर इलाके में भी यही हालात है।

### एलजी कल रखेंगे सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला

## दिल्ली विधानसभा बनेगी देश की पहली पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित : विजेंद्र गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा बहुत जल्द देश की पहली पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित होने वाली विधानसभा बनेगी। इस बाबत 12 मई को सुबह 11 बजे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मिलकर विधानसभा परिसर में 500 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखेंगे। इस बात की जानकारी अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को एक बैठक करने के बाद दी। उन्होंने बताया कि आधारशिला कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगी। वहीं इस समारोह में कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे, जिनमें विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद शामिल हैं। यह 500 किलोवाट की नई सौर परियोजना, निर्धारित 60 दिन की समय सीमा से पहले केवल 45 दिनों में पूर्ण की जाएगी।

दिल्ली विधानसभा की वर्तमान 200 किलोवाट रूफटॉप प्रणाली को प्रतिस्थापित करेगी। इस नवीन स्थापना से विधानसभा पूर्णतः सौर ऊर्जा पर संचालित होगी। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति दिल्ली विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि इसे लागू करने की तत्परता भी जाहिर करती है। इस परियोजना के तहत प्रति माह लगभग 15 लाख रुपए की बिजली बचत होगी, जिससे इस लोकतांत्रिक संस्था की कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी।

## हत्या, बलात्कार का आरोपी 17 साल बाद पहुंचा सलाखों के पीछे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अपने पांच साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर की थी हत्या

पिछले 17 साल से फरार हत्या और बलात्कार के एक आरोपी को महाराष्ट्र में एक चलती ट्रेन से पकड़ा गया। आरोपी मोहम्मद आलम (43) को दिल्ली लाया गया है। वह बिहार के 2008 हत्याकांड में भी वांछित पाया गया है। इसने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

पुलिस के अनुसार आलम के खिलाफ 30 अक्टूबर 2008 को हत्या का एक मामला दर्ज किया गया था। लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा। आलम की बेटी ने 2021 में उस पर बलात्कार का आरोप लगाया था और दिल्ली के लक्ष्मी नगर थाने में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने कहा कि वह 28 फरवरी, 2023 को अंतरिम जमानत का उल्लंघन करके फरार हो गया था। उसी वर्ष दिसंबर में दिल्ली की एक अदालत ने उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। पुलिस का कहना है कि छह मई को मिली सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम मध्य प्रदेश के इटारसी में श्रमिक एक्सप्रेस में चढ़ी और चलती ट्रेन में गहन तलाशी शुरू की। तीन से चार घंटे तक हर कोच की जांच करने के बाद आरोपी को आखिरकार ढूंढ लिया गया। उसे जलगांव जंक्शन पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी तक पहुंचने के लिये 20 घंटे का समय और 1100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ सालों में आलम ने कई बार अपनी पहचान, रूप और ठिकाने बदले हैं।

पूछताछ में इसने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बिहार, दिल्ली और महाराष्ट्र में घूमता रहा। पुलिस की निगरानी से बचने के लिए वह अपने मोबाइल नंबर बदलता रहता था। गिरफ्तारी के समय वह गुजरात के वलसाड जा रहा था। बिहार पुलिस को आलम की गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है और उसे महाराष्ट्र की एक स्थानीय अदालत में पेश करने के बाद दिल्ली लाया गया है।

## डीयू की छात्रा से गन प्वाइंट पर लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** तिमारपुर इलाके में डीयू की छात्रा से पिस्टल के बल पर पर्स व मोबाइल लूटने वाला बदमाश क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी का नाम फैजान बेग उर्फ राजा बताया गया है। बदमाश करीब डेढ़ साल से फरार चल रहा था। अदालत भी इसे भगौड़ा घोषित कर चुकी थी। घटना में शामिल एक बदमाश पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक फैजान बेग, गली नंबर 4, कबीर नगर का रहने वाला है। आरोपी के पिता कपड़े की फैक्ट्री में काम करते थे। उनकी मृत्यु के पश्चात फैजान भी कपड़े की फैक्ट्री में भी काम करने लगा। लेकिन कुछ दिन बाद ही गलत संगत में पड़कर नशा करने लगा। नशे की पूर्ति के लिए इसने लूटपाट व चोरी शुरू कर दी। छह अक्टूबर 2023 की दोपहर करीब साढ़े चार बजे फैजान ने अपने सहयोगी महमूद उर्फ दूधिया के साथ मिलकर डीयू की एक छात्रा से जबरन पर्स और मोबाइल लूट लिया था। वारदात के बाद भागने की कोशिश के दौरान राहगीरों ने इन्हें रोक लिया था। लोगों ने महमूद को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। लेकिन फैजान मौके से भागने में सफल रहा था। तीस हजारी अदालत ने फैजान को भगौड़ा घोषित कर दिया था। इसे मौजपुर से पकड़ा गया। पुलिस से बचने के लिए वह अपनी पहचान छिपाकर जैकेट बनाने वाली फैक्ट्री में काम कर रहा था।

## अपहरण केस में शामिल रहे दो अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की नई दिल्ली रेंज टीम ने अपहरण व रंगदारी के मामले में वांछित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम राहुल और रवि बताये गये हैं। दोनों के खिलाफ डाबड़ी थाने में केस दर्ज था। मामले का मास्टरमाइंड पहले गिरफ्तार हो चुका है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 20 जून 2024 को मधु विहार, उत्तम नगर में संपत्ति विवाद से उपजा अपहरण का मामला सामने आया था। दरअसल पीड़िता और उसके भाई का अपने पड़ोसी राजिंदर उर्फ डॉक्टर के साथ एक भूखंड को लेकर विवाद चल रहा था। राजिंदर जमीन हड़पने का काम करता था। घटना के दिन राजिंदर ने पीड़ित के घर में जबरन प्रवेश किया और उसके 22 और 17 साल के दो बेटों का अपहरण कर उन्हें हरियाणा के पानीपत में चुलकाना गांव ले गया। दोनों अपहृत व्यक्तियों को चुलकाना में आरोपी राहुल, रवि उर्फ कालू और एक अन्य व्यक्ति ने बंदी बनाया था। आरोपी व्यक्तियों ने अपहृत व्यक्तियों की रिहाई के लिए कुछ पैसा और उत्तम नगर, पंचशील कॉलोनी में स्थित भूखंड का कब्जा खाली करने की मांग रखी थी। जांच के दौरान राजिंदर उर्फ डॉक्टर (56) निवासी दत्ता कॉलोनी पानीपत, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी व्यक्ति राहुल और रवि उर्फ कालू गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहे। अदालत द्वारा दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किए गए थे। हाल ही में एक टीम को वांछित अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था। मुखबिर ने सूचना दी कि राहुल और रवि मोती बाग इलाके में आएंगे। जाल बिछाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## ऑटो में छूटा साढ़े तीन लाख की जूलरी वाला बैग बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- द्वारका साउथ थाने की पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर बरामद किया बैग

द्वारका साउथ थाने की पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर ऑटो में छूटा 3.5 लाख रुपये के आभूषणों से भरा बैग बरामद कर लिया है। बैग असली मालिक को सौंप दिया गया है। बैग में रखा सारा सामान सुरक्षित पाया गया है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार 6 मई को पुलिस चौकी द्वारका साउथ एरिया में एक ऑटो में बैग गुम होने की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बस्ती, उत्तर प्रदेश से दिल्ली में अपने भतीजे से मिलने आया था। उसने द्वारका मोड़ से बागडोला गांव के लिए ऑटो लिया था। ऑटो चालक ने उसे द्वारका सेक्टर 8 में उतार दिया था। उतरते समय शिकायतकर्ता अपना बैग ऑटो में भूल गया। उसमें आभूषण और कुछ अन्य कीमती सामान था। शिकायतकर्ता को छोड़ने के बाद ऑटो चालक वहां से चला गया। कुछ देर बाद शिकायतकर्ता को याद आया कि वह अपना बैग ऑटो में भूल गया है। उसने इधर-उधर ऑटो की तलाश की लेकिन वह सफल नहीं हो सका। फिर उसने मदद के लिए पुलिस को फोन किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ऑटो की तलाश शुरू की। ऑटो के रूट का भी विश्लेषण किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए आसपास के इलाकों के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। कुछ ऑटो चालकों से भी संपर्क किया गया। आखिर में एक ऑटो को चिन्हित किया गया और उसके मालिक से संपर्क किया गया। उसने बताया कि वह दिल्ली से बाहर है और अब उसका ऑटो अनुज नामक शख्स चला रहा है, जो उसका रिश्तेदार है। वह प्रशांत एन्क्लेव, नंगली विहार, बापरोला में रहता है। पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची और ऑटो से बैग बरामद कर लिया। ऑटो चालक ने बताया कि उसे बैग के बारे में नहीं पता था। उसने शिकायतकर्ता को छोड़ा और उसके बाद वह अपने घर आकर सो गया। बैग में मौजूद आभूषण और अन्य सभी चीजें सुरक्षित पाई गई।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 60 उड़ानें की गईं रद्द

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर शनिवार को कम से कम 60 घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि सुबह पांच बजे से दोपहर ढाई बजे तक दिल्ली हवाई अड्डे से रवाना होने वाली और यहां आने वाली 30-30 उड़ानें रद्द कर दी गईं। शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे पर विभिन्न एयरलाइन ने 138 उड़ानें रद्द कर दी थीं। पिछले कुछ दिनों में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर कई उड़ानें रद्द हुई हैं। दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली 'डायल' ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य रूप से चल रहा है। उसने कहा कि हालांकि, हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के निर्देश पर सुरक्षा उपायों में वृद्धि के कारण, कुछ उड़ान प्रभावित हो सकती हैं और सुरक्षा प्रक्रिया में अधिक समय लग सकता है। यात्रियों को सुरक्षा जांच में संभावित देरी को ध्यान में रखते हुए जल्दी पहुंचने की सलाह भी दी गई। इसके अलावा, 'डायल' ने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे सुचारु सुविधा के लिए एयरलाइन और सुरक्षा कर्मचारियों के साथ सहयोग करें। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का संचालन करता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान में छिड़े सैन्य संघर्ष के मद्देनजर श्रीनगर और अमृतसर समेत देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कुल 32 हवाई अड्डों को 15 मई तक नागरिक उड़ानों के संचालन के लिए बंद कर दिया गया है।

### लोगों ने प्रशासन के इस एक्शन पर लगाए मनमानी के आरोप

## दिल्ली सरकार और निगम प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया पीला पंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- हाल ही में चलाया गया है नरेला की पुरानी अनाज मंडी के सामने और अलीपुर मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

दिल्ली देहात की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को देखते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने आपसी समन्वय स्थापित कर अवैध अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाना शुरू कर दिया है और बताया जा रहा है कि समय समय पर यह अतिक्रमण रोधी अभियान जारी रहेगा। इसे लेकर नरेला विधानसभा में आम नागरिकों व चालकों में खुशी का माहौल है तो वहीं, दूसरी तरफ सड़क पर दुकान लगाने वालें में गम का माहौल है। हाल ही में नरेला की पुरानी अनाज मंडी के सामने और अलीपुर मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया है। वहीं, कुछ जागरूक लोग इस एक्शन पर प्रशासन को लेकर मनमानी के आरोप भी लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी तंत्र मनमाने हिसाब से पीजा पंजा चला रहा है। यानि कहीं छोड़ा जा रहा है, तो कहीं तोड़ा जा रहा है।

वहीं, बता दें कि दिल्ली में अब ट्रिपल इंजन की सरकार और नरेला जोन की वार्ड समिति की कई बैठकों में नरेला जोन के मुख्य मार्गों पर होने वाले अतिक्रमण का मामला निगम पार्षद जोर शौर से उठा चुके हैं। बैठकों में मौजूद दिल्ली सरकार और निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश देने का असर अब सड़कों पर दिख रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि निगम में नए उपायुक्त राकेश कुमार जब पहली बार जोन उपायुक्त कार्यालय पहुंचे थे तो वह खुद करीब आधा घंटा जाम में फंसे रहे जिसके बाद भी ऐसा कदम उठाया गया है। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी में पदाधिकारी विनीत कुमार ने का कहना है कि हाल ही में नरेला जोन के उपायुक्त राकेश कुमार को कई क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी दी गई है और उन्होंने इन्हें हल करने का आश्वासन दिया है।

## अगले आदेश तक दिल्ली नगर निगम की समितियों के चुनाव स्थगित

**नई दिल्ली।** आगामी 21 और 22 मई को होने वाले दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति और वार्ड समितियों के चुनाव दिल्ली नगर निगम ने अगले आदेश तक टाल दिए हैं। शनिवार को निगम सचिव ने इस संदर्भ में नोटिस जारी करते हुए यह जानकारी दी है। इसके अलावा बता दें कि महापौर के अनुमोदन पर जारी नोटिस के अनुसार निगम की बैठक 21 मई 2025 को निगम मुख्यालय में निर्धारित समय पर होगी। वहीं, बता दें कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच मई में होने जा रहे वार्ड और स्थायी समिति के चुनाव को टालने की मांग की थी। इस बाबत शनिवार को अंकुश नारंग ने एमसीडी के महापौर राजा इकबाल सिंह और निगमायुक्त अश्विनी कुमार को पत्र लिखा है। अंकुश नारंग ने पत्र को एक्स पर साझा करते हुए कहा कि मैंने दिल्ली महापौर राजा इकबाल सिंह और निगमायुक्त अश्विनी कुमार से दरख्वास्त की है कि भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग को देखते हुए मई माह में होने वाले एमसीडी की स्थायी समिति और वार्ड कमेटी चुनाव स्थगित कर दिए जाएं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देवेश पुत्र चरण सिंह पता झुग्गी नं.1611, लोहिया कैंप, हैदरपुर, दिल्ली शालीमार बाग, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 36105/2022 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः नार्थ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **देवेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **देवेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 36105/2022 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना नार्थ रोहिणी दिल्ली के उक्त देवेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**ईब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**(नार्थ–वेस्ट) कोर्ट नं.107,**
**प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/5832/RD/2025

## खबर संक्षेप

### कायराना आतंकी हमला, विधानसभा में निंदा प्रस्ताव लाएगी 'आप': आतिशी

**नई दिल्ली।** आगामी 13 मई से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा सत्र में विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाएगा। साथ ही, इस हमले का जवाब दे रहे भारतीय सेना व सशस्त्र बलों को सम्मानित और नमन करने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव भी लाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने शनिवार को दी है। आतिशी ने बताया कि चांदनी चौक से आप' विधायक पुनर्दीप सिंह साहनी ने प्रक्रिया व कार्य संचालन नियम 107 के तहत दिल्ली विधानसभा के सचिव को निंदा प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया है, जबकि बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने भारतीय सेना व सशस्त्र बलों को सम्मानित व नमन करने का प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया है। आतिशी ने कहा कि पहलगाम में जो कायराना आतंकी हमला हुआ है, उसकी कड़ी निंदा करने के लिए हम यह प्रस्ताव लेकर आ रहे हैं।

### सीजफायर का प्रदेश भाजपा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीजफायर का स्वागत किया है और कहा है कि हम आशा करते हैं कि पाकिस्तान इस सीजफायर के प्रति ईमानदार रहेगा। सचदेवा ने कहा है कि भारत कभी भी आम पाकिस्तानी नागरिक के प्रति युद्ध नहीं करना चाहता था, हमारी लड़ाई पाकिस्तान सेना एवं सरकार के संरक्षण में पाकिस्तान की भूमि से चलते आतंकवाद से है। उन्होंने कहा है कि यह सीजफायर पाकिस्तान सेना एवं सरकार के लिए एक सुनहरी अवसर है और पाकिस्तान को अब अपने देश से आतंकवाद को बाहर करना चाहिए।

### भारतीय मजदूर संघ की घोषणा, भारत-पाक तनाव के चलते नहीं होगा धरना

**नई दिल्ली।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की दिल्ली इकाई ने बताया कि केंद्रीय कार्यसमिति (केकेएस) ने घोषणा की गई है कि भारत पाक के साथ चल रहे युद्ध जैसे हालातों को देखते हुए संकल्प ऑपरेशन सिंदूर को समर्थन देते हुए संघ के सभी धरने प्रदर्शन स्थगित किए जा रहे है। इसके अलावा केकेएस ने राष्ट्रीय मजदूर मोर्चा को पुनर्जीवित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अन्य समान विचारधारा वाले राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियनों से संपर्क करने का फैसला किया है, जिसकी स्थापना 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान इन प्रयासों में सरकार को अटूट समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी। संघ ने सीमा पार आतंकवाद से बिना किसी समझौते के निपटने के लिए निर्णय लेने और अडिग राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बीएमएस ने पाकिस्तान की टालमटोल वाली रणनीति की कड़ी निंदा की। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के युद्ध और कुपवाड़ा जिलों में नागरिक आवास क्षेत्रों पर भारी गोलाबारी की।

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में बुलाई बैठक

# आपदा स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रहे दिल्ली सरकार के सभी विभाग : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के सभी विभाग किसी भी आपदा स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें। यह निर्देश दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली सरकार के विभागों के प्रमुखों को दिए हैं। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को दिल्ली सचिवालय में सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक का उद्देश्य वर्तमान आपातकालीन स्थिति के लिए विभागीय तैयारियों का आकलन करना, विकास कार्यों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करना, विभागों द्वारा किये गए कार्यों का मूल्यांकन करना रहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजधानी में आपात स्थिति से निपटने के लिए एक बहुस्तरीय, समन्वित और सक्रिय रणनीति को लागू करने हेतु कई अहम निर्देश जारी किए। इसमें स्वास्थ्य शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों की पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है। इसमें एम्बुलेंस की उपलब्धता, दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण, गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) के लिए विद्युत बैकअप, और डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी रोस्टर को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना शामिल है। उन्होंने सभी चिकित्सा कर्मियों की छुट्टियां रद्द करने और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे केंद्रीय अस्पतालों के साथ समन्वय के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर सुविधाएं देना है। योजनाओं की सिर्फ घोषणा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और जनता तक लाभ पहुंचाना भी ज़रूरी है। सीएम ने बैठक के दौरान सरकार ने दिल्ली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सभी विभागों के प्रमुखों के साथ चर्चा की और उनके सफल क्रियान्वयन पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के प्रमुख बिंदु शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, अस्पतालों और दवाओं की उपलब्धता, पानी की समस्या, जलभराव, प्रदूषण, बुनियादी ढांचा विकास, शासन एवं प्रशासनिक सुधार, नागरिक शिकायत निवारण रहे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को वर्तमान आपातकालीन स्थिति के संदर्भ में अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का गहन आकलन करने का निर्देश दिए।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को तुरंत किया जाए सक्रिय

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए है कि वे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को तुरंत सक्रिय करें। इसके तहत आश्रय स्थलों की पहचान और तैयारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को आपात तैनाती के लिए तैयार रखा जाए।

### बिजली गुल होने पर बैकअप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्युत विभाग को बिजली गुल होने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और आवश्यक सेवाओं के लिए बैकअप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को जल आपूर्ति नेटवर्क की सुरक्षा, टैंकरों की तैनाती, और सभी पंपिंग स्टेशनों के लिए पूर्णकालिक विद्युत बैकअप की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए है।

### महत्वपूर्ण स्थलों की 24 घंटे की जाए सुरक्षा सुनिश्चित

सीएम ने सशस्त्र बलों, रेलवे और हवाई अड्डा प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया संभव हो सके। इसके अलावा गृह एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे महत्वपूर्ण अवसंरचना स्थलों की 24 सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

### डीटीसी और डीएमआरसी दें आपातकालीन निकासी की योजनाओं को अंतिम रूप

मुख्यमंत्री ने दिल्ली परिवहन निगम रऔर डीएमआरसी को निर्देशित किया है कि वे आपातकालीन निकासी योजनाओं को अंतिम रूप दें। दोनों एजेंसियों को संकट की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक त्वरित और सुनियोजित ढंग से पहुंचाने के लिए स्पष्ट एसओपी, रूट मैप्स और फ्लीट प्रबंधन योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया की शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ विद्यालयों और कॉलेज परिसरों को अस्थायी शरणस्थलों के रूप में उपयोग करने के लिए तैयार रखें।

### भारत-पाक तनाव के बीच एलजी ने बुलाई सर्व धर्म सभा, कहा मिलकर देंगे एकता का परिचय

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हिन्दुओं के नरसंहार के बाद पैदा हुए भारत पाक तनाव व गोलीबारी के बीच उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजनिवास में सर्व धर्म सभा बुलाई। इस मौके पर सक्सेना के अलावा दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और दिल्ली के मुख्य सचिव सहित विभिन्न धर्मों के धर्म गुरू आदि मौजूद थे। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि इस विषम समय में सभी धर्म के लोगों को एक साथ मिलकर एकता का परिचय देना है, क्योंकि हम सब एक है। उन्होंने कहा कि बेशक भारत में विभिन्न धर्मों, वर्गों, जाति आदि से संबंधित होने के चलते उनकी वेशभूषा, भाषा आदि अलग हो। लेकिन हम सबकी पहचान केवल एक है और वह है भारतीय होना। यही हमारी प्राथमिक और सर्वोच्च पहचान का स्वरूप है। भारतीय और पूरा देश, जाति, समुदाय या पंथ से परे आतंकवादी तत्वों और एक आक्रामक पाकिस्तानी सेना के खिलाफ सशस्त्र बलों के साथ एकजुट है। इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएम रेखा गुप्ता से लेकर अन्य वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि धर्म पंथ मजहब बेशक अलग हो, लेकिन हम सब एक है। हम सब इस समय भारत के साथ है हमारी सेना जो पराक्रम दिखा रही है वह अतुलनीय है।

## बेरोजगार बस मार्शलों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पिछली दिल्ली सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार हुए दिल्ली सिविल डिफेंस के बस मार्शलों के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अपनी मांगों को लेकर दिल्ली सचिवालय में मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा पीड़ति बेरोजगार मार्शल मुकेशपाल सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र कुमार राय, रोहित डीलर, संदीप लोधी, विनोद कुमार पाल, गीता, अमिता मेहरा, सोनू मलिक, मोहसिन मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम आपका दुख भली भांति जानते हैं और हम आप सभी को रोजगार देने की दिशा में काम कर रहे हैं। आपके रोजगार के विषय में एक फाइल हमने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को भेजी है और मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए बताया कि फाइल में हमने यह बात स्पष्ट रूप से लिखी है कि समस्त दिल्ली सिविल डिफेंस बेरोजगार मार्शलों को रोजगार सुनिश्चित करें तथा किसी भी विभाग में रोजगार सुनिश्चित करें, तथा मुख्यमंत्री का स्पष्ट रूप से कहना है कि हम यथाशीघ्र जल्द से जल्द रोजगार सुनिश्चित कर रहे हैं। सीएम को मार्शलों ने बताया कि दिल्ली सरकार के 39 विभागों में 10,792 बेरोजगार सिविल डिफेंस कर्मी है जिसमें 8574 बस मार्शल की संख्या है। सभी बातों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि हम जल्द से जल्द आपको रोजगार सुनिश्चित कर रहे है।

## संकट की घड़ी में भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है दिल्ली विश्वविद्यालय : प्रो. योगेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ जारी तनावपूर्ण स्थितियों के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है और ऐसे समय में दिल्ली विश्वविद्यालय भी भारत सरकार को हर संभव समर्थन और सहयोग देगा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद (एसी) की 1022 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस संदर्भ का प्रस्ताव शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद (एसी) की 1022 वीं बैठक के दौरान पारित किया गया। कुलपति ने कहा कि देश में युद्ध जैसे हालातों के बीच लड़ाई लड़ने वाले जवानों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी यह कठिनाई का समय है। ऐसे में सभी लोगों और संस्थाओं को हमारी जांबाज सेना और सरकार के साथ खड़े होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में दिल्ली विश्वविद्यालय भी भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। अकादमिक परिषद की इस बैठक में शून्य काल के दौरान चर्चा करते हुए कुलपति ने सभी संबंधित कॉलेजों के प्रिंसिपलों को कहा कि वह गेस्ट टीचर रखने की बजाए खाली पदों पर अति शीघ्र विज्ञापन जारी करके स्थायी नियुक्तियों को प्राथमिकता दें। प्रत्येक कॉलेज अपने यहां खाली अथवा निकट भविष्य में किसी रिटायरमेंट के कारण खाली होने वाले पद के प्रति समय पर कार्रवाई करते हुए साल में कम से कम एक या दो बार नियुक्ति प्रक्रिया को अपनाएं।

दिल्ली सरकार से जुड़े 12 कॉलेजों में नियुक्ति प्रक्रिया जारी करने के एक प्रश्न पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली सरकार के साथ बात चल रही है; जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है। बैठक के आरंभ में ज़ीरो ऑवर के दौरान परिषद के सदस्यों ने अनेकों मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

### छतरपुर मंदिर में भारतीय सेना की कामयाबी के लिए विशेष पूजा पाठ का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत पाक तनाव के बीच आद्या कात्यायनी शक्तिपीठ छतरपुर मंदिर में भारतीय सेना की कामयाबी के लिए विशेष पूजा-पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंदिर में मां से भारतीय सेना की सुरक्षा और विजय की कामना की गई। जानकारी अनुसार छतरपुर मंदिर के सीईओ डॉ. किशोर चावला ने बताया कि यह आयोजन संतों और श्रद्धालुओं की प्रेरणा से शुरू किया गया है। जिसमें मां दुर्गा, भगवान हनुमान और भगवान विष्णु की कृपा से भारतीय सेना को शक्ति, सफलता और सुरक्षा प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि इस अनूठी पहल ने भारतीय संस्कृति की उस भावना को दर्शाया है जिसमें आध्यात्मिक शक्ति से राष्ट्र रक्षा को समर्थन दिया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशेष पूजा में प्रतिदिन मां जगदम्बा दुर्गा की सप्तशती का पाठ किया जा रहा है, जिसमें माँ दुर्गा से रक्षण और विजय की कामना की जाती है। इसके अलावा हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है, ताकि सेना को संकट से उबरने की शक्ति प्राप्त हो। जबकि विष्णु सहस्त्रनाम का जाप कर राष्ट्र की रक्षा और संतुलन के लिए प्रार्थना की जा रही है। छतरपुर मंदिर में शांति पाठ और भूदेवी स्तुति भी की जा रही है ताकि विश्व में विशेषकर भारत में शांति बनी रहे और भारत भूमि की समृद्धि के लिए प्रार्थना की जा रही है।

## भारतीय सेना के समर्थन में तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगी दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर आज रविवार को कर्तव्य पथ पर तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगी। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार यह तिरंगा यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में, भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य के सम्मान में और उनके मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।



दिल्ली सरकार ने आमजन से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर भारतीय सेना का हौसला बढ़ाएं। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें और देश के वीर जवानों को अपना समर्थन दें। 'तिरंगा यात्रा' आज रविवार को शाम चार बजे विजय चौक से शुरू होगी। दिल्ली सरकार ने कहा कि देश के सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का यह अनूठा अवसर ना गवाएं।

## दिल्ली सरकार ने 2025-26 के लिए 10वीं कक्षा में प्रवेश हेतु जारी किये दिशानिर्देश

# एनआईओएस 10वीं कक्षा में 31 जुलाई तक लिया जा सकता है प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से 10वीं कक्षा में दाखिले के लिए इच्छुक सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकते हैं। गौरतलब है कि शिक्षा निदेशालय ने अकादमिक वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से 10वीं कक्षा में दाखिले को इच्छुक सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के पंजीकरण के लिए दिशानिर्देश जारी किये हैं। शिक्षा निदेशालय ने एक सकुर्लर में कहा गया है कि यह कदम एनआईओएस परियोजना का हिस्सा है जिसका उद्देश्य नियमित स्कूल परीक्षाओं में बार-बार असफल होने वाले विद्यार्थियों के बीच में पढ़ाई छोड़ देने की प्रवृत्ति को रोकना और उन्हें मुक्त विद्यालयी शिक्षा के माध्यम से औपचारिक शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करना है। शिक्षा निदेशालय के सकुर्लर के अनुसार, शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत आने वाले सरकारी विद्यालयों के जिन विद्यार्थियों को पिछले सत्र (2024-25) तक नौवीं या 10वीं कक्षा में कम से कम दो बार 'विफल' घोषित किया गया हो या 'पूरक परीक्षा' में रखा गया हो, वे एनआईओएस कक्षा 10 कार्यक्रम के लिए पंजीकरण के पात्र हैं। लेकिन जो विद्यार्थी 2024-25 सत्र में पहली बार अनुत्तीर्ण हुए हैं या उन्हें 'पूरक परीक्षा' मिला है, वे इस योजना के तहत पात्र नहीं हैं और उन्हें अपने मौजूदा विद्यालयों में पढ़ाई जारी रखने की सलाह दी जाती है। सकुर्लर में कहा गया है कि केवल संबंधित विद्यालय द्वारा जारी वैध स्कूल त्याग प्रमाण पत्र (एसएलसी) वाले विद्यार्थी ही इस पंजीकरण के लिए पात्र हैं। विद्यालयों के प्रमुख पात्र विद्यार्थियों की पहचान करने, उनसे संपर्क करने और उनका नामांकन करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पंजीकरण से पहले एमआईएस मॉड्यूल में प्रविष्टियां अद्यतन की गई हों। परिपत्र में पंजीकरण की प्रक्रिया का भी उल्लेख किया गया है। उसमें यह भी बताया गया है कि दिल्ली में लगभग 75 निर्दिष्ट अध्ययन केंद्रों में कक्षाएं संचालित की जाएंगी। विद्यार्थी दो भाषाएं चुन सकते हैं। उन्हें सामाजिक विज्ञान अनिवार्य विषय के रूप में और प्रायोगिक परीक्षा वाले दो अन्य विषय लेने होंगे।

## जन सुनवाई...



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को दिल्ली के 14 पंत मार्ग स्थित दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप


### अनिल खुटेला पुनः जिला प्रवक्ता बने

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश में जिला प्रवक्ताओं के संगठन का विस्तार करते हुए जननायक जनता पार्टी ने शनिवार को फरीदाबाद में पार्टी एवं मीडिया के साथ तालमेल रखने वाले अनिल खुटेला को 5 वीं बार जजपा ने जिला प्रवक्ता की कमान सौंपी है। अनिल खुटेला ने अपनी इस नियुक्ति पर जजपा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला आदि।



### पुलिस व बदमाश के बीच चली गोलियां, एक घायल

**गाजियाबाद।** थाना टीलामोड़ पुलिस ने शुक्रवार की रात में सिविल एयर पोर्ट को जाने वाली सड़क पर डिफेंस कट के पास मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के शिवाजी गली पंडित पार्क घोडली गांव निवासी यह बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुआ है।



### आरोपी ने लैपटॉप चुराया दस हजार रुपए निकाले

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में अज्ञात ने स्कॉर्पियो में सो रहे मूर्तिकार का मोबाइल, लैपटॉप व ड्रिल मशीन चोरी कर ली। यही नहीं आरोपी ने चोरी किए गए मोबाइल से फोनपे के जरिए दस हजार रुपए की ट्रांजैक्शन भी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के जयपुर निवासी राजेन्द्र कुमार ने कहा कि मूर्तिकार है। बीती 5/6 मई की रात को वह अपनी स्कॉर्पियो से दिल्ली से जयपुर जा रहा था। गुड़ागव के पचगांव चौक से निकट एक होटल के सामने उसने गाड़ी रोकी और नींद आने के चलते सो गया।



# सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह ने बखूबी निभाए सैन्य दायित्वः राजीव जेटली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल घरौंडा में शनिवार को मदर्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे अधिकतर बच्चों की माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी बेहतर उपस्थिति दर्ज कर पुरस्कार प्राप्त किए। वहीं इस दौरान माताओं के साथ विद्यार्थियों के विकास और शिक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर मां की महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। वहीं विद्यालय में दी जा रही वर्तमान सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने की। कार्यक्रम में छात्राओं को मोटिवेशन के लिए सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह द्वारा देश के लिए निभाने वाली भूमिका की महत्ता के बारे में बताया।

**खास बातें**

- मां की महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी
- प्रतियोगिता में बच्चों की माताओं ने भाग लिया
- मदर्स डे पर खुले दिल से प्रशंसा की गई



## मदर्स डे का आयोजनः मां ही बच्चों में डालतीं है संस्कारः यादव

इस कड़ी में राजीव जेटली ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय में उपस्थित माताओं, अध्यापक व विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस विद्यालय के शुभारंभ पर पहुंचे थे उस समय विद्यालय की तरफ से वादा किया गया था कि छात्राओं को निःशुल्क दाखिला दिया जाएगा। जिस वादें पर आज भी विद्यालय खड़ा है। यह अपने आप में गौरव की बात है। वहीं उन्होंने मुख्य रूप से माताओं के मोटिवेशन के लिए रखें गए मदर्स डे का खुले दिल से प्रशंसा की। इसी क्रम में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि मां ही सबसे पहला गुरु होती है। इसलिए बच्चों की मां को उनके करियर और विकास पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चा क्या चाहता है।

### बच्चों के आहार से लेकर स्वास्थ्य का ध्यान रखती है मां

इसी क्रम में चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि मां की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मां प्राथमिक गुरु के साथ बच्चे की देखभाल करती है। बच्चें के आहार से लेकर उसके स्वास्थ्य व स्वच्छता का ध्यान रखती है। वहीं विद्यालय प्रिंसिपल रेखा मलिक ने कहा कि सभी माताएं अपने बच्चों पर गहरी नजर रखें उनको मजबूत बनाने के लिए शौर्य और बलिदान की कहानी सुनाएं। ताकि वे अपने परिवार के साथ देश का नाम रोशन करें।

### शॉल और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की तरफ से मुख्य अतिथि राजीव जेटली को चेयरमैन धर्मपाल यादव ने शॉल तो सम्मी यादव ने स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। जबकि प्रधानाचार्य रेखा मलिक ने विद्यालय में पहुंचे अतिथि व माताओं का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली उपायुक्तों की बैठक

# प्रशासन अलर्ट, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारी पूरीः सीएम नायब सिंह

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि फायर, खाद्य पदार्थ व पावर कट संबंधी समस्याएं न हों, जनसंख्या के अनुसार सुनिश्चित होंगे संसाधन, गलत सूचनाओं के प्रसार पर कसें नकेल, मीडिया व अन्य लोग समझे जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

आपातकाल, खास तौर पर हमले या आपदा के दौरान जानमाल की सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं के लिए नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत और समन्वित बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। इस दौरान सीएम ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक के पश्चात डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सीएम निर्देशों के अनुसार हाई राइज बिल्डिंग में लोगों को ब्लैक आउट के समय जरूरत अनुसार लिफ्ट जैसी सुविधा सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा।

इसके अलावा खाद्य पदार्थों की कालाबाजारी न हो, तय दर पर ही सामान की खरीद निर्धारित की जाएगी। इसी तरह फायर ब्रिगेड की गाड़ी ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित समय में ही पहुंचने का प्रावधान सुनिश्चित किया जाएगा। लोगों की मदद के लिए 24 घंटे चालू रहने वाले हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे। किसी भी स्थिति में लोगों में भय व पैनिक न हो यह जिला स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा। गांवों व शहरों में लोगों की मदद के लिए जनसंख्या अनुसार रिसोर्स सुनिश्चित किए जा रहे हैं। अस्पतालों में जरूरी दवा, निजी सरकारी संस्थानों का आपसी समन्वय सुनिश्चित किए जाए। ब्लैक आउट की स्थिति में पुलिस विजिलेंस निर्धारित किया जाएगा। हर स्थिति की जानकारी जिला स्तर पर उपायुक्त की ओर से दी जाएगी।



### जिले में शुरू होगी तिरंगा यात्रा

लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा शुरू की जाएगी। इसकी तैयारी भी जिला स्तर पर जल्द शुरू होंगी। इस दौरान लोगों को देश भक्ति का महत्व व अन्य जानकारी दी जाएगी।

**स्वयंसेवी बनने के लिए होगा पंजीकरण, लगेंगे ट्रेनिंग कैंप-** आगामी 12 मई से स्वयंसेवी बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जाएंगे। इस दौरान कैंप लगाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा कि प्रशिक्षण आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से पेशेवर व व्यवहारिक हो।

### गलत सूचनाओं के प्रसार पर कसें नकेल, मीडिया व अन्य लोग समझे जिम्मेदारी

गलत सूचनाओं के किसी भी माध्यम से प्रेषित करने पर प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ऐसे में उपायुक्त ने लोगों से आग्रह किया कि राष्ट्र सुरक्षा व नागरिकों के नैतिक कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए फेक न्यूज के प्रचार प्रसार से बचें। किसी भी स्तर पर असत्यापित जानकारी पर न तो भरोसा करें न ही उसका प्रचार प्रसार करें। ऐसा करने पर प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान एडीसी साहिल गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम बडखल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

**भगवान परशुराम का जन्मोत्सव व कार्यक्रम आयोजित**

## भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाए मार्ग का अनुसरण करेंः मंत्री गोयल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन से पूर्व ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए मां भारती पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की आत्मा शांति के लिए हवन यज्ञ भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, हरियाणा पंजाब बार काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा व पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा के अलावा सभी अधिवक्ताओं ने वीर शहीदों की आत्मा शांति के लिए यज्ञ में आहुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा पंजाब बर काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन पंडित ओपी शर्मा ने की। मंच का संचालन अधिवक्ता ओम दत्त शर्मा ने किया।

### परशुराम न्याय दिलाने के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का ही उपयोग करते थे

कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि भगवान परशुराम की सोच समाज के सभी वर्गों के साथ सामान्य न्याय करने की रही थी भगवान परशुराम न्याय दिलाने के लिए शास्त्र और शास्त्र दोनों का ही उपयोग करते थे। भगवान परशुराम ने जहां भगवान श्री राम को दुराचारियों का समूल नाश करने के लिए अपना धनुष दिया वहीं दानवीर कर्ण को शस्त्र विद्या दी। आज के परिदृश्य में भी भगवान परशुराम की सोच की नितांत आवश्यकता है।

### सभी ने ऑपरेशन 'सिंदूर' की प्रशंसा की

अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए हरियाणा पंजाब बार काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन ओपी शर्मा ने कहा कि हम अगर पिछले हजारों वर्ष के इतिहास पर गौर फरमाए तो ऐसा कोई भी व्यक्तित्व नजर नहीं आएगा जो की आजीवन अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे और पीड़ितों को न्याय दिलाते रहे। अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वह भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा दिखाई गए मार्ग का अनुसरण करें तथा जहां भी अन्य नजर आए वहां उसका सिर्फ प्रतिकार ही न करें बल्कि अन्याय करने वाले को दंड दिलाने में भी अपनी महती भूमि का अदा करें।

## फरीदाबाद में अलग-अलग मामलों में 4 आरोपी गिरफ्तार, 4 देसी कट्टा भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। क्राईम ब्रांच सेक्टर-30, सैंट्रल, डीएलएफ व क्राईम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 4 आरोपियों को 4 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 ने आकाश निवासी गांव पांखल फरीदाबाद को नैकपुर पाली रोड से एक देसी कट्टा सहित अपराध शाखा सेंट्रल ने अर्जुन वासी गांव जसाना तिगांव को बाईपास रोड सेक्टर 32 से एक देसी कट्टा सहित अपराध शाखा डीएलएफ ने टीका थापा निवासी राजीव कॉलोनी सेक्टर-56 फरीदाबाद को राजीव कॉलोनी से एक देसी कट्टा सहित तथा अपराध



शाखा सेक्टर 65 ने सतेंद्र वासी सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ को सुभाष कॉलोनी से एक देशी कट्टा सहित काबू किया। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आरोपी आकाश से पूछताछ में पता सामने आया कि देशी कट्टा अपने दोस्त से लिया था। आकाश पर पूर्व में हत्या का मामला दर्ज है तथा 5 साल की सजा काट चुका है। आरोपी अर्जुन ने बताया कि उसे अपने गॉव में शादी के दौरान देसी कट्टा पड़ा मिला था जिसे आरापी ने अपने पास रख लिया था। आरोपी टिका थापा से पूछताछ मे सामने आया कि देशी कट्टा रेलवे स्टेशन बल्लभगढ से किसी व्यक्ति से 4000 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व मे चोरी व आम्र्स एक्ट सहित 7 मुकदमे दर्ज है। आरोपी सतेंद्र ने बताया कि वह देशी कट्टा को अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से 6000 रुपए मे लेकर आया था।

जिला अध्यक्ष ने एनआईटी मंडल अध्यक्षों के प्रवास पहुंचकर की मुलाकात

# संगठन की मजबूती के लिए मंडलों में प्रवास जरूरीः सोहन पाल सिंह

### मुलाकात का उद्देश्य संगठन को और गहराई से मजबूत करना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ भाजपा के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने संगठन को मजबूत करने की मुहिम के तहत एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों के निवास पर पहुंचकर उनसे और उनके परिवारजनों से स्नेहपूर्वक मुलाकात की। इस दौरान छोकर ने एनआईटी क्षेत्र के डबुआ मंडल अध्यक्ष श्रीमती गीता शर्मा, जवाहर कॉलोनी के मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार, गौंछी मंडल अध्यक्ष प्रदीप दायमा, पाली मंडल अध्यक्ष संदीप भड़ाना निवास पर पहुंचे।

भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ता है और मजबूत संगठन के लिए कार्यकर्ताओं का एकजुट होना और आपस में समन्वय होना जरूरी है।



सोहनपाल ने कहा कि मंडल प्रवास भी संगठन को मजबूत करने की एक सराहनीय पहल है, इसके द्वारा हम न केवल मंडल अध्यक्षों बल्कि उनके परिवारजनों व मित्रजनों से भी मिलते है, जिससे संगठन को बल मिलता है क्योंकि हर मोर्चे पर भाजपा मंडल परिवार पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते है, इस स्नेहपूर्वक मुलाकात का उद्देश्य संगठन को और गहराई से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज मंडल प्रवास के तहत एनआईटी विधानसभा के मंडलों में प्रवास किया गया और निचित रुप से यह आत्मीय संवाद संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत करेगा। सोहनपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में मंडल अध्यक्ष संगठनात्मक संरचना की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं और पार्टी सदैव इन्हें पूरा मान-सम्मान देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पृथला और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडलों का प्रवास कार्यक्रम सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से अनुराग गर्ग, उदय तोमर मौजूद रहे।

## पचास लाख की अवैध चरस सहित दो काबू

**गुरुग्राम।** पालम विहार क्राइम ब्रांच ने करीब पचास लाख रुपए की अवैध चरस सहित दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपी चरस की खेप को मनाली से लेकर गुरुग्राम में सप्लाई करने के लिए आए थे। पुलिस ने आरोपियों से एक किलो 361 ग्राम अवैध चरस, सात लाख रुपए व एक कार बरामद कर उनके खिलाफ थाना मानेसर, गुरुग्राम में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। दरअसल, पालम विहार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि पचगांव के निकट अवैध चरस सप्लाई के लिए लाई जा रही है। जिस पर टीम ने जाल बिछाते हुए नाकाबंदी की और एक कार को रोका। कार में चालक के साथ एक युवक और था। तलाशी लेने पर पुलिस को कार से एक किलो 361 ग्राम अवैध चरस, सात लाख रुपए मिले। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया। आरोपियों की पहचान रेवाड़ी के राजेश (48 वर्ष) व मुकेश (38 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राजेश रेवाड़ी में टैक्सी चालक है। जबकि आरोपी मुकेश दिल्ली से स्पेयर पार्ट्स लाकर रेवाड़ी में बेचने का काम करता है। आरोपी यह चरस मनाली से लेकर आए थे और गुरुग्राम में सप्लाई करने वाले थे।

होटल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज

# पुलिस को सूचना दिए बिना गेस्ट हाउस में ठहराए पचास विदेशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

सेक्टर-31 स्थित एक गेस्ट हाउस में बिना सी फार्म के करीब 50 विदेशी नागरिकों को ठहराने का मामला सामने आया है। गेस्ट हाउस में ठहरे लगभग 50 नागरिक मॉरीशस के रहने वाले हैं और गुरुग्राम के अस्पतालों में इलाज कराने के लिए अपने परिवार वालों के साथ आए हुए हैं। पुलिस ने गेस्ट हाउस के संचालक के खिलाफ सेक्टर-40 थाना में विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

सेक्टर-31 स्थित ओमका मेडिकल गेस्ट हाउस में जांच के दौरान रजिस्टर जांचने पर काफी संख्या में विदेशी नागरिकों की एंट्री मिली। जांच में पता चला कि ये सभी विदेशी नागरिक मॉरीशस के रहने वाले हैं। गेस्ट हाउस संचालक रवि कुमार से इन विदेशी नागरिकों को ठहराने के संबंध में फार्म-सी प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस जांच में सामने आया कि गेस्ट हाउस में केशव बालकिशन, दीक्षा बाल किशन, बीबी जरीन लटोना, बीबी नाजलाई लुखो, अली नदीम लुखो, जरा जमालखान, धर्मेन्द्र दुबरा, डीमोटी दुबरा, पूजा देवी दुबरा जालिम, महमूद रिसाद खुदाबक्श, बीब रोजईदा खुदाबक्श, अब्दुल अजाद खुदा, बीबी रिजोनिदिया, बीबी जुलेखा जेन्डु, मोहम्मद नुरानी, अनबर हुसैन, इकबाल मौसिब, सहिदा तुननिशा, बीबी नसीम, मोहम्मद राईजा, अबदोश शामद, बी फरदिना, मोहम्मद जाइन नाफुल रिहान, मोहम्मद अनाश, योगेश शिवदत्त, नासरिन शिवदत्त, अदबीलाल, नौसाइहिया, बीबी नसीम बानु और तुवाले बौद्धिन ठहरे हुए हैं। पुलिस टीम द्वारा सभी विदेशी नागरिकों के दस्तावेज जांचे तो उनके पासपोर्ट व वीजा वैध मिले। जांच अधिकारी ब्रिज मोहन ने बताया कि गेस्ट हाउस में ठहरे सभी विदेशी नागरिकों के दस्तावेज वैध पाए गए हैं।

**In The Court Of XVII Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Bhopal**

Presiding Officer : शिरिष कैलाश शुकुल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0001345/2024)
सुनील कुमार कुंभारे .................. वादी
Vs
नेम सिंह .................... प्रतिवादी
Process Id-53/2025
पेशी दिनांक :- 09/07/2025

प्रेषिती- (1) नेम सिंह पिता एनम सिंह पता-नागला गुलाल उरवार मंडावा जिला फरीदाबाद हरियाणा

यह कि प्रार्थी सुनील कुमार कुंभारे ने आपके विरूद्ध धारा 166 मोटरयान अधिनियम के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश, शिरिष कैलाश शुकुल
सत्रहवें जिला न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)

# तिगांव के मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल बने हंसराज, पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

तिगांव के मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में काफी समय से खाली पड़े प्रधानाचार्य के पद पर हंसराज ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। तिगांव में स्थित मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पिछले काफी समय से प्रधानाचार्य का पद रिक्त था इस विद्यालय में आसपास के लगभग 20 गांवो के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन प्रधानाचार्य के अभाव में विद्यालय का काम सही तरीके से नहीं चल रहा था। अब हंसराज के प्रिंसिपल बनने तथा पदभार ग्रहण करने के बाद गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। ज्ञात रहे



हंसराज की स्कूली शिक्षा इसी विद्यालय से की थी और 2014 से 2022 तक इन्होंने इसी विद्यालय में अंग्रेजी प्राध्यापक के पद पर रहकर बच्चों को पढ़ाया है। उनके प्रिंसिपल बनने से विद्यार्थियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। हंसराज के प्रिंसिपल बनने व पदभार ग्रहण करने के उपरांत विद्यालय स्टाफ तथा गांव के मौजिज लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर तथा बुके देखकर सम्मानित किया और बधाई दी।

### तेज रफ्तार गाड़ी ने किसान को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया के ताजनगर में तेज रफ्तार वाहन ने खेत से घर की ओर आ रहे एक किसान को कुचल दिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव ताजनगर के करण ने कहा कि उनके पिता समय सिंह खेती करते हैं। बीती एक मई को वे ताजनगर स्थित खेतों से पैदल घर की ओर आ रहे थे। ताजनगर मंदिर के निकट पीछे आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी।

टास्क पूरा करवाने के नाम पर 6 लाख 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी

# ठगी करने के मामले में दो आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने आरोपी दीपक व अभिषेक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेन्ट्रल में न्यू बसेलवा कालोनी ओल्ड फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास वाट्सएप पर मैसेज आया। जिसमे आनलाईन टास्क के रुप में रेटिंग कर पैसा कमाने बारे बताया गया था। पहली टास्क को पूरा करने के बाद अकाउंट में 203 रुपए प्राप्त हुए, जिसके बाद ज्यादा पैसे कमाने के लिए शिकायतकर्ता को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा



गया। इसके उपरांत शिकायतकर्ता से टास्क के रुप में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 6,80,800 रुपए निवेश करा लिए। जब शिकायतकर्ता ने पैसे निकालने चाहे तो नही निकाल पाया। इस तरह शिकायतकर्ता के साथ ठगी हुई। जिस पर साइबर थाना सेन्ट्रल में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक व अभिषेक निवासी जोधपुर राजस्थान को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दीपक खाताधारक है जिसने अपना खाता कमीशन के लालच मे आकर आगे अभिषेक को दे दिया था तथा अभिषेक ने यह खाता आगे ठगों को दे दिया था। दोनों आरोपी दोस्त है दीपक ने स्नातक की हुई है तथा अभिषेक बाहरवी पास है। खाते में ठगी के कुल 6100 रुपए आए थे। आरोपियों को आगामी पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# सीएम योगी ने किए रामलला के दर्शन, सेना के लिए युवाओं से की खास अपील

मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में राम और हनुमान का दर्शन कर संत रविदास मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने युवाओं से देश और सेना के प्रति समर्पित रहने की अपील की।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमान जी और प्रभु राम का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद संत रविदास मंदिर स्थित सत्संग भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के युवाओं से बड़ी अपील की है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के समय में जब देश की सीमाओं पर जवान डटे हुए हैं, अयोध्या से एक बुलंद संदेश गूंजा है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है।

**खास बातें**

- अयोध्या से एक बुलंद संदेश गूंजा है, जो सीएम योगी ने दिया
- संत रविदास मंदिर का उद्घाटन किया
- सीएम योगी ने अयोध्या में राम और हनुमान का दर्शन किया



### देश व सेना के प्रति समर्पित रहे युवा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राम जन्मभूमि में दर्शन-पूजन किया और सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में आरती उतारी। इसके बाद हनुमान कुंड स्थित संत रविदास मंदिर से उन्होंने देशवासियों, खासकर युवाओं से भावुक अपील की। सीएम योगी ने कहा कि इस समय हर भारतवासी को देश और सेना के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सीमा पर जवान जान हथेली पर रखकर देश की रक्षा कर रहे हैं, तब हमें भी अपने स्थान पर राष्ट्र सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

**जब अयोध्या नगरी जागती है तो देश जागता है**

### कुछ कर दिखाने का जज्बा रखें

युवाओं से कहा कि वे देश के लिए जीने और कुछ कर दिखाने का जज़्बा रखें, क्योंकि अभी वही समय है जब राष्ट्र को उनकी संकल्प और समर्पण की सबसे ज्यादा ज़रूरत है। सीएम योगी ने कहा कि राम नगरी से उठने वाली आवाज़ सिर्फ आध्यात्मिक ऊर्जा नहीं है, यह राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है। जब अयोध्या जागती है, तो देश जागता है। अब समय आ गया है कि हम सब, खासकर युवा पीढ़ी, अपने देश, सेना और धर्म के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहें।

**खबर संक्षेप**

### वैष्णो देवी जाने वाले 1300 लोगों का टिकट रद्द



अलीगढ़। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैष्णो देवी जाने वालों ने बुक कराईं टिकटें रद्द कर दी हैं। अब तक ट्रेन की 1300 टिकटें रद्द हो चुकी हैं। सड़क मार्ग से जाने वालों ने यात्रा स्थगित कर दी है। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन से कटरा तक की सीधी ट्रेन के लिए टिकट बुकिंग करने वाले संजय गुप्ता कहते हैं कि वैष्णो देवी के कटरा रेलवे स्टेशन के लिए बुक की गई टिकटों के रद्द होने की संख्या बढ़ रही है।

### दो माह की रोकी सैलरी लिपिक ने खाया जहर



मुरादाबाद। अफसरों की प्रताड़ना के चलते सदर तहसील में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात कुलदीप ने अपने दफ्तर में जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचे कर्मचारी नेता का आरोप है कि अधिकारी कुलदीप को प्रताड़ित कर रहे थे। कुलदीप की दो महीने की सैलरी रोक दी गई और उसकी बहन की तबीयत खराब होने पर उसे छुट्टी भी नहीं दी गई थी।

### कार्यसमिति गठन का काम जल्द पूरा करने के निर्देश

# मिशन 2027 के लिए दलितों को साधने में जुटी भाजपा, वोट बैंक बढ़ाने का प्रयास

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर पार्टी ने महसूस किया कि विपक्ष के संविधान बचाओ के मुद्दे से पार्टी को इस चुनाव में नुकसान हुआ। जिसके बाद से पार्टी अपने कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति को किसी न किसी रूप में लगातार जोड़ने का काम कर रही है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज रहने के प्रयास में लग गई है। भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में कहीं से भी कोई चूक नहीं चाहती है। इसके लिए पार्टी संगठन के स्तर पर कई कवायदें की जा रही हैं।

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में कमजोर कड़ी के रूप में सामने आए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष मुहिम शुरू की गई है। हर जिले में अनुसूचित जाति संवाद और इस वर्ग के मतदाताओं तक भाजपा की बात पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है।

**खास बातें**

- प्रदेश महामंत्री संगठन ने हर जिले में अनुसूचित जाति संवाद शुरू किया
- भाजपा पदाधिकारी व नेता दलितों से संपर्क कर उन्हें पार्टी से जोड़ेंगे



### दलित मतदाताओं को समय देंगे नेता

संगठनात्मक कार्यक्रमों के बीच पार्टी ने अब हर जिले में अनुसूचित जाति संवाद का कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह खुद जा रहे हैं। पार्टी से जुड़े अनुसूचित जाति के पदाधिकारियों वे नेताओं के साथ बैठकें कर उन्हें दलित मतदाताओं के बीच अधिक से अधिक समय देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### सामाजिक समीकरणों को साधने का लक्ष्य

*पार्टी ने साथ ही राज्य के सभी 1918 मंडलों में मंडल कार्यसमिति के गठन में सामाजिक समीकरणों को साधने का लक्ष्य रखा है। 2024 लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर पार्टी ने महसूस किया कि विपक्ष के संविधान बचाओ के मुद्दे से पार्टी को इस चुनाव में नुकसान हुआ। जिसके बाद से पार्टी अपने कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति को किसी ना किसी रूप में लगातार जोड़ने का काम कर रही है।*

### समझाएंगे, विपक्ष करती है प्रोपेगंडा

इस दौरान पार्टी के नेता व पदाधिकारी उन्हें यह समझाएंगे कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों के भारत का निर्माण हो रहा है। अनुसूचित वर्ग के आर्थिक व सामाजिक उन्नति का काम किया जा रहा है। राजनीतिक भागीदारी दी जा रही है। बताएंगे कि कांग्रेस व सपा ने कैसे अनुसूचित जाति का शोषण किया है। यह समझाने का काम करेंगे कि अनुसूचित जाति का वोट हासिल करने के लिए विपक्ष की ये पार्टियां कैसे प्रोपेगंडा करती हैं, विपक्ष की चालबाजियों से बचने की अपील करेंगे। मिशन 2027 के लिए पार्टी ने सभी 1918 मंडलों की समितियों के गठन में सामाजिक समीकरणों को साधने का फार्मूला तय किया है। मंडल की कार्यसमिति 61 सदस्यीय होगी। जिसमें 15 पदाधिकारी और शेष सदस्य होंगे। मंडल कार्यसमिति में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिला के साथ ही अन्य सभी वर्गों को समुचित प्रतिनिधित्व देने का निर्देश पार्टी ने दिया है। जिन मंडलों में मंडल अध्यक्ष बना दिए गए हैं वहां पर कार्यसमिति गठन का काम जल्द पूरा कर लेने के निर्देश दिए गए हैं।

### पाक के खिलाफ ऑपरेशन पर ललन सिंह बोले

# आपकी मांग का सिंदूर पीएम मोदी की ताकत



एजेंसी ▶▶ मुंगेर

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने मुंगेर के तेलियाडीह के खरबा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की ओर से चलाया जा रहा आपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि आपके मांग सिंदूर की लाज देश के प्रधानमंत्री ने रखा है। आपकी मांग की सिंदूर ही उनकी ताकत है। उन्होंने कहा श्रीनगर के पहलगाम में जिस प्रकार पर्यटकों की हत्या कर कई महिलाओं के मांगों को सूना किया गया। उस पाक को ऑपरेशन सिंदूर से इसकी सजा मिलनी शुरू हो गई है।

### जन संवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से हुए रूबरू

मुंगेर के जदयू सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ़ ललन अपने दौरे के क्रम में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों का दौरा किया और जन संवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से रूबरू हुए। जन संवाद कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री ललन सिंह प्रखंड की तेलियाडीह पंचायत स्थित खरवा दुर्गा स्थान मैदान में जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हम देर से ही लेकिन आपके बीच हाजिरी लगाने आए हैं। पिछले चुनाव में आपके आशीर्वाद से चुनाव जीते और भारत सरकार के मंत्री बने। आपका भरोसा और आपका श्रेय और योगदान मिलता रहा है।

### गांव की बच्चों-बच्चियों को सुविधा मिले

ललन सिंह ने कहा कि आपकी समस्या के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने डीडीसी को निर्देश देते हुए कहा कि गांव का प्राथमिक विद्यालय को उत्क्रमित करने के लिए जिला पदाधिकारी से रिपोर्ट लें। जिससे गांव की बच्चों और बच्चियों को सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने गांव के मैदान को लेकर कहा कि गलत तरीके से जिसने भी जमाबंदी कायम किया है उसे एलआरडीसी जांच कर जमाबंदी रद्द करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार 20 साल से मुख्यमंत्री हैं। पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार के ऑपरेशन सिंदूर के साथ पूरा देश खड़ा है। सभी विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार के कदम का समर्थन किया है और सेना के शौर्य को देश की जनता सलाम कर रही है।

# अखिलेश यादव बोले : इंटरनेट जैसी तकनीकी सेवाओं पर हो सरकार का नियंत्रण, साइबर क्राइम से परेशान हैं लोग

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि आज लगभग हर हाथ में मोबाइल है। हर तरह के जमीनी, हवाई वाहनों और जलपोतों तक में जीपीएस लगा है और हर तरह की गतिविधि चाहे वो शासनिक-प्रशासनिक हो, बैंकिंग हो या विविध संवेदनशील सूचनाओं का आदान-प्रदान, सब कुछ इंटरनेट पर ही निर्भर है। ऐसे में कम्युनिकेशन एक बेहद संवेदनशील मुद्दा बन गया है। साइबर क्राइम निरंतर बढ़ रहा है और आम आदमी ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी सेवाओं पर देश की सरकार का निर्णायक नियंत्रण हर हाल में होना चाहिए ताकि सरकार आपात स्थिति में विदेशी कंपनियों पर तत्काल नियंत्रण कर सके। अखिलेश यादव ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि वैश्विक संबंध सिर्फ अपने हाथ में नहीं होते हैं, इसीलिए इस क्षेत्र में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में हम कभी ये नहीं कह सकते कि कोई किसी का स्थायी मित्र है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संबंध व्यक्तिगत भी नहीं होते हैं, इसीलिए ऐसे गंभीर मुद्दों पर एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से तकनीकी भले ले ली जाए परंतु आत्मनिर्भरता के प्रयास कभी नहीं छोड़ना चाहिए। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार अपनी एजेंसियों का दुरुपयोग करके स्थानीय कारोबारियों को परेशान करती है।

# पुलिस की छुट्टियां रद्द, नेपाल सीमा पर बंद कराए गए 150 मदरसे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत-पाक संघर्ष के अलर्ट के चलते पुलिस कमिश्नरेट के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। पुलिस कर्मियों को अब विषम परिस्थितियों में ही अवकाश दिया जाएगा। शुक्रवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध अमित वर्मा ने यह आदेश जारी किया। वहीं पहले से अवकाश पर गए पुलिस कर्मियों को भी बुलाने के आदेश दिए गए हैं। उनके भी अवकाश रद्द किए गए हैं। थाने, पुलिस लाइन तथा कमिश्नरेट के अन्य पुलिस दफ्तरों में अधिकारी अवकाश पर गए पुलिस कर्मियों को वापस लौटने के लिए सूचना दे रहे हैं। उधर, भारत-नेपाल से सटे जिलों में 150 से अधिक अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कई मदरसे अवैध मिले जिन्हें ढहा दिया गया जबकि कई मदरसों से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में 205 अतिक्रमण हटवाए गए। श्रावस्ती में सबसे ज्यादा कार्रवाई की गई है।

### श्रावस्ती में सील किए गए 102 मदरसे

श्रावस्ती में अब तक कुल 102 अवैध मदरसे सील किए गए हैं। वहीं एक धार्मिक स्थल को नोटिस दी गई है। जबकि सार्वजनिक भूमि पर बनी पांच मजारों में से चार के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। एक मजार का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। यहां सार्वजनिक भूमि पर बनी दो ईदगाह भी हटवाई गईं।

### पाकिस्तान का कर रहा था सपोर्ट

# ऑपरेशन सिंदूर व राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वाला सरताज गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ संभल

जिले में ऑपरेशन सिंदुर के विरोध में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हुए अपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी सरताज पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। भारत पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालत होने पर देश विरोधियों के चेहरे सामने आ रहे है और ये सोशल मीडिया के जरिए भारत में रहकर पाकिस्तान का सपोर्ट कर रहे है।

ताजा मामला संभल जिले की कोतवाली बहजोई से एक बार फिर सामने आया है। यहां भारत पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के दौरान पुलिस विभिन्न शोसल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी कर रही है। इसी क्रम में आरोपी बहजोई निवासी आरोपी सरताज ने शोसल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर के विरोध में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हुए अपत्तिजनक पोस्ट किया। पता चलते ही पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर सरताज को गिरफ्तार कर लिया।




### पुलिस ने दी कार्रवाई की जानकारी

संभल अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदुर के मद्देनजर पुलिस विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार निगरानी कर रही है। इसी के क्रम में एक पोस्ट संज्ञान में आया। आरोपी पर अभियोग पंजीकृत कर धारा 152 बीएनएस, धारा 2 राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# भारत-पाक में सीजफायर के बाद भी अलर्ट पर सरकार, मुख्यमंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

■ मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली उपायुक्त व एसपी की बैठक ■ किसी भी आपात स्थिति के लिए सरकार तैयार

■ मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश, प्रभावी तंत्र विकसित करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

शनिवार को भारत और पाक में सीजफायर होने के बाद भी प्रदेश सरकार अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। सिर्फ एहतियात के तौर पर कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार जन सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में खाद्य सामग्री, दवाइयां, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है, इसलिए नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सरकार हर स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री वर्तमान हालातों के मद्देनजर शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों सहित प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक कर प्रदेश में नागरिक सुरक्षा अभ्यास की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए इमरजेंसी रिस्पॉन्स और एहतियाती उपायों को मजबूत करना तथा आपात स्थिति या आपदाओं के मामले में प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वे संयम बरतें, खाद्य सामग्री की जमाखोरी से बचें और केवल सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री कहा कि सरकार के साथ जनभागीदारी को जोड़ें, ताकि वे सेवाभाव से सरकार का सहयोग कर सके।



चंडीगढ़। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### भारत ने पाक को सिखाया करारा सबक दुश्मन अब पानी के लिए तरसेगाः विज



चंडीगढ़। पाकिस्तान करे खिलाफ स्वदेशी हथियारों की कामयाबी पर भी कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये तो गलत धारणा थी कि विदेशों की चीजें ही अच्छी होती है, वो ही कपड़ा अंबाला में मिलता है और वो लेते नहीं है और वो ही कपड़ा इंग्लैंड में मिलता है वो ले लेते है। उन्होंने इसे गलत धारणा बताया। उन्होंने कहा कि हमने अपनी चारपाई के नीचे लाठी मारकर नहीं देखा कि हमारे पास भी एक से एक बहुत ही एक्सपर्ट बैठे है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें उत्साहित किया, आज हम इतने हथियार बना रहे हैं कि बाहर के देश हमसे खरीद रहे हैं जबकि पहले हम खरीदते थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का पाकिस्तान पर एक और वाटर बम फोड़ दिया है। भारत से चिनाब नदी का पानी पाकिस्तान की तरफ छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि दुश्मन अब पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसेगा।

### झारखंड में अस्पतालों की मनमानी पर सख्त हुई सरकार

# बिल बाकी होने पर परिजनों को शव नहीं देना पड़ेगा भारी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी अस्पतालों को इस बात का निर्देश दिया है कि वह बिल बकाया होने पर भी किसी मरीज के शव को उसके परिजनों को देने से इनकार नहीं कर सकते हैं। इस बारे में प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को आदेश जारी करते हुए सरकार ने इसकी वजह बताई और कहा कि कुछ अस्पतालों व स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा इलाज के पश्चात मृत व्यक्तियों के शवों को उनके परिजनों को केवल इस आधार पर सौंपने से मना किया जा रहा है कि उनके बिल लंबित हैं। उनका यह कृत्य शोकग्रस्त परिजनों के लिए अनावश्यक मानसिक पीड़ा का कारण बनता है, और नैतिक व मानवीय सिद्धांतों की अवहेलना करते हैं। इसलिए सभी सिविल सर्जनों को यह निर्देश दिया जाता है, कि यदि आपके अधीन ऐसी कोई बात आती है तो आप नियमानुसार जरूरी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सरकार ने स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए कि किसी भी परिस्थिति में मृतक का शव निजी अस्पतालों में रोककर नहीं रखा जाएगा। हर हाल में शव परिजनों को सौंपना अनिवार्य होगा।



### स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

सरकार के इस फैसले की जानकारी देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री पद की शपथ लेते ही मैंने एक बड़ी घोषणा की थी। किसी भी परिस्थिति में मृतक का शव निजी अस्पतालों में रोक करके नहीं रखा जाएगा। हर हाल में शव परिजनों को सौंपना अनिवार्य होगा। इस फैसले ने राज्य के हजारों परिवारों को राहत पहुंचाई है। असमय अपनों को खोने वाले परिजनों के लिए यह निर्णय एक बड़ी संबल और सहारा बनकर सामने आया है। इस संबंध में विभागीय आदेश जारी कर दिया गया है।'

मातृ दिवस विशेष

# मां के चरणों में बसती है मेरी दुनिया



इस दुनिया के हर रिश्ते में सबसे बड़ा दर्जा मां को दिया जाता है। मां और उसकी संतान का रिश्ता सबसे गहन और अनूठा होता है। हर हाल में अपनी संतान का सुख, उसका हित और उसकी खुशी की कामना करने वाली मां की छवि की उदात्तता असीम होती है। आज मातृ दिवस पर हम संकल्प करें कि मां को कभी कोई तकलीफ न हो, उसका साया, उसका आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे। यही इस दिवस की सार्थकता होगी।

आवरण कथा
डॉ. ओम निश्चल

जब कभी गीतकार प्रसून जोशी के लिखे और शंकर महादेवन के गाए मां को समर्पित गीत '...तुझे सब है पता, मेरी मां..' के बोल सुनाई पड़ते हैं तो हृदय भावनाओं से भर उठता है। जेहन में मां की तस्वीर उभर आती है। बच्चे का यह कहना, 'यूं तो मैं दिखलाता नहीं, तेरी परवाह करता हूं मैं मां...' सुन कर मन की आंखों को जैसे एक अजीब सी तृप्ति मिलती है। मां का संबंध ही कुछ ऐसा है। यह ऐसी शै है कि सारे वृक्षों से कागज तैयार किया जाए तो भी उस पर लिखी मां की महिमा कम पड़ जाएगी। जाने-माने कवि कैलाश वाजपेयी ने लिखा है, *अगर तुम्हें गर्भ में यह पता चलता/ जिस घर में तुम होने वाले हो, नमाज नहीं पढ़ता, वहां कोई यज्ञ होम कीर्तन नहीं होता/ कोई नहीं जाता रविवार को गिरिजाघर या ग्रंथपाठ में/ अगर तुम्हें यह पता चलता पेट के निदाघ और पर्व के हिसाब से अधेड़ बाप कभी बनाता है रंगीन कागज के ताजिए/ ईसा का तारा, कभी दुर्गा गणेश कभी अंधी ऊंचाई को थाहते सिर्फ आकाशदीप/ नीले हरे जोगिया/ अगर तुम्हें यह पता चलता/ तब तुम क्या करते/ क्या मां बदलते।* (सूफीनामा) कितने दार्शनिक अंदाज में कवि ने कह दिया कि मां से बच्चे का रिश्ता कितना अटूट है कि वह किसी भी हालत में बदला नहीं जा सकता।



### मां की महिमा अवर्णनीय

दुनिया में यों तो रिश्ते-नातों की बड़ी लंबी परंपरा है। देखें तो हर इंसान एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है, भावनाओं के स्तर पर, सामाजिक स्तर पर, सांस्कृतिक स्तर पर, भौगोलिक स्तर पर लेकिन जो खून के रिश्ते हैं, उनमें सबसे ज्यादा अहमियत मां को प्राप्त है। शास्त्रों में पृथ्वी को मां और आकाश को पिता कहा गया है। कभी रवींद्रनाथ ठाकुर ने यह कहा था कि *भगवान अभी बच्चों को धरती पर भेज रहा है, इसका अर्थ यह है कि अभी वह मानव जाति से निराश नहीं हुआ है और मानव जाति को जिस इकाई ने अपनी ममता, दया, करुणा और मोहब्बत से सबसे ज्यादा सींचा है, उसका नाम मां है।* देवताओं से लेकर संतों, महापुरुषों ने मां की महिमा बखान की है। मां के ऋण से एक बच्चा पूरे जीवन भर उऋण नहीं हो पाता। मां की इसी महिमा को स्मरण करने के लिए हर साल मई माह का दूसरा रविवार मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चे अपनी मां के प्रति अपने लगाव, स्नेहिल प्रेम का इजहार करते हैं।



### निःस्वार्थ होती है मां की ममता

शास्त्र कहते हैं, *माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः।* यानी, मां पृथ्वी है और हम सब उसके पुत्र हैं। एक पृथ्वी के रूप में मां जो दुख-दर्द सहती है, वह शायद और कोई दूसरा नहीं समझ सकता। शायर मुनव्वर राना अपनी एक गजल में कहते हैं, *बुलंदियों का बड़ा से बड़ा निशान छुआ, मां ने जो गोदी में उठाया तो आसमान छुआ।* इसका अर्थ यह है कि इंसान की उपलब्धियों और तरक्की के पीछे मां की दुआएं ही होती हैं। रिश्तों में यह मां ही है, जो अपनी संतानों के प्रति अपने दायित्व को नहीं भूलती। खुद रूखा-सूखा खाकर भी बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए पूरा जीवन होम कर देती है, बिना किसी प्रत्याशा में कि यह बच्चा आगे चल कर उसके बुढ़ापे की लाठी बनेगा भी या नहीं। उसकी ममता निःस्वार्थ होती है। अकसर देखा जाता है कि मांएं अपने कमजोर बच्चों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक दयावान होती हैं। यह तो उस बच्चे के प्रति न्याय है कि जो किसी कारणवश तरक्की की दौड़ में कहीं पीछे रह गया है, उसे मां विशेष तरजीह दे, सहारा दे, उसे संभलने में मदद करे। इस पर मुनव्वर राना ने तो एक गजल में यह तक कहा है, *मां अगर पागल भी है तो उसे गौर से देखिए अपने बच्चों के प्रति मोह-ममता नहीं छोड़ती। यह चीज उसे पागलपन में भी नहीं भूलती। खुदा ने यह सिफत दुनिया की हर औरत को बख्शी है/ कि वो पागल भी हो जाए तो बच्चे याद रहते हैं।*

### मां में समायी होती है संतान की पूरी दुनिया

यह सही है कि आज रिश्ते-नातों से जुड़े हर संबंध को पैसों की तुला पर तोला जाता है। अगर मां के पास बच्चों को कुछ ठोस देने के लिए है तो उसके लिए इज्जत है। लेकिन अगर वह वृद्धावस्था में हैं या जीवन में अकेली पड़ गई हैं तो बहुत कम बच्चे ऐसे हैं, जो मां का सहारा बनते हैं या मां को अपने घर में आदर से रखते हैं और उसकी मोह ममता के प्रति सदैव कृतज्ञ बने रहते हैं। यह कृतज्ञता उनके लिए एक दिन का दिखावा नहीं होता, बल्कि यह उनके दैनंदिन संस्कार में शामिल रहती है। ऐसे भी बच्चे हैं, जो मां की हर पल की अनुपस्थिति को याद करते हुए जीते हैं। कवि यश मालवीय के शब्दों में, *किस तरह कैसे न पूछो। जी रहा बेटा सलोना। मां तुम्हारा नहीं होना।*

### मां को देते रहें प्यार-सम्मान

मां की ममता, दया, करुणा, हृदय की विशालता की बहुत चर्चा होती है। वह होती है तो घर का दूसरा पर्याय होती है। वह नहीं होती तो उसकी कमी खलती रहती है। वह होकर भी और न होकर भी हमारे भीतर होती है। लेकिन क्या हम जीते जी मां को पहचान पाते हैं? उसके सुख-दुख से वास्ता रख पाते हैं? ऐसा सर्वथा नहीं होता। दुनिया इतनी स्वार्थी हो चुकी है कि कभी बूढ़ी स्त्री को किसी तीर्थ किसी अजाने स्टेशन पर छोड़ कर अपने दायित्व से मुक्ति पा लेती है। सच, कितनी बहुरंगी दुनिया हो चुकी है कि हर दिन को किसी न किसी के लिए मुकर्रर कर रखा है। जैसे कि उस एक दिन के अलावा उसकी कोई अहमियत ही न हो। मां के लिए भी एक दिन मुकर्रर है। पर मां तो हर दिन मां है, वह है भी तो, नहीं भी है तो भी। जरूरत है मां को प्यार दिया जाए। उसे सम्मान दिया जाए। इसलिए मां जब तक हमारे बीच हैं, उस ममतामयी मूर्ति का ध्यान रखें। आज मातृ दिवस पर आइए मां को स्मरण करें। उनके साथ समय बिताएं। उनसे बचपन के किस्से व कहानियां सुनें और उसे जताएं कि मां हम आज भी तुम्हें कितना स्नेह करते हैं, कितना आदर करते हैं। *

## कुछ मांएं क्यों रह जाती हैं उपेक्षित



**मां की** महिमा का कितना गुणगान किया जाता है, फिर भी जैसे-जैसे समाज पूंजीपरस्त होता जा रहा है, दुनिया में धन-दौलत का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही हमारे दिलों की दुनिया संकीर्ण होती जा रही है। एक जमाना था, मांएं अपने छह-सात बच्चों को एक साथ पाल-पोस कर बड़ा करती थीं और उन्हें शिक्षा-दीक्षा दिलाते हुए जीवन की सच्ची राह दिखाती थीं। लेकिन आज की उत्तरोत्तर छोटी होती दुनिया और एकल होते परिवारों में उसकी जगह नहीं है या उसकी जगह कम पड़ती जा रही है। आज स्थिति यह है एक मां के साथ उसके छह-सात बच्चे एक साथ रह सकते हैं लेकिन किसी एक बच्चे के परिवार के साथ मां-पिता का रहना मुश्किल हो जाता है। इसलिए आज जो स्थिति है, उसमें मांएं निरंतर अकेली हो रही हैं। हाल के वर्षों में एकल मांओं की संख्या बढ़ी है। पति-पत्नी के बीच खट्टे होते संबंधों के इस दौर में कितनी मांए अपने बच्चों के साथ अकेले रहने को विवश हैं। ऐसे संकीर्ण वातावरण में मातृ दिवस हर साल मां के महत्व को याद दिलाने के लिए आता है और सोशल मीडिया मां की ममता और मां के सम्मान की पोस्टों से भर जाते हैं। ऐसे लगता है मां के प्रति इस समाज में कितना प्यार और कृतज्ञता है। ऐसी स्थिति में हर साल मातृ दिवस आकर फिर हमें एक बार झकझोरता है कि क्या मां के प्रति प्रेम हमारे भीतर बचा हुआ है, हम स्वतः मां के प्रति अपने दायित्व से जुड़े हैं या हम समाज के रवायत के रूप में उसके प्रति मोहब्बत और आदर का दिखावा मात्र कर रहे हैं?

जुड़ाव
डॉ. अनिता राठौर



यह सही है कि जीवन के अधिकांश काम करने में सक्षम डिजिटल वर्ल्ड के इस दौर में दुनिया भर में किसी को हम अपना दोस्त बना सकते हैं, नया रिश्ता जोड़ सकते हैं। लेकिन मां-बच्चे का रिश्ता और आपसी जुड़ाव इससे परे होता है। ऐसा होने की क्या वजहें हैं...

# मां-बच्चे का रिश्ता सबसे गहन-सबसे अनूठा

आज के दौर में डिजिटल दुनिया हमारी लगभग हर समस्या का तुरंत एक रेडीमेड विकल्प मुहैय्या कराती है। यह दोस्ती के लिए सोशल नेटवर्क देती है। जानकारी पाने के लिए गूगल उपलब्ध कराती है। मनोरंजन के लिए यू-ट्यूब है। इसके पास हमारी हर तरह की भावना के लिए, हर तरह की जरूरत के लिए कोई न कोई विकल्प होता है। लेकिन इसके पास मां का कोई विकल्प नहीं है।

**अद्वितीय होती है मां:** मां का रिश्ता किसी लैंग्वेज बाइनरी से नहीं, किसी पिक्सल या डिजिट से नहीं, सीधे-सीधे दिल से जुड़ा होता है। मां हमें बिना शर्त प्यार करती है, जबकि सोशल मीडिया का सारा संतुलन, इसका सारा गणित लाइक और फॉलो जैसी शर्तों पर टिका होता है। मां शायद दुनिया में अकेली ऐसी शख्स होती है, जो अपने बच्चों के हर तरह के कष्टों को, हर तरह की तकलीफ को बिना उनके एक शब्द बताए जान लेती है। सोशल मीडिया तो हमारा तब नोटिस लेता है या नोटिस करता है, जब हम पोस्ट डालते हैं। जबकि मां हमें हमेशा लाइक करती है, हर हाल में प्यार करती है, अपनी हर सांस में हमारे लिए दुआएं करती है। मां हमें कभी एडिटेड वर्जन में नहीं चाहती या समझती। हम जैसे हैं, वैसे ही मां के सबसे प्यारे, सबसे लाडले होते हैं। इसीलिए मां का डिजिटल डिस्कोर्स में कोई विकल्प नहीं है।

**हर तर्क से परे रिश्ता:** मां का रिश्ता समय, ट्रेंड या टूल्स से परे होता है। मां का वो रिश्ता, जो महसूस किया जाता है, उसे किसी भी दुनियावी कैटेगिरी में नहीं डाल सकते। सोशल मीडिया पर लोग इसीलिए कभी मां के जैसे रिश्ते नहीं तलाशते, क्योंकि मां का रिश्ता किसी विश्वास भर से नहीं होता। मां का रिश्ता कुदरती होता है। कभी किसी को यह एहसास भी नहीं होता कि मां की किसी बात पर अविश्वास भी किया जा सकता है। मां का रिश्ता एक समर्पण है, उसमें किसी तरह का समीकरण तलाशना या किसी किस्म का तर्क तलाशना, उसे बहुत छोटा करना है। मां का रिश्ता हर तरह के तर्क से ऊपर होता है, यह समर्पण में पलता है और त्याग से फलता है। जबकि सोशल मीडिया पर हम अकसर दिखावा, मनोरंजन या महज त्वरित जुड़ाव चाहते हैं। जबकि मां के रिश्ते में स्वतः धैर्य, गहराई और निःस्वार्थतता होती है, जो कभी किसी क्लिक या पोस्ट से नहीं मिल सकता। इसलिए कहते हैं, मां वो प्यार की किताब है, जिसे पढ़ने के लिए इंटरनेट नहीं धड़कता हुआ दिल चाहिए।



**जैविक जुड़ाव से आती है गहनता:** मां के रिश्ते की बायोलॉजी को अगर समझें तो स्पष्ट होगा कि आखिर वह दुनिया के बाकी सभी रिश्तों से इतनी भिन्न क्यों होती है? मां का रिश्ता इसीलिए सबसे अलग होता है, क्योंकि इसके पीछे की बायोलॉजी कुछ और ही है। दरअसल, मां और उसके बच्चों के बीच जिस तरह का अटूट भावनात्मक रिश्ता होता है, वह किसी परवरिश, किसी समझदारी या ज्ञान से नहीं आता। ऐसे रिश्ते की अपनी एक जैविकता या बायोलॉजी होती है। अगर इस रिश्ते के सबसे मजबूत और सबसे भिन्न पहलू को जानें तो वो होता है, मां और उसके बच्चे के बीच मौजूद गर्भनाल का रिश्ता। मां और शिशु एक अंबिलिकल कॉर्ड से आपस में जुड़े हाते हैं, इसी कॉर्ड या नली के जरिए नौ महीने तक मां के पेट में पल रहा बच्चा, मां के खून से, मां की सांसों, मां के खाए गए खाने से, मां की खुशियों से, मां की परेशानियों से बनता है। शिशु के अंदर जो भी कुछ होता है, नौ महीने तक वह सिर्फ और सिर्फ मां का होता है। उसमें दुनिया की, कुदरत की कोई भी अलग से हिस्सेदारी नहीं होती। मां के खून से ही शिशु को ऑक्सीजन मिलती है, शिशु को पोषण मिलता है। इसलिए मां और उसके बच्चे के बीच के रिश्ते को दुनिया के किसी भी रिश्ते से साझा नहीं किया जा सकता। किसी भी रिश्ते से इस रिश्ते की तुलना नहीं हो सकती। क्योंकि यह कोई रिश्ता है ही नहीं, यह एक जिस्म के दो हिस्से हैं। यह साझी धड़कनों का रिश्ता है। यह ऐसा रिश्ता है, जिसको एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। गर्भावस्था में मां के शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन ज्यादा बनता है। यही हार्मोन लगाव और प्रेम पैदा करता है। इसी से मां और उसकी संतान के बीच ताउम्र एक गहरा जुड़ाव और अटूट संबंध बनता है। *



कविता / सरस्वती रमेश

## मां की उपस्थिति




मां तुम्हारी उपस्थिति से
घर को नया अर्थ मिलता है
रिश्तों को ऊष्मा
परिवार को स्नेह
ममता की आंच पर
रसोई में पकते हैं
संतुष्टि के नए आयाम
भूख और भोजन का रिश्ता
भावना और अहसास सा
कोमल हो जाता है
और भोजन का हर निवाला
प्रसाद सा पवित्र

मां तुम्हारे होने से
घर का हर कोना
सजीव हो उठता है
तुम्हारे प्यार की गर्माहट
बिखरी रहती है हर तरफ
जीवन की कड़ी धूप में
तुम्हारे आंचल का साया
घना और शीतल आश्वासन है
कि तुम्हारे होने भर से
मुश्किलों के पहाड़
बौने और कमजोर
पड़ जाते हैं।

छोटी कहानी / शीला श्रीवास्तव

## तरकीब



मां जी यह लीजिए मटर, फटाफट छील दीजिए। राहुल को मटर की कचौड़ी खानी है।' बड़ी बहू अपनी सास को मटर की थैली थमाते हुए बोली। सविता जी जल्दी-जल्दी मटर छीलने लगीं। जैसे ही मटर छीलने काम खत्म हुआ, छोटी बहू चावल बिनने के लिए थाली थमा गई। सविता जी का सारा समय दोनों बहुओं के दिए हुए काम में ही बीत जाता था। दो पल सुकून की सांस लेना भी उनके नसीब में नहीं था, जबकि दोनों बहुएं अपने-अपने काम से निवृत्त होकर दोपहर की नींद भी ले लेती थीं। पड़ोस में रहने वाली उनकी हमउम्र सहेली वीणा जब भी आतीं, सविता जी को काम करते देखतीं। आज उनसे रहा नहीं गया, उन्होंने कह ही दिया, 'यह क्या सविता? जब देखो तब काम में लगी रहती हो। यह कोई उम्र है काम करने की, सत्तर की हो चली हो तुम।'

'क्या करूं वीणा, मजबूरी है। मैं भी चाहती हूं कि जिंदगी की आखिरी पड़ाव में भगवान में मन लगाऊं।' सविता जी लाचारगी भरे स्वर में बोलीं। 'क्या तुम्हारी बहुएं बिना काम किए तुम्हें खाना नहीं देतीं?' वीणा ने पूछा। 'अब तुमसे क्या छिपाना। मेरे पति के देहांत के बाद दोनों बेटों ने आपस में तय कर लिया, दिन का खाना बड़ा बेटा देगा, रात का खाना छोटा बेटा। इसके एवज में दोनों बहुएं जब-तब मुझे कुछ न कुछ काम थमा देती हैं।' कहते हुए सविता जी के नेत्र सजल हो उठे।

वीणा कुछ सोचते हुए बोली, 'अच्छा बताओ, यह घर किसके नाम पर है?'

'घर तो मेरे नाम है।' सविता जी ने बताया।

'फिर तो कोई टेंशन ही नहीं है। एक तरकीब है मेरे दिमाग में। मेरा एक भतीजा है, जो वकील है। मैं उसे तुम्हारे पास सब कुछ समझा कर भेज दूंगी। तुम बस उससे थोड़ी-बहुत इधर-उधर की बातें करना। उसके जाने के बाद दोनों बहुओं से कहना कि अब मेरी उम्र हो गई है। मुझसे ज्यादा काम-धाम नहीं होता, इसलिए मैंने फैसला किया है कि जो बेटा-बहू मेरी देखभाल अच्छे से करेगा, यह घर में उसके नाम कर दूंगी।' वीणा ने अपनी सहेली को समझाया।

'लेकिन वीणा, यह तो दूसरे बेटे के साथ अन्याय नहीं होगा?' सविता जी एक कसक लिए बोलीं।

'तुम्हें बस यह बात अपने बहू-बेटों के कानों में डालनी है, जो मैंने कही है। घर तो दोनों बेटों के नाम पर ही होगा, दुखी मत हो। सूझ-बूझ से काम लो। बस तुम्हारे बचे हुए दिन आराम से निकल जाएंगे।' वीणा मुस्कराते हुए बोलीं।

'यानी कि मुझे झूठ का सहारा लेना पड़ेगा।' सविता जी हिचक रही थीं।

'जिस झूठ से किसी का नुकसान न हो, वह झूठ बोलने में हर्ज क्या है?' वीणा बोलीं।

सविता को अपनी सहेली वीणा की बात समझ में आ गई। उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अब दोनों बहुओं में सविता जी की सेवा करने की होड़-सी लग गई। काम से छुटकारा मिला सो अलग से। सविता जी मन ही मन वीणा बहन का शुक्रिया अदा कर रही थीं, जिनकी तरकीब की वजह से उनका बुढ़ापा सुखमय हो गया था। *

विज्ञापन .......

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# पंद्रह करोड़ से होगा मंडला में शंकर शाह, रघुनाथ शाह के महल का जीर्णोद्धार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार में 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। जरूरत पड़ने पर और राशि दी जाएगी।

डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

तीन दिनों तक चलने वाले आदि शिल्पग्राम महोत्सव में जनजातीय मृदा, बांस, काष्ठ, धातु एवं चित्रकला शिल्प और विभिन्न जनजातियों के पारम्परिक व्यंजनों के साथ प्रतिदिन शाम 7 से 9 बजे तक जनजातीय नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी।

*जनजातीय कलाओं का संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन हमारी प्राथमिकताः मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

*सीएम ने रवींद्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव का किया शुभारंभ*

## जनजातीय संस्कृति को प्रशिक्षण देने खालवा में बनेगा देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल





**गोंड चित्रकला को मिला जीआई टैग वैश्विक सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

### स्टॉल्स का किया अवलोकन, चित्रकारी की प्रशंसा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव में जनजातीय कला और खान-पान को प्रदर्शित करते स्टॉल्स का अवलोकन किया और यहां लकड़ियों पर चित्रकारी, मिट्टी से बनी आकृतियां और कपड़ों पर चित्रकारी और जनजातीय व्यंजनों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1000

### मुख्यमंत्री ने की कर्नल सोफिया की तारीफ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के सीमा पार से बढ़ती अतिवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक है, जो हमारी संप्रभुता और नागरिकों पर आघात करेगा, हम मजबूती से उसका जवाब देंगे। उन्होंने दुनिया के सामने अतिवाद का काला चिट्ठा पेश करने वाली मध्यप्रदेश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। वे देश में मध्यप्रदेश की शान बढ़ा रही हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को आर्थिक रूप से मजबूती देते हुए तीनों सेनाओं को भी मजबूत और अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया है।

### मंत्री शाह ने माना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कला, संस्कृति, बोली, रहन-सहन, वेशभूषा, वाद्य यंत्र बजाना सीखने का प्रशिक्षण देने के लिए देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल खण्डवा जिले के खालवा में स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार माना। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के युवाओं और स्कूली छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार ने सालाना बजट में 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके साथ ही 12वीं पास करने के बाद अगर कोई जनजातीय वर्ग का विद्यार्थी नीट, क्लेट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता है तो उसे भी प्रतिवर्ष 1.5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि, सहायता प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अभिराम बने भोपाल मंडल के नए एडीआरएम

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल एडीआरएम रश्मि दिवाकर को ट्रांसफर कर दिया है। इनकी जगह पमरे जोन भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएमई) अभिराम खरे को भोपाल मंडल के नए एडीआरएम बनाया गया।

### बीयू की कार्यपरिषद में हुई सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल।** राज्यपाल द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में सदस्यों की नियुक्ति की गई है। कार्यपरिषद में डॉक्टर दीपक पालीवाल, निदेशक पंडित सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान, धीरेंद्र चतुर्वेदी, सेवा निवृत्त अपर संचालक शिक्षा विभाग, अनिल कुमार पिल्लई समाज सेवी, डॉ. किरण शेजवार, चिकित्सक, विक्रांत सिंह कुमरे अधिवक्ता उच्च न्यायालय तथा डॉ. भारती कुम्भारे साटनकर को नामांकित किया गया है। इस सभी सदस्यों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए रहेगा। यह अवधि 19 मई 2025 से 18 मई 2028 तक की होगी।

### मप्र अस्पताल संघ की बैठक, चुनौतियों पर चर्चा

**भोपाल।** मप्र अस्पताल संघ की बैठक शुक्रवार को हुई, जिसमें प्रदेश भर के निजी अस्पताल संचालकों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों के सामने आने वाली प्रशासनिक और व्यवस्थागत चुनौतियों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार करना था। इनमें लाइसेंस नवीनीकरण, फायर एनओसी प्राप्त करने की जटिल प्रक्रिया और आयुष्मान भारत योजना पर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष डॉ. विशाल बघेल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि सभी प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी हों, जिससे मरीजों को निर्बाध रूप से बेहतर उपचार मिल सके।

### आयुक्त ने गोशालाओं का किया निरीक्षण

**भोपाल।** गो-शालाओं में निकलने वाले गोबर से जो गोशाला संचालक गोकाष्ठ नहीं बना पा रहे हैं, उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जाए, क्योंकि गोकाष्ठ से गोशाला तो स्वावलंबी बनती है, हजारों पेड़ इसके माध्यम से बच भी जाते हैं। उक्त निर्देश भोपाल संभाग के कमिश्नर संजीव सिंह ने हलाली डैम स्थित बृजमोहन रामकली गो संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए।

### सेवानिवृत अधिकारियों को किया सम्मानित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय में तकनीकी संचालक एसएस राजपाल, अनुभाग अधिकारी, जयंती रामहरिया, सहायक ग्रेड-2 गीता ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 घनश्याम सिंह, अब्दुल सलीम, प्रवीण कुमार जैन, राम प्रसाद शर्मा, गोपाल सोनी और कन्हैयालाल चौरसिया को विधानसभा भवन में विदाई दी गई। प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### सीएम हाउस रायपुर से मुख्यमंत्री ने किया गंतव्य स्थल के लिए रवाना

# देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक को हरी झंडी

**राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा इसका इस्तेमाल**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने शनिवार को सीएम हाउस रायपुर से भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रक को हरी झंडी दिखाकर गतव्य के लिये रवाना किया। इस ट्रक का इस्तेमाल गारे पेल्मा थर्ड ब्लॉक से राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा। स्मार्ट तकनीक से लैस ये ट्रक 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जा सकते हैं। हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक्स संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह ले लेंगे। एक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी फर्म और एक प्रमुख ऑटो निर्माता के सहयोग से अडानी कार्गो परिवहन के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा है।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई

## पांच लापरवाह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित




*जगदलपुर। जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में पांच शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के उल्लंघन के आधार पर की गई है।*

*निलंबित शिक्षकों और उनके मुख्यालय निम्नलिखित हैं। प्राथमिक शाला कहच्छेनार में सहायक शिक्षक सहायक शिक्षक को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला छोटेमुरमा के प्रधानाध्यापक मोसूराम को शाला समय में शराब पीकर आने, नशे में रहने, अनुपस्थिति और समय से पहले शाला बंद करने के लिए निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला बाजारपारा करंजी के प्रधानाध्यापक राजकिशोर आचार्य को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला आमादुला के प्रधानाध्यापक प्रेमनाथ कश्यप को शाला समय में शराब पीकर आने, बच्चों को नहीं पढ़ाने और अनियमित उपस्थिति के लिए निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला मिचनार के सहायक शिक्षक दीपक कुमार ध्रुव को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सभी शिक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। यह कार्रवाई संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के प्रस्ताव के आधार पर की गई है।*



## एसजीटीयू के 'आई-शाइन 2025—एआई' समिट में जुटे देश-दुनिया के दिग्गज

**गुरुग्राम।** अनुसंधान, नवाचार व सनातन संस्कृति को समर्पित देश की विख्यात एसजीटी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्र निर्माण में समग्र नवाचार की भूमिका पर ग्लोबल समिट का प्रभावशाली आयोजन "आई-शाइन-2025 – एआई" नाम से किया। दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में विश्वभर के प्रतिष्ठित शोधकर्ता, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण और सतत विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर विचार करना था। "सतत विकास के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोगः 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना"थीम के तहत सम्मेलन में भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा को एआई नवाचार से जोड़ने पर बल दिया गया। पहले दिन सम्मेलन का शुभारंभ एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने एआई की शक्ति को शिक्षा, नवाचार और समावेशी विकास के लिए एक परिवर्तनकारी उपकरण बताया। साथ ही उन्होंने नैतिक उपयोग और अंतर्विषयक सहयोग की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। प्रो. मोहम्मद अफशर आलम, कुलपति, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय पहले दिन के मुख्य अतिथि रहे। सुनील शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर – सेल्स (भारत एवं सार्क), सोफोस 'गेस्ट आफ आनर' के रूप में सम्मेलन में शामिल हुए। प्रथम दिवस के प्रमुख वक्ताओं में डॉ. हरि प्रसाद देवकोटा (कुमामोटो विश्वविद्यालय, जापान) ने"वैश्विक स्वास्थ्य और विज्ञान संचार में एआई की उभरती भूमिका"पर प्रकाश डाला। डॉ. मानक गुप्ता (टेनेसी टेक विश्वविद्यालय, अमेरिका) ने 'अच्छा, बुरा और कुरूप – समाज पर एआई के प्रभाव' पर व्याख्यान दिया। स्टेनोम के डायरेक्टर डॉ. श्रीनिवास के व्याख्यान का विषय था"जीनोमिक्स, बायोइन्फॉर्मेटिक्स और एआई का फसल अनुसंधान में एकीकरण" डॉ. विकास कन्नौजिया ने भारत के पहले एआई आधारित कृत्रिम हार्ट असिस्ट डिवाइस का विस्तार से परिचय दिया और इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। ग्लोबल समिट के दूसरे दिन की शुरुआत प्रो. कोरी ग्लिकमैन (इन्फोसिस, अमेरिका ) के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिन्होंने "सस्टेनेबिलिटी में एआई की भूमिका" पर प्रकाश डाला। इनके अतिरिक्त प्रमुख वक्ता रहे डॉ. वकार एम. नकवी (एडी विवम एजुकेशन एंड रिसर्च, दोहा,कतर) जिन्होंने हेल्थकेयर में एआई के एकीकरण और उसकी वैश्विक संभावनाओं पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

## ठेकेदारों से मिले मेट्रो एमडी, सिग्नलिंग प्रणाली, रोलिंग स्टाक, ट्रैक्शन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम जुलाई तक पूरे करने के लिए मेट्रो प्रबंधन एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। दरअसल, इस कॉरिडोर को शुरू करने के लिए कई बार समय सीमा को बदला जा चुका है।

बार-बार बदली जा रही समय सीमा से मेट्रो की छवि खराब हो रही है। इसको ध्यान में रखकर तय की गई समय सीमा में प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को लेकर मेट्रो के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य काफी चिंतित हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर में चल रहे कामों का निरीक्षण किया था। शुक्रवार को काम के दौरान देखी खामियों को लेकर ठेकेदारों से चर्चा की। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट पैकेज के अंतर्गत स्टेशन, डिपो, व्याडक्ट, सिग्नलिंग प्रणाली, रोलिंग स्टाक, ट्रैक्शन जैसे कामों की समीक्षा की।

बैठक में एमडी ठेकेदारों से कहा कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को तय समय में पूरा करने के



लिए संसाधनों के प्रबंधन को प्राथमिकता दें। साथ ही आपस में बाचीत करें, प्रत्येक पैकेज के लिए निरंतर लक्ष्य निर्धारित करें और प्रगति की रियल टाइम ट्रैकिंग करें। बैठक में अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), अरुण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिग्नलिंग एवं पीएसडी) सहित एमपी एमआरसीएल वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट्स और कांट्रेक्टर्स के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए।

## धनंजय सिंह जबलपुर के संभाग आयुक्त बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के मुताबिक आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग एवं प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम धनंजय सिंह भदौरिया को संभाग आयुक्त जबलपुर बनाया गया है। वहीं संकेत एस भोंडवे को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के तौर पर नवीन पदस्थापना दी गई। वहीं मीनाक्षी सिंह उप सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को अतिरिक्त प्रभार के तौर पर आयुक्त अनुसूचित जाति विकास और प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सीबी चक्रवर्ती एम को आयुक्त नगरीय प्रशासन विकास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

### संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में रखी बात

## अब बाघों को जंगल में रोकने बनेगा लॉन्ग टर्म एक्शन प्लान, वन क्षेत्रों से हटेगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की ओर बढ़ रहे बाघों को जंगल के अंदर ही रोकने के लिए लांग टर्म एक्शन प्लान पर काम शुरू हो गया है। जिसमें गांवों के विस्थापन से लेकर ग्रास लैंड, स्टॉप डेम, तालाब बनाने का काम शुरू होगा। परिवारों की हर यूनिट यानि व्यक्ति की गिनती और जमीन का आंकलन किया जा रहा है, जिससे बाघों को संरक्षित किया जा सके।

यह बात शुक्रवार को संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में रखी गई। संभाग कमिश्नर दफ्तर में रखी गई बैठक में संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने अफसरों



को हिदायत देते हुए कहा कि टाइम लिमिट में कामों को निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध कटाई और अवैध खनन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजस्व, वन और खनिज विभाग के बीच तालमेल बनाकर संयुक्त बैठक रखने की हिदायत दी। कमिश्नर ने कहा कि जिन वन भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाने के लिए समिति की नियमित बैठक रखी जाए। इसके साथ विभाग के पोर्टल पर भी इसकी जानकारी को अपलोड किया जाना चाहिए, जिससे पता चल सके कि कितनी वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना है।

कमिश्नर ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे, राजस्व उपायुक्त किरण गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वन क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए। अवैध उत्खनन, पेड़ कटाई और शिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में रखी देवश्री जागेश्वरनाथ लोक की आधारशिला

# जागेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर बनने से मंदिर क्षेत्र की बढ़ेगी भव्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दमोह जिले के जागेश्वरनाथ मंदिर के नवनिर्माण का हम संकल्प ले रहे हैं। भगवान देवश्री जागेश्वरनाथ का अभिषेक देश की पवित्र नदियों के जल और पवित्र धार्मिक स्थलों की मिट्टी से शिवलिंग का पूजन हुआ है।

देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कॉरिडोर से भगवान श्री जागेश्वरनाथ मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। मंदिर के कॉरिडोर बनने से मंदिर सहित क्षेत्र की भव्यता बढ़ेगी, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह के सुप्रसिद्ध देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के कॉरिडोर के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेता हैं। उनके नेतृत्व में बनारस में बाबा विश्वनाथ का धाम भव्य रूप ले चुका है। अयोध्या में भी भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है। आज सेना शौर्य दिखा रही है। देश एकजुट है। यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है, जिसे देखकर दुनिया अचंभित है। कार्यक्रम में आतंकी हमले के शिकार पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### 26 मई को नरसिंहपुर में किया जाएगा कृषि मेले का आयोजन



**प्रदेश के धार्मिक पर्यटन केंद्र रोजगार के सेंटर बनकर उभरेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे धार्मिक पर्यटन केन्द्र युवाओं के लिए रोजगार के केन्द्र बनकर उभरेंगे। यहां आध्यात्म के साथ, शैक्षणिक और रोजगार मूलक गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार बजट की कोई कमी नहीं आने देगी। प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए अभियान चल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है। मंदसौर में 3 मई को किसानों के लिए हुए कृषि मेले के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के बाद अब 26 मई को नरसिंहपुर में कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। यहां खेती के आधुनिक उपकरण और खाद्य प्र-संस्करण की इकाइयों की जानकारी किसानों को मिलेगी। दमोह एवं निकटवर्ती जिलों के किसान भी नरसिंहपुर के कृषि मेले में आमंत्रित हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब घर-घर गाय होंगी और हर घर गोकुल होगा।

### जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केंद्रः पटेल

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केन्द्र है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉरीडोर की नींव आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रखी है। उन्होंने प्रदेश एवं जिले के आम नागरिकों, श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बहुत ही दिव्य और भव्य बनेगा। कॉरिडोर में दुकान, फूड कोर्ट, संस्कृत विद्यालय और 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति भी बनेगी।

### भगवान जागेश्वरनाथ का सीएम ने किया पूजन

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में देवश्री जागेश्वर नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। उन्होंने माता पार्वती का आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।
- मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश भर में पवित्र स्थलों पर बनाए गए कॉरिडोर की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बांदकपुर कॉरीडोर मॉडल को भी सराहा।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में साधु संतों का पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया।

**पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के बाद भारत ने प्रशासनिक कदम और सैन्य ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और पीओके स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस ऑपरेशन को लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि उसका एक्शन आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। लेकिन भारत के सैन्य ऑपरेशन से बौखलाए पाकिस्तान की फौज ने एलओसी पर नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की और भारत के सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। न केवल भारत ने पाक के सभी हमले को नाकाम किया, बल्कि जबावी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर लाहौर, सियालकोट, रावलपिंडी, कराची, बहावलपुर, इस्लामावाद में सैन्य अड्डों पर भारी तबाही मचाई। भारत ने संयम बरतते हुए पाकिस्तानी आवाम को निशाना नहीं बनाया। अभी दोनों मुल्कों के बीच युद्ध जैसे हालात हैं, तनाव चरम पर है। इस भी भारत ने निर्णय लिया है कि आगे से पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध माना जाएगा और दो दिन के लिए सीमा पर दोनों देश सीजफायर पर सहमत हुए हैं। इसमें अमेरिका की भूमिका मानी जा रही है। केंद्र व सेना की हर कार्रवाई बदले भारत के मिज़ाज को बयां करती है। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# नए भारत का 'बदला' मिज़ाज



**रणनीति**

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

**22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान ने प्राक्सी वार की अपनी रणनीति के तहत नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस बर्बर हत्याकांड के समुचित प्रति उत्तर में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का बाकायदा इस्तेमाल करके पाकिस्तान के मुख्तलिफ इलाकों में विद्यमान जिहादी आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूर्णतया नेस्तनाबूद किया। भारत की बुनियादी तौर पर परिवर्तित सैन्य रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा है कि पाकिस्तान को यह पुख्ता पैगाम दे दिया गया है कि प्रॉक्सी वार की रणनीति के तहत यदि कोई भी जिहादी आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया जाएगा तो भारत उसका समुचित जवाब अपनी शक्तिशाली सैन्य रणनीति से तत्काल देगा।**

कश्मीर में विगत 36 वर्षों से निरंतर जारी पाकिस्तान द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का सशस्त्र प्रतिरोध करने की भारतीय सैन्य रणनीति अब बाकायदा परिवर्तित कर दी गई है। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा परिपोषित जिहादी आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए नृशंस हत्याकांड के तत्पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध एकदम नई और अनोखी सैन्य रणनीति अख्तियार की गई है। पुराने दौर में जिहादी आक्रमणों के पश्चात भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई करने की कोशिश करती रहती थी। वर्ष 1993 में मुंबई नगरी को पाक प्रायोजित आतंकवादी बम विस्फोटों द्वारा दहलाया गया था। इस वारदात में तकरीबन 260 बेगुनाह नागरिक मारे गए थे। 13 दिसंबर सन् 2001 में जब भारतीय संसद भवन पर आतंकवादी हमला हुआ था और उसके बाद 26 नवंबर 2008 में मुंबई नगरी पर जिहादी आक्रमण अंजाम दिया गया था । इस वारदात में तकरीबन 160 नागरिक हलाक हो गए थे और सैकड़ों लोग बुरी तरह से जख्मी हुए थे। हुकूमत ए हिंदुस्तान ने इन समस्त नृशंस जिहादी आक्रमणों के प्रतिरोध में कदाचित कोई भी ठोस सैन्य कार्रवाई अंजाम नहीं दी थी। वर्ष 2016 में जम्मू कश्मीर के उरी क्षेत्र में पाकिस्तान आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित जिहादी आतंकवादियों द्वारा अंजाम दी गई 19 भारतीय सैनिकों की शहादत के तत्पश्चात भारत सेना की एक कमांडो टुकड़ी ने कथित नियंत्रण रेखा को रौंद कर मेजर माइक टैंगों के नेतृत्व में जिहादी दहशतगर्दों के दो प्रशिक्षण शिविर पर सर्जिकल स्ट्राइक अंजाम दी। इस सर्जिकल स्ट्राइक में 40 जिहादी दहशतगर्दों को हलाक कर दिया गया था। वर्ष 2019 में पुलवामा में एक जिहादी द्वारा भयानक आत्मघाती विस्फोट अंजाम दिया गया।

## आतंकवादियों के नौ ठिकाने नेस्तनाबूद

इस आत्मघाती विस्फोट के परिणाम स्वरूप भारतीय अर्ध सैनिक बलों के 40 जवान मौत के घाट उतार दिए गए। पुलवामा के आतंकवादी आक्रमण का सैन्य प्रतिशोध लेने के लिए भारतीय सेना फाइटर जेट्स ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की काग़ान घाटी में बालाकोट स्थित जिहादी कैंप को सटीक एयर स्ट्राइक्स द्वारा पूर्णत ध्वस्त कर दिया गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुकूमत ए पाकिस्तान ने प्राक्सी वार की अपनी रणनीति के तहत नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस बर्बर हत्याकांड के समुचित प्रति उत्तर में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का बाकायदा इस्तेमाल करके पाकिस्तान के मुख्तलिफ इलाकों में विद्यमान जिहादी आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूर्णतया नेस्तनाबूद किया। भारत की बुनियादी तौर पर परिवर्तित सैन्य रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा है कि पाकिस्तान को यह पुख्ता पैगाम दे दिया गया है कि प्रॉक्सी वार की रणनीति के तहत यदि कोई भी जिहादी



आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया जाएगा तो भारत उसका समुचित जवाब अपनी शक्तिशाली सैन्य रणनीति से तत्काल देगा। पाकिस्तान और भारत के मध्य निरंतर जारी वर्तमान सैन्य संघर्ष पर विश्व के अनेक देशों ने गहन चिंता का इज़हार तो किया है, लेकिन पाक फौज द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सैन्य कार्रवाइयों का ज्यादातर देशों ने कदाचित विरोध नहीं किया है। भारत सरकार द्वारा ठोस सबूत पेश करके सारी दुनिया को तल्ख तथ्यों से अवगत कराया गया है कि विगत 36 वर्षों से पाकिस्तान प्राक्सी वार द्वारा भारतीय कश्मीर को हथियाने के लिए निरंतर कितनी नृशंस आतंकवादी वारदातें अंजाम देता रहा है।

## कश्मीर विवाद पर तीसरे देश की मध्यस्थता

भारत और पाकिस्तान दोनों ऐसे पड़ोसी मुल्क हैं, जिनके मध्य सैन्य संघर्षों की तल्खी वर्ष 1947 से बनी रही है। दोनों देशों के मध्य चार भीषण युद्ध लड़े जा चुके हैं। सैन्य तनाव के विकट हालात में अन्य देशों की सक्रियता बाकायदा बनी रही है। पाकिस्तान तो सन् 1947 से सदैव यह चाहता रहा कि कश्मीर विवाद पर कोई तीसरा देश मध्यस्थता करें। पाकिस्तान की फौज़ ने 22 अक्टूबर सन् 1947 में जब जम्मू कश्मीर रियासत पर कबायली नकाब धारण करके आक्रमण अंजाम दिया था तो पाकिस्तानी फौज के विरुद्ध अपनी विजय पताका लहराती हुई भारतीय सेना को युद्ध विराम का यकायक आदेश देकर दुर्भाग्य से तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को कश्मीर विवाद पर मध्यस्थता के तौर पर लाया गया। जनरल अयूब खान के ऑपरेशन जिब्राल्टर के तहत अंजाम दिए गए सन् 1965 के भारत पाक युद्ध के दौर में भारत द्वारा सोवियत यूनियन को मध्यस्थ बनाया गया। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने स्पष्ट रणनीति अख्तियार की कि किसी भी देश को मध्यस्थ नहीं बनाया जाएगा। आज के दौर में भी भारत की स्पष्ट सैन्य रणनीति है कि हम इंटरनेशनल ओपिनियन की जरा सी भी परवाह किए बिना पाकिस्तान को उसके द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का वाजिब प्रति उत्तर देंगे।

## पाक के प्रॉक्सी वॉर का समुचित जवाब

प्रॉक्सी वॉर के तहत पाकिस्तान निरंतर भारत पर आक्रमण अंजाम देता रहा है। भारत का भी सैन्य अधिकार है कि वह प्रति उत्तर में पाकिस्तान के विरुद्ध कठोर सैन्य कार्रवाई अंजाम दे। इस दफा भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में ही नहीं, वरन् पाकिस्तान के अन्य महत्वपूर्ण फौजी ठिकानों पर भी जबरदस्त मिलिट्री स्ट्राइक्स अंजाम दी हैं। भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट तौर पर सैन्य पैगाम दे दिया है कि पाकिस्तान द्वारा संचालित प्रॉक्सी वॉर का समुचित जवाब भारत द्वारा सीधे सशक्त सैन्य कार्रवाइयों से दे दिया जाएगा। भारत द्वारा किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के विरुद्ध कोई गुहार नहीं लगाई गई है, जो कि पहले के दौर में सामान्य तौर पर लगाई जाती रही। अमेरिका पर जब कोई आक्रमण अंजाम दिया जाता है तो फिर अमेरिकन सरकार किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर जाकर किसी से कोई फरियाद नहीं किया करती। अमेरिकन सेना सीधे सैन्य कार्रवाई अंजाम देती है। सन् 2001 में 9/11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर अंजाम दिए गए बर्बर जिहादी आक्रमण के तत्पश्चात अमेरिका ने अफगानिस्तान की मुल्ला उमर हुकूमत के विरुद्ध सशस्त्र कार्रवाई अंजाम दी थी और काबुल पर अपना आधिपत्य स्थापित किया था। अमेरिका के नक्शे कदम पर चलते हुए इसराइल भी किसी भी वैश्विक मंच पर जाकर कोई राग नहीं अलापा करता कि हमारे मुल्क पर आक्रमण हुआ है, बताओ कि हम अब क्या करें? एक महान देश के रूप में भारत ने भी स्पष्ट सैन्य रणनीति अख्तियार कर ली है कि भारत अब सशस्त्र पैगाम देगा कि भारत के नागरिक हलाक किए गए तो फिर हम सीधे सैन्य कार्रवाई अंजाम देंगे।

यह बात अवश्य है कि सैन्य संघर्ष अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाए जाएंगे तो वहां भी पुख्ता सबूतों के साथ भारत अपना स्पष्ट नजरिया पेश करेगा। भारत के पास स्पष्ट और ठोस सबूत विद्यमान है कि पाकिस्तान फौज द्वारा परिपोषित की जाने वाली जिहादी आतंकवादी तंजीम दि रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम के नृशंस आक्रमण की बाकायदा जिम्मेदारी ले ली है। टीआरएफ का सीधा ताल्लुक पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित और परवरिश पाने वाली जिहादी आतंकवादी तंजीम लश्कर ए तैयबा के साथ बाकायदा स्थापित है। विश्व पटल पर एक ऐसा दौर था जबकि एक ध्रुवीय महाशक्ति के तौर पर अमेरिका द्वारा पाकिस्तान का अंध समर्थन किया गया। भारत के विरुद्ध पाकिस्तान को अमेरिका द्वारा सेंटो सैन्य संगठन का सदस्य बनाया गया था। कश्मीर में वर्ष 1989 से पाकिस्तान द्वारा संचालित जिहादी जंग को अमेरिका द्वारा जंग ए आजादी निरूपित किया गया। सन् 2001 में न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी आक्रमण के बाद अमेरिका की आंखें खुल गई और अमेरिका एक हद तक पाकिस्तान का दामन छोड़कर भारत के निकट आने लगा। भारत के साथ सैन्य संघर्ष के वर्तमान दौर में भारत सरकार के सख्त ऐतराज के बावजूद पाकिस्तान को 2.3 बिलियन डॉलर्स का बेलआउट पैकेज इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रदान कर दिया गया है, ताकि पाक आर्थिक तौर पर दिवालिया होने से बच सके। सर्वविदित है अमेरिका की रजामंदी के बिना आईएमएफ द्वारा पाक को यह बेल आउट पैकेज कदाचित प्रदान नहीं किया जा सकता था। अमेरिका बनाम चीन की ट्रेड वार के दौर में अमेरिका के कूटनीतिज्ञों को बेहद फिक्र लगी रहती है कि पाकिस्तान पूरी तरह से कहीं चीन के सैन्य गुट में शामिल न हो जाए। पाकिस्तान के हाथों अत्यंत संगीन आतंकवादी जख्म खाए हुए अमेरिका को क्या पाकिस्तान द्वारा निरंतर की जा रही टेरर फंडिंग की जरा सी भी चिंता नहीं है। टेरर फंडिंग पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी रखने वाले संगठन फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट से बड़ी मुश्किल से पाकिस्तान वस्तुतः चीन की कूटनीतिक मदद से बाहर निकला है। हालांकि पाकिस्तान का आका मुल्क तुर्कीए ग्रे लिस्ट में बाकायदा शामिल है। भारत को बार-बार परमाणु युद्ध की धमकी देने वाले पाकिस्तानी राजनेता और फौजी जनरल जानते हैं कि भारत के पास 172 परमाणु वारहेड विद्यमान हैं और साथ ही भारतीय सेना हाइड्रोजन बमों से भी लैस है। व्यावहारिक तौर पर विचार करें तो परमाणु हथियारों से सन्नद किसी देश को परमाणु आक्रमणों से बचाते हैं, लेकिन ये ना आतंकवादी हमले रोक सकते हैं और ना ही पारंपरिक आक्रमणों को रोक सकते हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि परमाणु ताकत संपन्न होना सिर्फ सीमित स्तर तक सुरक्षा प्रदान करता है। पारंपरिक युद्ध में चार दफा पाकिस्तान की फौज को भारतीय सेना बुरी तरह शिकस्त दे चुकी है। विगत 36 वर्ष की प्रॉक्सी वार के तहत भी कश्मीर घाटी में पाकिस्तान को अभी तक कोई निर्णायक कामयाबी हासिल नहीं हो सकी है।

## सांप्रदायिकता को गहराई से दफन करना जरूरी

इसका सबसे बड़ा कारण है कि पाकिस्तानी फौज का इंटेलिजेंस विंग आईएसआई अपने तमाम प्रयासों के बावजूद जम्मू कश्मीर की सरजमीं पर हिंदुओं और मुसलमानों के मध्य सांप्रदायिक विभाजन करने में विफल साबित हुआ है। भारतीय सेना ने अपनी सशक्त धर्मनिरपेक्ष परंपरा का निर्वाह करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में अंजाम दी गई एयर स्ट्राइक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ सैन्य प्रवक्ता के तौर पर कमान कर्नल सोफिया ताजुद्दीन कुरैशी और एयरफोर्स की पायलट कोमोडोर व्योमिका सिंह को सौंपी गई। भारत को यदि पाक प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक विजय प्राप्त करनी है तो फिर एकजुट होकर भारत में हर किस्म की सांप्रदायिकता को गहराई से दफन करना पड़ेगा। जिहादी आतंकवाद का निर्णायक सफाया करने के लिए भारतीय सेना द्वारा बांग्लादेश युद्ध की तरह पाकिस्तान फौज की कमर तोड़ देनी होगी।

# युद्ध में अधिक नुकसान उठाएगा पाक



**विश्लेषण**

डॉ. एल.एस. यादव

स्वतंत्र पत्रकार

प्रसिद्ध सैन्य विचारक कैप्टेन लिडिल हार्ट ने बहुत पहले कहा था कि 'यदि तुम शांति चाहते हो तो युद्ध को समझो'। इस तथ्य की तरफ भारत ने अब ध्यान दिया है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादी भारत में काफी दिनों से अशांति फैलाए हुए थे जबकि भारत बार-बार आगाह कर रहा था लेकिन पाकिस्तान पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा था। इधर काफी प्रयासों के बाद जब जम्मू कश्मीर विकास की राह पर आगे बढ़ने लगा तो ऐसा लगने लगा कि अब वहां पर आतंकवाद समाप्ति की ओर है। यही बात पाक हुक्मरानों व आईएसआई को बर्दाश्त नहीं हुई और कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोत्तरी करने के प्रयास शुरू कर दिए जिसका परिणाम पहलगाम की आतंकी घटना के रूप में सामने आया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह आतंकी हमला 2019 में हुए पुलवामा की आतंकवादी घटना के बाद घाटी में हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। घटना को अंजाम देने वाले आतंकी चकमा देने के लिए सेना की वर्दी पहने हुए थे। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा बीच में छोड़कर स्वदेश लौटे और उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह अधिक मजबूत होगा।'

## आतंकवादी ठिकानों पर स्ट्राइक

पहलगाम आतंकवादी हमले के 15 दिन बाद निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए 6 मई की रात लगभग पौने दो बजे भरतीय सेना तथा वायु सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चल रहे आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करके उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस अभियान में पाकिस्तान के पंजाब के बहावलपुर में अहमदपुर व मुरीदके तथा पीओके के बाघ, मुजफ्फराबाद व कोटली में चलने वाले नौ आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद कर दिए। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार ये वही ठिकाने थे जहां से भारत विरोधी आतंकी हमलों की साजिश रची जाती थी और उन्हें संचालित किया जाता था। यह पूरी कार्रवाई नपी-तुली, केंद्रित और गैर उत्तेजक प्रकृति की थी। इसमें पाकिस्तान के किसी सैनिक केन्द्र या नागरिक ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। पहलगाम की घटना के बाद से पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी की जा रही थी। जब भारत ने आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त किया तो पाकिस्तान ने पुंछ के शाहपुर सेक्टर, मेंढर के मनकोट क्षेत्र व कृष्णा घाटी सेक्टर में भारी गोलाबारी प्रारम्भ कर दी। इसके अलावा कुपवाड़ा, बारामूला, उरी व अखनूर सेक्टर में छोटे हथियारों व तोपों का प्रयोग करते हुए गोलाबारी की गई। इसमें सबसे ज्यादा पुंछ सेक्टर प्रभावित हुआ और गोलाबारी में तकरीबन 16 लोगों की मौत हो गई।

## एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त किया

पाकिस्तान यहीं नहीं रुका बल्कि उसने मिसाइलों व ड्रोन से हमले जारी रखे। पाकिस्तान ने मिसाइलों व ड्रोन हमलों के जरिए जम्मू की एयर



स्ट्रिप तथा अन्य जगहों के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना चाहा लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने उसके नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान की ओर से दागी गई सभी मिसाइलों व ड्रोनों को आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। भारत ने पाकिस्तानी मिसाइलों को जम्मू एयरपोर्ट व साम्बा सेक्टर में मार गिराया। जम्मू यूनिवर्सिटी के पास भी दो ड्रोनों को मार गिराया गया। इसके अलावा भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान व जेएफ-17 लड़ाकू विमान को भारतीय वायु सेना ने मार गिराया। पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद भारत के ड्रोन कराची, रावलपिण्डी व लाहौर सहित प्रमुख नौ शहरों में घुसे और लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम एचक्यू-9 ध्वस्त कर दिया। लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने का काम हार्पी ड्रोन्स ने किया।

हार्पी ड्रोन्स को इजराइल की कंपनी इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित किया गया है। यह उन्नत श्रेणी का लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम है जो हवा में मंडराने वाले शत्रु पर नजर रखता है और संकेत मिलते ही उसे नष्ट कर देता है। यह निगरानी व हमला अर्थात दोनों के प्रयोग में लाया जाता है। यह शत्रु की वायु सुरक्षा प्रणाली को नष्ट करने का अचूक हथियार माना जाता है। यह 9 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है और 1000 किलोमीटर तक की रेंज में हमला कर सकता है। 9 मई को पाकिस्तान ने अपने हमलों को और तेज कर दिया। सेना के अनुसार, भारत के जम्मू, सांभा, पठानकोट व अमृतसर समेत कई बड़े शहरों में पाकिस्तानी ड्रोन दिखाई दिए। पाकिस्तान के साथ लगने वाली अन्तरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के पास उत्तर में बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक 26 स्थानों के अलावा बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुवारकोट व लखी नाला में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। इससे एक दिन पहले पाकिस्तान ने घुसपैठ के लिए तकरीबन 400 ड्रोन भेजे थे जिन्हें नाकाम कर दिया गया था। सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने इनमें से 50 को मार गिराया तथा 20 को जाम कर दिया। पाकिस्तान ने यूएवी की मदद से बटिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश की जिसे नाकाम कर दिया गया। चंडीगढ़, पोखरन व जैसलमेर में तो सीमा से 100-200 किलोमीटर अंदर तक ड्रोन आ गए थे जिन्हें बराक-8 व आकाश मिसाइलों, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम व हार्पी ड्रोन्स के द्वारा नष्ट कर दिया गया।

## आधुनिक हथियारों से लैस भारत

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में नागास्त्र, स्कैल्प मिसाइल व हैमर बॉम्ब जैसे अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग करके आतंकवादियों की कमर तोड़ दी थी तो पाकिस्तान को भारत की अन्य मिसाइलों की ताकत पता होनी चाहिए। भारत ब्रह्मोस मिसाइल जल, जमीन व हवा से दागी जा सकती है। पृथ्वी मिसाइल के तीनों वैरियंट 2000 किलोमीटर तक अचूक निशाना लगाने में सक्षम हैं। शौर्य मिसाइल एटमी हमले में सक्षम है। प्रहार मिसाइल अलग-अलग दिशाओं में लक्ष्य भेदने में माहिर है। धनुष व आकाश मिसाइलें आसमान तक तबाही मचा सकती हैं। अमोघ मिसाइल अंधेरे में भी टारगेट करती है। जबकि निर्भय मिसाइल दिशा बदल कर हमला करती है। सागरिका बैलिस्टिक मिसाइल नैविगेशन सिस्टम से लक्ष्य भेद सकती है। अग्नि मिसाइल को भारत के किसी कोने से छोड़े जाने पर पाकिस्तान का हर छोर कवर कर लेगी। इन सबका प्रयोग होने पर पाक का क्या हाल होगा वह खुद समझ सकता है। सामुद्रिक क्षेत्र में भी भारत की ताकत कम नहीं है। भारत के पास विमानवाहक पोत, अन्य युद्धपोत व परमाणु पनडुब्बियां हैं। ये समुद्र में किसी भी चुनौती से निपट सकते हैं।

# भारत को आत्मरक्षा करने का अधिकार



**विश्लेषण**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ स्तंभकार

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले के साथ भारत ने पाकिस्तान पर जिस तरह से चौतरफा शिकंजा कसा है, उससे पाकिस्तान अलग-थलग तो पड़ ही गया है, भारतीय सैन्य हमलों की मार ने दिखा दिया कि पाक की सामरिक रक्षा शक्ति में कोई दम नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की शुरुआत में 9 आतंकी ठिकाने तो तबाह किए ही, अगले दिन भारत ने लाहौर में तैनात पाक की वायु सुरक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया और कराची एवं रावलपिंडी में मिसाइलें दागीं। 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध के बाद यह पहला अवसर था कि रावलपिंडी पर भारत ने सीधा आक्रमण किया। यही नहीं भारत ने पाकिस्तान के उन चुनिंदा नगरों के आतंकी अड्डों पर भी ड्रोन हमले किए, जहां से पाक सेना भारत के नगरों पर हमले करने के लिए तत्पर थी। पाक सेना भारत के 15 स्थलों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की जुगत में थीं, जिसे भारतीय सेना की वायु सुरक्षा प्रणाली एस-400 सुदर्शन चक्र ने आसमान में ही नेस्तनाबूत कर दिया।

## आतंकवाद से निपटना ही लक्ष्य

भारत ने यह जवाबी कार्रवाई तब की, जब बौखलाया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर न केवल उकसावे की कार्यवाही कर रहा था, बल्कि नागरिक आबादियों पर भी हमले कर रहा था। इन हमलों में 16 भारतीय नागरिक मारे गए हैं। चूंकि भारत का लक्ष्य आतंकवाद से निपटना है, जबकि पाकिस्तान आतंकवादियों का समर्थक देष होने के साथ उन्हें पालता-पोसता भी रहा है। अतएव भारत ने आतंक के खिलाफ जो ऑपरेशन चलाया हुआ है, उसके समर्थन में भारत को विश्व समुदाय खुला समर्थन दे रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही कमाल है, कि वैष्विक षक्तियां कह रही हैं कि भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है। इसलिए आतंकियों को पालने वालों का खात्मा होना चाहिए। इस सिलसिले में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, नीदरलैंड और इजरायल के बड़े नेताओं ने भारत द्वारा आत्मरक्षा के लिए चलाए जा रहे सामरिक अभियान का समर्थन किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जेएन बैरों ने कहा है कि फ्रांस आतंकी समूहों के खिलाफ भारत के संघर्ष का समर्थन करता है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋशि सुनक का कहना है कि किसी भी देश को दूसरे देश से होने वाले आतंकी हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। अतएव भारत का आतंकवाद के ढांचे पर हमला उचित है। आतंकवादियों को बिना सजा दिए नहीं छोड़ा जा सकता है। इजरायल के राजदूत आर अजार ने कहा, भारत को आत्मरक्षा का पूरा हक है, आतंकवादियों के अपराधों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। अमेरिकी सांसद थानेदार ने कहा कि आतंकी बिना दंड मिले आतंकवाद नहीं छोड़ सकते हैं। भारत को अपनी रक्षा का अधिकार है, हम भारत के साथ हैं। भारतीय मूल की रिपब्लिकन नेता और यूएन में अमेरिका की राजदूत रहीं निकी हेली ने दुख जताते हुए कहा कि आतंकी हमले में दर्जनों भारतीय मारे गए हैं। इसलिए भारत के पास अपनी सुरक्षा और जवाबी




कार्यवाही का पूरा अधिकार है। पाकिस्तान खुद को पीड़ित के तौर पर प्रदर्शित न करे, किसी भी देश को आतंकवाद का पोषण करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इसी मुद्दे पर ब्रिटिश की संसद में चर्चा हुई। इसमें भारतीय मूल की सांसद प्रीति पटेल ने आक्रामक लहजे में कहा कि भारत को अपनी रक्षा के लिए सख्त कदम उठाने का अधिकार है। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा बन गए हैं। यह वही देश है, जहां अमेरिका पर आतंकी हमले का दोषी ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था।

## भारत का आत्मबल मजबूत

तय है, विश्व के प्रमुख देशों के इस समर्थन से भारत का आत्मबल मजबूत बना रहेगा। यदि पाकिस्तान हठी रुख अपनाए रखता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देकर पाकिस्तान और उसकी आतंक परस्त सेना के हौसले पस्त कर देगा। यानी पाकिस्तान पीछे नहीं हटता तो युद्ध के हालात गंभीर होंगे और पाक को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत अब नियंत्रण रेखा हो या अंतरराष्ट्रीय सीमा लांघने से संकोच नहीं करेगा। भारत ने यह 2016 और 2019 में पाक स्थित आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक करके दिखा भी दिया था। वे दिन लद गए जब आतंकियों द्वारा कराए गए छद्म युद्ध में केंद्र में स्थित सरकारें कठोर निर्णय लेने में हिचकिचाती रही हैं। पहलगाम हमले के बाद जिन पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया गया था, तब प्रधानमंत्री ने संकल्प लेते हुए कहा था कि इस बार आतंकियों को कल्पना से परे सजा दी जाएगी।

## भारत की मजबूत रणनीति

अंततः मोदी ने सेना के तीनों अंगों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर मजबूत रणनीति बनाई और फिर आतंकियों और पाक के सुरक्षा उपकरणों को दो दिन के भीतर जमींदोज कर दिया। हालांकि युद्ध के संकल्प को तार्किक कामयाबी तक पहुंचाना मुश्किल होता है। क्योंकि कोई भी सैन्य कार्यवाही न सरल होती है और न ही एकतरफा होती है, लेकिन मोदी के नेतृत्व ने पाकिस्तानी सेना के मंसूबों और उसके सरपरस्त आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दुनिया को यह जता दिया कि भारत और हिंदू धर्म के लिए स्त्री के सुहाग का कोई मोल नहीं है। आरंभ में यह सैनिक अभियान नहीं था, लेकिन जब पाक सेना ने सीमा पर गोलाबारी करके भारतीय नागरिकों को मौत के घाट उतारना शुरू कर दिया तो भारत को हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बावजूद पाक सेना को भारत प्रत्यक्ष निशाना नहीं बना रहा है। नागरिक वस्तुओं पर हमला करने से बच रहा है। हां, आतंकी ठिकानों पर जरूर हमले किए हैं, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। इस अर्थ में भारत की यह कार्रवाई रक्षात्मक थी। नतीजतन पाक को जवाबी कार्रवाई की कोई नैतिक गुंजाइश नहीं रह गई थी। बावजूद पाकिस्तान ने नागरिक बस्तियों पर हमले बोले। अलबत्ता भारत ने जो पलटवार किया है, वह संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अंतर्गत ही किया है। इस हमले के बाद भारत के पक्ष में जिस तरह विश्व समुदाय उठ खड़ा हुआ है, उससे पाक फिलहाल अलग-थलग पड़ गया लग रहा है। जाहिर है, मोदी ने अनेक देशों की यात्राएं करके जो द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंध राष्ट्रहित में बनाए हैं, वे अब फलीभूत होते लग रहे हैं। इसीलिए कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पाने की वजह से एक तो पाक बौखला रहा है, दूसरा उसका मनोबल भी टूट रहा है। मोदी ने वैश्विक आतंकवाद से लड़ने के लिए बीते पांच साल से जो मुहिम चलाई हुई थी, वह एक रंग में रंगी दिखाई दे रही है। उधर, बलूचिस्तान ने पाकिस्तान की सभी चौकियों से सेना को खदेड़कर स्वतंत्र देश की मांग संयुक्त राष्ट्र से कर दी है और पीओके के नागरिक भारत में विलय की मांग कर रहे हैं, यानि पाकिस्तानी की मुश्किलें अभी और बढ़ेंगी।


फाइल फोटो

मौसम विभाग ने नया पूर्वानुमान जारी किया

# 4 दिन पहले पहुंचेगा मानसून, सामान्य से ज्यादा होगी बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

**16 साल बाद सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा**

## दक्षिण पश्चिमी मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना

### 13 तक अंडमान निकोबार में दस्तक होगी




केरल में मानसून के जल्दी या देर से आने का मतलब देश में ज्यादा या कम बारिश होना नहीं है। इसमें कई अन्य फैक्टर शामिल होते हैं। हाल में मौसम विभाग ने बताया था कि इस साल दक्षिणी अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीपसमूह में मानसून 13 मई को ही आगे बढ़ सकता है।

### देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम

मौसम विभाग ने बताया कि 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है।

### 105 प्रतिशत बारिश की उम्मीद

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान 105 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जो औसत बारिश 87 सेंटीमीटर से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को 2.2 करोड़ दें




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक लोक अदालत ने साल 2023 में एक सड़क हादसे में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को शनिवार को 2.2 करोड़ का मुआवजा प्रदान किया। प्रधान जिला न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने दावा अधिकरण के सदस्य एसएन शाह और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ईश्वर सूर्यवंशी की उपस्थिति में दावेदारों को चेक सौंपा।

### तनाव के बीच 'मिस वर्ल्ड' स्थगित करें



**हैदराबाद।** हैदराबाद में 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता शुरू होने से कुछ घंटे पहले, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता ने शनिवार को तेलंगाना सरकार से भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण इसका कार्यक्रम पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया। राज्य सरकार मिस वर्ल्ड कार्यक्रम को स्थगित करे।

### एनकाउंटर फिर गैंगरेप के 3 आरोपी गिरफ्तार



**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर में चलती कार में नाबालिग से गैंगरेप करने वाले आरोपियों की पुलिस की मुठभेड़ हुई है। थाना खुर्जा नगर व थाना अरनिया पुलिस की संयुक्त टीम की दरिंदों से मुठभेड़ हुई।गोली लगने से गाज़ियाबाद निवासी गौरव और सूरजपुर निवासी संदीप घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### किश्तवाड़ में महसूस किए भूकंप के झटके



**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजकर 14 मिनट पर किश्तवाड़ की धरती हिलती नजर आई। जिससे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यहां तीन बजकर 14 मिनट पर 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता 2.7 थी। केंद्र किश्तवाड़ में 5 किमी अंदर था।


### चचेरे भाई का कत्ल कर मांगी 5 लाख फिरौती



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के चांदपुर में 5लाख की फिरौती के लिए सातवीं कक्षा के छात्र का अपहरण किया। छात्र पर ही परिवार वालों से 5 लाख मंगवाने का दबाव बनाया। छात्र के इनकार करने पर भेद खुलता देख छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने चचेरे भाई समेत 5 आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कर खुलासा किया है।

### जयराम बोले- पीएम मोदी राजनीतिक दलों को विश्वास में लें

# संघर्ष विराम की घोषणा के बाद सर्वदलीय बैठक हो, प्रधानमंत्री करें अध्यक्षता: कांग्रेस



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के चार दिन बाद भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के ऐलान कर दिया है। संघर्ष विराम लागू होने के बाद कांग्रेस ने मांग की है कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस ने कहा कि सरकार पिछले 18 दिनों की घटनाओं पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ओर से किए गए ऐलान के मद्देनजर अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। उन्होंने कहा कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए जिसमें पिछले अठारह दिनों की घटनाओं पर चर्चा हो, जिसमें क्रूर पहलगाम आतंकी हमलों और आगे की रणनीति शामिल हो तथा सामूहिक संकल्प प्रदर्शित हो।

## ओवैसी ने सरकार से पूछा कि हम तटस्थ क्षेत्र पर बातचीत करने के लिए क्यों सहमत हो रहे?

### 4 सवाल, पाक नहीं सुधरा तो सीजफायर के होने या न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह बना रहेगा तब तक दोनों देशों के बीच स्थायी शांति नहीं आ सकती। ऐसे में सीजफायर के होने या न होने से कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ता।

ओवैसी ने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री ने किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति के बजाय संघर्ष विराम की घोषणा की होती। हम शिमला (1972) के समझौते से हमेशा तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ रहे हैं। हमने अब इसे क्यों स्वीकार कर लिया है? मुझे उम्मीद है कि कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह हमारा आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदारों



को सजा मिलनी ही चाहिए। मैं हमेशा बाहरी आक्रमण के खिलाफ सरकार और सशस्त्र बलों के साथ खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं सशस्त्र बलों को उनकी बहादुरी और उनके सराहनीय कौशल के लिए धन्यवाद देता हूं। ओवैसी ने कहा कि मुझे यह भी उम्मीद है कि भारतीय राजनीतिक दल पिछले दो हफ्तों से सीख लेंगे। भारत तब मजबूत होता है जब वह एकजुट होता है। जब भारतीय ही भारतीयों से लड़ते हैं तो हमारे दुश्मनों को फायदा होता है।

ओवैसी ने आगे कहा कि मेरे कुछ सवाल हैं और मुझे उम्मीद है कि सरकार स्पष्ट करेगी। ओवैसी ने सरकार से पूछा कि हम तटस्थ क्षेत्र पर बातचीत करने के लिए क्यों सहमत हो रहे हैं? इन वार्ताओं का एजेंडा क्या होगा? क्या संयुक्त राज्य अमेरिका यह गारंटी देता है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का उपयोग आतंकवाद के लिए नहीं करेगा?

क्या हमने पाकिस्तान को भविष्य में आतंकी हमले करने से रोकने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है? क्या हमारा लक्ष्य ट्रंप की मध्यस्थता से युद्ध विराम करवाना था या फिर पाकिस्तान को ऐसी स्थिति में लाना था कि वह किसी और आतंकी हमले के बारे में सपने में भी न सोचे?

## अन्य सियासी दलों ने भी दी अपनी प्रतिक्रिया

### आतंकवाद के खिलाफ भारत का अडिग रुख



ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की सराहना करता हूं। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों और आतंकवाद को समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में शानदार काम किया है।

### आतंकवाद के मुकाबले पर दें ध्यान: सिद्धारमैया



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि भारत पाकिस्तान दोनों संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए। हमें आतंकवाद का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

### संघर्ष विराम दोनों देशों के लिए अच्छा: परमेश्वर



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि दोनों देश लड़ाई को आगे न बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। इसकी मध्यस्थता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। मैं इसका स्वागत करता हूं। हमारे सीएम ने आधिकारिक तौर पर इसका स्वागत किया है। यह दोनों देशों के लिए अच्छा है।

### भारत ने युद्ध कभी नहीं चाहा, हम पर थोपा गया



आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि इतिहास में भारत ने कभी युद्ध नहीं चाहा, युद्ध हमेशा हम पर थोपा गया, लेकिन जब भी हमने युद्ध लड़ा है, हमने बहादुरी से लड़ा है। मैं सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं। हमारे सशस्त्र बलों ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है। नागरिकों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाया गया।

### भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष

# केरल के 75 छात्रों को बाह्य राज्यों से वापस लाया गया




एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली

कुछ सीमावर्ती राज्यों के विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे केरल के लगभग 75 छात्र भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष के बीच अपने घर वापस आ रहे हैं। राज्य सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जम्मू, राजस्थान, पंजाब और पाकिस्तान की सीमा से लगे अन्य स्थानों के विभिन्न केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के छात्र दिल्ली स्थित केरल हाउस पहुंचे। इसमें कहा गया है कि छात्र विभिन्न उड़ानों और ट्रेनों के माध्यम से केरल पहुंचे। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कुछ छात्रों ने कहा कि पंजाब के जालंधर जैसे स्थानों पर ड्रोन हमले अभी भी जारी हैं और उनके जैसे कई अन्य लोग घर वापस जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हवाई या रेल टिकट मिलने में कठिनाई हो रही है।

### माकपा ने रेल मंत्री से की गुजारिश

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और सीमावर्ती राज्यों में उत्पन्न तनाव के मद्देनजर पंजाब और कश्मीर में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से फोन पर बात की है। सतीशन ने कहा कि केरल के करीब 240 छात्र संघर्ष प्रभावित राज्यों में हैं और वे वहां डर के साये में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में तत्काल कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य ए ए रहीम ने सीमावर्ती राज्यों में फंसे लोगों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और वापसी के लिए सुविधा देने की बात कही।

### विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएं

रहीम ने कहा कि सीट उपलब्ध न होने के कारण अपने घर पहुंचने के लिए ट्रेन टिकट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ट्रेन में भीड़भाड़ और पर्याप्त कनेक्टिविटी की कमी से भारी कठिनाई हो रही है, जिससे कई लोग विभिन्न शहरों में फंस गए हैं या यात्रा के वैकल्पिक साधनों के लिए अत्यधिक कीमत चुकाने को मजबूर हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि उत्तर-दक्षिण के प्रमुख मार्गों पर चलने वाली सभी ट्रेन में कोच की संख्या बढ़ाई जाए, खासकर केरल से गुजरने वाली ट्रेनों में तथा उत्तर और पश्चिमी भारत के प्रमुख स्टेशन से केरल और अन्य प्रभावित राज्यों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएं।

### चंडीगढ़ और मुंबई में लगाए गए ब्लड कैंप

तनाव के बीच देशभक्ति की मिसाल

# ड्यूटी पर तैनात जवानों के काम आएंगे ये खून, बढ़-चढ़कर लोग ले रहे भाग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सेना इस वक्त पाकिस्तान के साथ चल रहे विवाद के चलते बॉर्डर इलाकों पर अपना काम बखूबी कर रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान ने दूसरे देशों के हथियारों के भरोसे लगातार दूसरे दिन भी भारत के 20 से ज्यादा शहरों को निशाना बनाया, जिस पर भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी ड्रोन को मार गिराया है।

इसी बीच ड्यूटी पर तैनात जवानों की मदद के लिए चंडीगढ़ और मुंबई में रक्तदान के लिए लोगों से आग्रह किया जा रहा है और कई जगहों पर ब्लड कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। पीजीआईएमईआर अस्पताल ने जवानों की सहायता के लिए आपातकालीन रक्त भंडार बनाने हेतु स्वैच्छिक रक्तदान का आग्रह किया है।



### 'रक्तदान देश के नाम'

मुंबई के नायर अस्पताल ने भी देश के सैनिकों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया, इसका स्लोगन दिया गया 'रक्तदान देश के नाम'। नायर अस्पताल ने कहा कि आज ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया ताकि अगर भविष्य में रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो किसी भी प्रकार से की कमी नहीं पढ़नी चाहिए। लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



### हत्या, बलात्कार का आरोपी 17 साल बाद धरा गया

**नई दिल्ली।** पिछले 17 साल से फरार हत्या और बलात्कार के एक आरोपी को महाराष्ट्र में एक चलती ट्रेन से पकड़ा गया और उसे दिल्ली लाया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह बिहार में 2008 में हुई हत्या के एक मामले में वांछित था, जिसमें उसने 5 साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

### चारधाम यात्रा पर मुख्यमंत्री धामी ने लोगों का संदेह किया दूर

इस आयोजन पर किसी तरह का कोई खतरा नहीं

# यात्रा निर्बाध शुरू रहेगी, हेलीकॉप्टर सेवा भी पूरी तरह से संचालित की जाएगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच पूरे देश में अलर्ट है। इसी बीच लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि, क्या उत्तराखंड में चल रही चारधाम की यात्रा पर भी इसका कोई असर पड़ेगा। यात्रा को लेकर सोशल चल रही खबर को लेकर सीएम धामी ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि प्रिय श्रद्धालुगण, प्रदेश में चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित है। अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं भी पूरी तरह से संचालित हैं।

### अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें



अफवाह को लेकर उत्तराखंड पुलिस ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा था कि चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें,उत्तराखंड पुलिस आपकी सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

**लोग केदारनाथ के भी करें दर्शन**

केदारनाथ की हेली सेवा फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गई है, जो यात्रा को लेकर एक राहत की खबर है। यह कुछ घंटों तक हेली सेवा में रुकावट के बाद अब सभी हवाई यात्रा मार्गों को फिर से खोल दिया गया है। जंग के हालात को देखते हुए बंद करने की खबर थी।

### भारतमाला एक्सप्रेस-वे देश के लिए 'ब्रह्मास्त्र' के रूप में उभरा

# भारत की सामरिक ताकत का मजबूत आधार बना

एजेंसी ▶▶ जालौर

पाक बॉर्डर से सिर्फ 40 किलोमीटर दूर राजस्थान की अगड़ावा हवाई पट्टी वॉर मोड में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। राजस्थान के रेतीले धोरों में बसा जालोर आज देश की सुरक्षा में एक अहम भूमिका निभा रहा है। जालोर जिले के अगड़ावा गांव में बनी एयरस्ट्रिप अब भारत की सामरिक ताकत का मजबूत आधार बन चुकी है। जहां कभी बैलगाड़ियां चलती थीं, आज वहां भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट उतरते हैं।

**बैलगाड़ियों की जगह आज फाइटर उड़ रहे**

## सीमा से 40 किमी दूर पाकिस्तान के लिए बना तबाही का कारण



### रनवे सेना के लिए सुविधाजनक

अगड़ावा हवाई पट्टी भारतमाला एक्सप्रेस-वे का हिस्सा है, जो जालोर और बाड़मेर की सीमा से होकर गुजरता है। इस जगह को खास बनाती है। इसकी भौगोलिक स्थिति-क्योंकि पाकिस्तान की सीमा यहां से महज 40 किलोमीटर दूर है। ऐसे में ये रनवे युद्ध की स्थिति में भारतीय सेना के लिए एक वैकल्पिक और रणनीतिक आधार बनकर उभरा है।

**तकनीकी विकास और स्वनिर्भरता का प्रतीक**

यह एयरस्ट्रिप सिर्फ एक हवाई पट्टी नहीं है अपितु यह जालोर की मिट्टी में बसी देशभक्ति, तकनीकी विकास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। अगड़ावा नई सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है।

**लड़ाकू विमान सफलतापूर्वक लैंडिंग कर रहे**

9 सितंबर 2021 कोरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस एयरस्ट्रिप का उद्घाटन किया था। तभी से सी-130 हरक्यूलिस, सुखोई-30, जगुआर और एएन -32 जैसे लड़ाकू विमानों यहां उतर रहे।

### भारत की नई सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा

करीब 33 करोड़ से तैयार ये हवाई पट्टी 3 किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी है। दोनों सिरों पर विमान पार्किंग के लिए विशेष जोन बनाए गए हैं। एक्सप्रेस-वे की वजह से देश के अलग-अलग कोनों से यहां तेज और आसान कनेक्टिविटी भी संभव है। अगड़ावा एयरस्ट्रिप न सिर्फ सैन्य दृष्टि से, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी गौरव का कारण है। कभी खेती और सीमित संसाधनों का क्षेत्र माना जाने वाला अगड़ावा, आज देश की सुरक्षा का प्रहरी बन गया है। जालोर जैसे सीमांत जिले के लिए यह बदलाव प्रेरणादायक है।

### गेल ने ऊर्जा परियोजनाओं में किया समझौता

# 5 साल में 1 गीगावाट तक का नव ऊर्जा संयंत्र बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उपयोगिता कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कर्नाटक सरकार के साथ राज्य में एक गीगावाट तक की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की संभावना तलाशने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि कर्नाटक सरकार गेल को राज्य सरकार की मौजूदा नीतियों और नियमों और विनियमों के अनुसार राज्य के संबंधित विभागों से अनुमति,पंजीकरण, मंजूरी प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करेगी।



### मंत्रियों की उपस्थिति में साइन किए गए

कंपनी 2035 तक अपने परिचालन के लिए शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य बना रही है। एमओयू पर हस्ताक्षर बेंगलुरु में बड़े और मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल और ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज की उपस्थिति में अधिकारियों के बीच किया गया।



# तुरंत मिल सकता है 20 हजार रुपये का लोन, पे-स्लिप भी जरूरी नहीं

सुझाव | बिजनेस डेस्क

कभी-कभी जिंदगी में अचानक पैसों की जरूरत पड़ जाती है। कोई मेडिकल इमरजेंसी, घर में कोई परेशानी या जरूरी खर्च, लेकिन अगर आपकी कोई सैलरी नहीं है, तो लोन मिलना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में आदमी परेशान हो जाता है। हालांकि ऐसी स्थिति में भी आपको घबराना नहीं चाहिए, बल्कि सूझबूझ से काम लेना चाहिए। अच्छी बात यह है कि आज कई डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म ऐसे लोगों को भी लोन दे रहे हैं, जिनके पास सैलरी स्लिप नहीं है। यानी अगर आप पारंपरिक नौकरीपेशा नहीं हैं, तब भी 20,000 रुपये तक का लोन बड़ी आसानी से आपको मिल सकता है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि आप कैसे बिना सेलरी स्लिप के भी बड़े आराम से 20000 रुपये तक का लोन लेकर अपने खर्च को चला सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा परेशान होनी की भी जरूरत नहीं है। सिर्फ आपको अपना क्रेडिट स्को मेंटेन करना है। लोन के लिए क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच होना जरूरी है। यह आपके लोन चुकाने की क्षमता को दर्शाता है।

## लोन लेने से पहले ध्यान दें

**क्रेडिट स्कोर**
लोन के लिए क्रेडिट स्कोर बहुत जरूरी होता है। यह 300 से 900 के बीच का एक नंबर होता है, जो आपकी लोन चुकाने की क्षमता बताता है। अगर आपका स्कोर 750 से ऊपर है, तो बिना सैलरी स्लिप के भी लोन मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

**इनकम प्रूफ**
अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं या फ्रीलांसर हैं, तो इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर), बैंक स्टेटमेंट या इनकम सर्टिफिकेट से अपनी आमदनी दिखा सकते हैं।

**गारंटर या गिरवी**
अगर आपके पास सैलरी नहीं है, तो कुछ बैंक या लेंडर गारंटर या कोई संपत्ति गिरवी रखने पर लोन दे सकते हैं। गारंटर की स्थायी इनकम आपके लोन अप्रूवल में मदद कर सकती है।

**सिक्योर्ड लोन विकल्प**
अगर आप कोई गहना या अन्य संपत्ति गिरवी रखते हैं, तो सिक्योर्ड लोन लेना आसान हो सकता है। इससे लेंडर को भरोसा होता है कि लोन वापस मिलेगा।

**पुराने लेंडर से संबंध**
अगर आपने पहले किसी लेंडर से लोन लिया है और समय पर चुकाया है, तो वह आपको दोबारा आसानी से लोन दे सकता है – भले ही सैलरी स्लिप न हो।

**को-अप्लिकेंट के साथ लोन लें**
अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ लोन अप्लाई करते हैं जिसकी क्रेडिट हिस्ट्री अच्छी हो, तो लोन मिलने के चांस बढ़ जाते हैं।

**जरूरी डॉक्युमेंट्स**
■ **केवाईसी डॉक्युमेंट्स** : आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि ■ **पते का प्रमाण** : बिजली बिल, रेंट एग्रीमेंट, राशन कार्ड ■ **वैकल्पिक इनकम प्रूफ** : बैंक स्टेटमेंट, आईटीआर, या बिज़नेस से जुड़ा कोई दस्तावेज ■ लोन अप्लाई करने का प्रोसेस ■ सभी डॉक्युमेंट्स तैयार रखें ■ केवाईसी पते का प्रमाण और इनकम प्रूफ साथ रखें ताकि प्रोसेस जल्दी हो सके।

**एलिजिबिलिटी चेक करें**
लोन अप्लाई करने से पहले बैंक या ऐप पर अपनी योग्यता चेक करें। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी और लोन मिलने में आसानी भी होगी।

**लोन अमाउंट और अवधि तय करें**
ईएमआई कैलकुलेटर का इस्तेमाल करके देखें कि 20,000 रुपये का लोन कितनी ईएमआई में चुकाया जा सकता है। इससे आपकी योजना मजबूत बनेगी।

**क्या कहते हैं जानकार**
बैंकिंग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी को इमरजेंसी में पैसों की जरूरत है, तो बैंक से मदद ली जा सकती है। उनका कहना है कि बैंक तात्कालिक जरूरतों के लिए टेम्परी ओवरड्राफ्ट की सुविधा देते हैं। इसके अलावा, ग्राहक पर्सनल लोन भी ले सकते हैं।" पर्सनल लोन पर ब्याज दर 10% से 24% सालाना तक हो सकती है, जो हर बैंक में अलग-अलग होती है। इसकी अवधि आमतौर पर 1 साल से 3 साल तक हो सकती है।

---

## चांदी का वॉल्यूम 313 करोड़ रुपये पर पहुंचा, इस गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की मांग जबरदस्त बढ़ी

# लगातार चमक रही चांदी, इसके आगे सोना फेल, सिल्वर ईटीएफ में 3.3 गुना तेजी आई



निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

- ईटीएफ एक आकर्षक निवेश का विकल्प बन रहे
- बेहतर लिक्विडिटी के कारण ट्रेडिंग में रुकावट नहीं आती
- निवेशक भी इसमें बढ़चढ़कर दिलचस्पी दिखा रहे

> फिजिकल गोल्ड में निवेश करने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, और इसके साथ ही यह जागरूकता भी बढ़ रही है कि खरीदे गए सोने की शुद्धता की जांच जरूरी है। लोग अब जांच परख के बाद ही सोना खरीद रहे हैं।

इस साल चांदी की चमक लगातार बढ़ती जा रही है। चांदी की रफ्तार के आगे सोना भी फेल हो गया। हालांकि सोने ने भी इस अपना सर्वकालिक उच्च सतर हासिल किया है, लेकिन देखा जाए तो चांदी सोने से काफी आगे निकली है। इस साल सिल्वर ईटीएफ में 3.3 गुण तक की तेजी देखने को मिली है। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, पूरे इंडस्ट्री का कुल वॉल्यूम लगभग 2.9 गुना बढ़कर 644 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि पिछले साल यह 224 करोड़ रुपये पर था। इस तेज बढ़त से यह साफ है कि त्योहारों के मौके पर एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। स्थानीय निवेशक भी इसमें बढ़चढ़कर दिलचस्पी दिखा रहे हैं। ऐसे में सिल्वर ईटीएफ निवेश का सबसे बढ़िया विकल्प बनकर उभर रहे हैं।

गोल्ड ईटीएफ में बीते एक साल में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। 30 अप्रैल 2025 तक इनका ट्रेडिंग वॉल्यूम 130 करोड़ से 2.5 गुना बढ़कर 331 करोड़ हो गया। हालांकि, सिल्वर ईटीएफ की बात करें तो इसने भी शानदार प्रदर्शन किया। इसका वॉल्यूम 95 करोड़ से 3.3 गुना की जबरदस्त ग्रोथ लेकर 313 करोड़ पहुंच गया। ट्रेडिंग वॉल्यूम के लिहाज से सिल्वर ईटीएफ इस साल का सबसे तेज ग्रोथ देने वाला सेगमेंट बन गया। इसने इस मामले में सोने को भी पीछे छोड़ दिया।



### ईटीएफ में तेजी की वजह

**सुविधा**
ट्रेडिंग वॉल्यूम में आई इस तेज बढ़ोतरी के पीछे कई अहम कारण हैं। जैसे निवेशकों को सोने या चांदी में निवेश करने के लिए अब उसकी शुद्धता या सुरक्षित स्टोरेज की चिंता नहीं करनी पड़ती। ईटीएफ को शेयर की तरह ही डिमैट अकाउंट के जरिए खरीदा-बेचा जा सकता है। इससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती और इसे खरीदना और बेचना बेहद आसान है। इसमें एसआईपी की तरह ही निवेश किया जा सकता है।

**लागत में बचत**
फिजिकल गोल्ड खरीदने पर मेकिंग चार्ज, स्टोरेज खर्च और शुद्धता का जोखिम जुड़ा होता है। इसके मुकाबले ईटीएफ में लेनदेन की लागत कम होती है और बेहतर लिक्विडिटी के कारण ट्रेडिंग में रुकावट नहीं आती। इसलिए यह निवेश का एक बेहतरीन विकल्प बनकर सामने आ रहा है और निवेशकों को मालामाल कर रहा। इसलिए इस सेगमेंट में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है।

**निवेशकों की रुचि**
पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया पर फिजिकल गोल्ड की बिक्री में तेजी देखने को मिलती है। अब यही रुझान एक्सचेंज पर भी नजर आ रहा है। इंडस्ट्री लेवल पर गोल्ड ईटीएफ का टर्नओवर सालाना आधार पर 2.5 गुना बढ़ा है, जबकि सिल्वर ईटीएफ का टर्नओवर 3.3 गुना बढ़ा है। सिल्वर की तेज बढ़त यह संकेत देती है कि निवेशक अब सिर्फ गोल्ड तक सीमित नहीं हैं और पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन की ओर बढ़ रहे हैं। उदाहरण के लिए बता दें कि वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ का औसत डेली वॉल्यूम, कुल ईटीएफ टर्नओवर का लगभग 60% था। यह दर्शाता है कि इन प्रोडक्ट्स की पकड़ भारतीय बाजार में लगातार मजबूत हो रही है।

### लोअर इम्पैक्ट कॉस्ट्स भी ईटीएफ को बना रहे आकर्षक

अक्षय तृतीया के दिन इंडस्ट्री-वाइड आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में औसत इम्पैक्ट कॉस्ट 20 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) रही। हालांकि, कुछ प्रमुख ईटीएफ में यह लागत सिर्फ 2 बीपीएस तक ही रही। सिल्वर ईटीएफ में औसतन इम्पैक्ट कॉस्ट 32 **bps** रही, लेकिन सबसे ज्यादा लिक्विड ईटीएफ में यह घटकर लगभग 3 बीपीएस तक आ गई। हाई लिक्विडिटी से ईटीएफ अपने अंडरलाइन एसेट प्राइस को बेहतर तरीके से ट्रैक करते हैं, जिससे निवेशकों को ज्यादा सटीक एक्सपोजर मिलता है।

### क्या पोर्टपोलियो में गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ शामिल करना चाहिए

हालांकि गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इनकी भूमिका पोर्टफोलियो में एकदम खास होती है। वैल्यू रिसर्च इसे विस्तार से समझाता है।

■ डाइवर्सिफायर (विविधता लाने वाले एसेट): ऐतिहासिक रूप से गोल्ड और सिल्वर का इक्विटी मार्केट से कम संबंध होता है। इस वजह से ये पोर्टफोलियो में जोखिम को कम करने में मददगार साबित होते हैं।

■ बेशकीमती धातु (प्रेशियस मेटल्स): आमतौर पर महंगाई बढ़ने या भू-राजनीतिक तनाव के समय बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, ये एसेट ग्रोथ देने वाले प्रमुख निवेश विकल्प नहीं माने जाते।

■ लॉन्ग टर्म में इक्विटी ने गोल्ड और सिल्वर दोनों से बेहतर रिटर्न दिया है। उदाहरण के तौर पर, पिछले एक दशक में गोल्ड ने औसतन 7-8% सालाना रिटर्न दिया है, जबकि इक्विटी मार्केट ने करीब 12-14% सालाना रिटर्न दिया है।

■ सिल्वर की बात करें तो उसमें थोड़ा अलग ट्रेंड देखा जाता है, क्योंकि यह आंशिक रूप से एक इंडस्ट्रियल मेटल भी है। इसलिए इसकी कीमतें मैन्युफैक्चरिंग डिमांड और निवेशकों की धारणा दोनों से प्रभावित होती हैं। यही वजह है कि सिल्वर ईटीएफ थोड़े ज्यादा वोलाटाइल हो सकते हैं, लेकिन जो निवेशक जोखिम समझते हैं उनके लिए यह एक दिलचस्प डाइवर्सिफायर बन सकता है।

---

## समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें

# पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां को दे सकते हैं कुछ खास तोहफे

जानकारी | बिजनेस डेस्क

> इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां के लिए कुछ खास प्लान कर सकते हैं। कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा, बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप अपनी मां को भेंट कर सकते हैं।

मदर्स डे यानी मां के नाम एक खास दिन। इस बार 11 मई, रविवार को हम सब अपनी मां के लिए कुछ खास करने की तैयारी में हैं। ये दिन हर उस मां के लिए समर्पित होता है जो अपने बच्चों की तरक्की के लिए बिना थके, बिना किसी उम्मीद के लगातार योगदान देती हैं। इस दिन बच्चे अपनी मां को खुश करने के लिए उन्हें सरप्राइज गिफ्ट देते हैं, बाहर खाना खिलाने ले जाते हैं या फिर घर पर खुद खाना बनाते हैं। लेकिन इस बार आप मां को कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप मदर्स डे पर अपनी मां को भेंट कर सकते हैं। अगर आप इस बार एक समझदारी भरा और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो फाइनेंशियल गिफ्ट्स पर जरूर सोचें। ये गिफ्ट्स मां को टैक्स बचाने, बेहतर रिटर्न पाने और हेल्थ कवर जैसे फायदे भी दे सकते हैं।

### 1. पीपीएफ (पब्लिक प्रॉविडेंट फंड)

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) एक सुरक्षित और टैक्स बचत वाली स्कीम है, जिसमें हर वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये तक निवेश किया जा सकता है। इसमें खाता खुलने के तीसरे साल से छठे साल तक लोन की सुविधा मिलती है, जबकि सातवें साल से हर साल आंशिक निकासी की अनुमति भी होती है। ऐसे में यह खाता 15 साल में मैच्योर होता है, लेकिन इसे 5-5 साल के ब्लॉक में जितनी बार चाहें बढ़ाया जा सकता है। परिपक्वता के बाद बिना नया निवेश किए भी खाता चालू रखा जा सकता है और ब्याज मिलता रहेगा। खाते में जमा राशि पर आयकर की धारा 80-सी के तहत टैक्स छूट मिलती है और ब्याज पूरी तरह टैक्स फ्री होता है (धारा 10)। साथ ही, इस खाते की राशि कोर्ट के किसी आदेश से जब्त नहीं की जा सकती।



### 2. फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी)

मां को आप फिक्स्ड डिपॉजिट का गिफ्ट भी दे सकते हैं। इसमें सालाना 6-7% ब्याज मिलता है। हालांकि ब्याज पर टैक्स लगता है, लेकिन अगर आपकी मां वरिष्ठ नागरिक हैं और उनकी आय टैक्सेबल लिमिट से कम है, तो वो फॉर्म 15जी/15एच भरकर टीडीएस से छूट ले सकती हैं। यह भी मां के लिए एक खास गिफ्ट हो सकता है।

### 3. हेल्थ इंश्योरेंस

अगर आपकी मां के पास पहले से एक हेल्थ पॉलिसी है, तब भी आप उन्हें एक अतिरिक्त हेल्थ कवर गिफ्ट कर सकते हैं। मान लीजिए उनके पास 5 लाख की पॉलिसी है और आप उन्हें 5 लाख रुपये की एक और पॉलिसी गिफ्ट करते हैं, तो उनका कुल मेडिकल कवर 10 लाख रुपये हो जाएगा। यह गिफ्ट मात्र 6,000 से 10,000 रुपये के बीच में मिल सकता है। इससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंता खत्म होगी।

### 4. सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम

अगर आपकी मां की उम्र 60 साल से ज्यादा है, तो आप उनके नाम से सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस) में खाता खुलवाकर उन्हें एक शानदार तोहफा दे सकते हैं। इस स्कीम में अभी 8.20% सालाना ब्याज मिल रहा है। यह योजना न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि नियमित आय का भी जरिया बन सकती है।

### 5. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी)

अगर आप मां को इस बार सोना गिफ्ट करना चाहते हैं, तो फिजिकल गोल्ड की जगह सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करें। इसमें सोने की कीमत के साथ ब्याज भी मिलता है। यह निवेश न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि लंबे समय में अच्छा रिटर्न भी देता है।

---




# घर की रजिस्ट्री में पत्नी का भी नाम डालें, 3 लाख तक की बचत होगी

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी रियल एस्टेट में निवेश कर टैक्स बचाना चाहते हैं तो आप मकान की रजिस्ट्री में पत्नी का नाम भी डालें। इससे आप तीन लाख रुपये तक का टैक्स बचा सकते हैं। अक्सर कहा भी जाता है कि रियल एस्टेट निवेश के सबसे अच्छे विकल्पों में से एक है। बढ़ती आबादी और तेज शहरीकरण के चलते हाउसिंग सेक्टर कुछ साल से अच्छी ग्रोथ भी देख रहा है। इस सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2016 में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) स्थापित की थी। इसका उद्देश्य रियल एस्टेट में पारदर्शिता लाना, जवाबदेही तय करना, दक्षता बढ़ाना और घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा करना है। इससे निवेशकों के बीच रियल एस्टेट को लेकर भरोसा बढ़ा है। इस सेक्टर में निवेश करके आप खुद के घर का सपना भी पूरा कर सकते हैं। इसके साथ ही न सिर्फ अच्छा रिटर्न कमा सकते हैं, बल्कि आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत टैक्स बेनिफिट्स भी ले सकते है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ तरीके, जिससे आप निवेश के साथ टैक्स भी बचा पाएंगे और अपने घर के साथ -साथ अच्छा मुनाफा व बचत भी कर पाएंगे। ये टिप्स आपके लिए बेहद जरूरी हो सकते हैं।

### स्टाम्प ड्यूटी की छूट

घर की कीमत पर स्टाम्प ड्यूटी लगती है। धारा 80सी के तहत इस पर आप 1.50 लाख रुपये तक छूट ले सकते हैं। यदि ड्यूटी इससे ज्यादा हो, तो दो या ज्यादा लोगों के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर सभी को समान छूट मिलेगी। यानी पत्नी के साथ मिलकर इस छूट को 3 लाख रुपये तक पहुंचा सकते हैं। इसलिए मकान खरीदने के दौरान रजिस्ट्री में आप अपनी पत्नी का नाम जोड़ सकते हैं।

### ब्याज पर कटौती

यदि आप मकान खरीदने के लिए लोन लेते हैं तो ऐसी स्थिति में चुकाए गए ब्याज पर इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 24 के तहत कुल आय में 2 लाख रुपये तक कटौती का लाभ ले सकते हैं। मूलधन पर भी धारा 80सी के तहत 1.50 लाख तक छूट पा सकते हैं।

### एक घर बेचा, दूसरा मकान खरीदने पर छूट

यदि आप एक रेसीडेंशियल प्रॉपर्टी बेचकर दूसरा मकान खरीदना चाहते हैं, तो धारा 54 आपकी मदद करेगी। इसके तहत पुरानी प्रॉपर्टी बेचने से जितना भी प्रॉफिट हुआ, यदि उस पूरी रकम से आप कोई नई प्रॉपर्टी खरीदते हैं तो पुरानी प्रॉपर्टी से हुए मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। शर्त ये होगी कि बेची और खरीदी गई, दोनों प्रॉपर्टी रेसिडेंशियल ही हों। यदि आप जमीन जैसी कोई अन्य प्रॉपर्टी बेचकर तैयार मकान खरीदना चाहते हैं, तो ऐसी स्थिति में भी आयकर कानून की धारा 54एफ के तहत छूट मिलेगी। लेकिन यह कटौती समान कानून की धारा 54 के तहत मिली छूट से कम होगी।

### प्रॉपर्टी न्यूनतम 24 माह होल्ड करना अच्छा

यदि आप खरीदी हुई प्रॉपर्टी को न्यूनतम 24 महीने अपने पास रखने के बाद बेचते हैं तो आपको 12.5% लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स चुकाना होगा। यदि इससे पहले प्रॉपर्टी बेचते हैं तो आपको नॉर्मल स्लैब रेट से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना पड़ेगा।

---

# एसआईपी निवेश ने बनाया रिकॉर्ड, लेकिन इक्विटी फंड में घटा

## इक्विटी एमएफ में अप्रैल में 24,269 निवेश हुआ जो मार्च के 25,082 करोड़

प्लान | बिजनेस डेस्क

### म्यूचुअल फंड एयूएम 70 लाख करोड़ के ऑल टाइम हाई पर

अप्रैल 2025 में भले ही शेयर बाजार में तेजी आई। एसआईपी निवेश ने रिकॉर्ड बनाया, लेकिन इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेशक सतर्क रहे। इसी के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अप्रैल में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रहा है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की के चलते बाजार में जारी अस्थिरता के बीच यह गिरावट आई है। हालांकि अप्रैल महीने में एसआईपी के जरिए निवेश ने रिकॉर्ड बनाया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एसआईपी योगदान अप्रैल में 2.7% बढ़कर 26,632 करोड़ रुपये रहा, जो कि मार्च में 25,926 करोड़ रुपये था। ग्रॉस इनफ्लो अप्रैल में नई ऊंचाई पर पहुंच गया और दिसंबर 2024 के 26,459 करोड़ रुपये के आंकड़े के पार निकल गया। इक्विटी फंड में लगातार चौथे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह लगातार 50वां महीना रहा, जब म्यूचुअल फंड योजनाओं में नेट इनफ्लो देखने को मिला।



### डेट फंड में 2.19 लाख करोड़ का निवेश

डेट फंड में भी अप्रैल महीने में 2.19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अप्रैल में 2.77 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में 1.64 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। इस निवेश से इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट अप्रैल में बढ़कर रिकॉर्ड 70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो मार्च के अंत में 65.74 लाख करोड़ रुपये था।

### इक्विटी फंड में क्यों घटा निवेश

इक्विटी एमएफ में अप्रैल में 24,269 निवेश हुआ जो मार्च के 25,082 करोड़ रुपये, फरवरी के 29,303 करोड़ रुपये, जनवरी के 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर के 41,156 करोड़ रुपये से कम है। हालांकि यह मार्च के 25,082 करोड़ रुपये की तुलना में 3.24 फीसदी की मामूली गिरावट दर्शाता है, लेकिन फ्लो का वॉल्यूम महत्वपूर्ण बना हुआ है। खासकर चुनौतीपूर्ण ग्लोबल माहौल व 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बीच।

### इक्विटी फंड : किस श्रेणी में कितना निवेश

इक्विटी फंड कैटेगरीज में, फ्लेक्सी कैप फंड में अप्रैल में सबसे अधिक 5,542 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. हालांकि, इक्विटी से जुड़ी बचत योजनाओं से 372 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई. अप्रैल में मिड-कैप और स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंडों में निवेशकों की दिलचस्पी बनी रही, जिसमें 3,314 करोड़ रुपये और 4,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. मार्च में 2,479 करोड़ रुपये की तुलना में लार्ज-कैप फंड को 2,671 करोड़ रुपये मिले।

### इसे ऐसे समझें

- **लार्जकैप फंड्स :** इनफ्लो 2,479.31 करोड़ से बढ़कर 2,671.46 करोड़ रुपये
- **मिडकैप फंड्स :** इनफ्लो 3,438.87 करोड़ से घटकर 3,313.98 करोड़ रुपये
- **स्मॉलकैप फंड्स :** इनफ्लो 4,092.12 करोड़ से घटकर 3,999.95 करोड़ रुपये
- **फ्लेक्सी कैप फंड्स :** इनफ्लो 5,615 करोड़ से घटकर 5,542 करोड़ रुपये
- **मल्टीकैप फंड्स :** इनफ्लो 2,752.98 करोड़ से घटकर 2,551.71 करोड़ रुपये

### क्या है इक्विटी फंड

इक्विटी फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो इक्विटी शेयरों में निवेश करता है। इक्विटी फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करना होता है और यह निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है।

### इक्विटी फंड की मुख्य विशेषताएं

1. **इक्विटी शेयरों में निवेश:** इक्विटी फंड इक्विटी शेयरों में निवेश करते हैं जो विभिन्न कंपनियों के शेयर होते हैं।
2. **लंबी अवधि का निवेश:** इक्विटी फंड लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए उपयुक्त होते हैं।
3. **जोखिम:** इक्विटी फंड में जोखिम होता है क्योंकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### इक्विटी फंड के कुछ मुख्य फायदे

1. **पूंजी वृद्धि:** इक्विटी फंड लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करने में मदद कर सकते हैं।
2. **विविधीकरण:** इक्विटी फंड विभिन्न शेयरों में निवेश करते हैं जिससे जोखिम कम होता है।
3. **पेशेवर प्रबंधन:** इक्विटी फंड का प्रबंधन पेशेवर फंड प्रबंधकों द्वारा किया जाता है।

# त्रिकोणीय श्रृंखला : फाइनल में भारतीय महिला टीम के सामने आज श्रीलंका की चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस श्रृंखला में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही।

श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

### फार्म में भारतीय बल्लेबाज

टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाए हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिए हैं। दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है।



### कप्तान ने खेली छोटी पारियां

कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर श्रृंखला में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी। हरमनप्रीत ने अब तक नाबाद 41, 30 और 28 रन की उपयोगी पारियां खेली है लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही है। स्नेह राणा भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुई है। दाएं हाथ की इस स्पिनर ने अब तक 11 विकेट चटकाए है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है।

### श्रीलंका को हर्षिता और चमारी से बड़ी पारी की उम्मीद

श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाए है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने अपनी ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उन्होंने 88 रन बनाने के साथ पांच विकेट लिए थे। वह फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ भारत की मुश्किलें बढ़ना चाहेंगी। श्रीलंकाई गेंदबाजों में देवमी विहंगा (नौ विकेट) का सबसे ज्यादा प्रभावित किया है।

### संभावित टीमें

**भारत :** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**श्रीलंका:** चमारी अट्टापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, इनौशी प्रियदर्शनी, विशमी गुणरत्ने, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, हर्षिता समाराविक्रमा, मनुडी नानायककारा, हासिनी परेरा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, अनुष्का संजीवनी, रश्मिका सेववंडी, नीलाक्षिका सिल्वा, देवमी विहंगा।

## खबर संक्षेप



### दीक्षा और प्रणवी का स्कोर तीन ओवर 147

**सोल।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने शनिवार को यहां अरामको कोरिया चैंपियनशिप में क्रमशः 74 और 75 के कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने फ्रंट नाइन में तीन ओवर के निराशाजनक स्कोर से उबरते हुए दो ओवर 74 का कार्ड खेला जबकि प्रणवी ने तीन ओवर 75 का कार्ड बनाया। अब दोनों का कुल स्कोर तीन ओवर 147 है जिससे दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### गोल्फर वीर अहलावत तुर्की में कट से चूके

**अंताल्या।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने पहले दौर की तुलना में दूसरे दौर में अपने खेल में कुछ सुधार किया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था और वह टर्किश एयरलाइंस ओपन में कट से चूक गए। पहले दौर ने चार ओवर 75 का कार्ड खेलने वाले अहलावत ने दूसरे दौर में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट हासिल करने में असफल रहे।

### अक्षय दूसरे दौर के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर

**फिलाडेल्फिया।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने ट्रुइस्ट गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन यहां इवन पार का राउंड खेला और 63-70 के कार्ड के साथ शीर्ष-पांच में बने रहे। भाटिया दूसरे दौर के बाद जस्टिन थॉमस (66-67), रोरी मैकलरॉय (66-67), कोलिन मोरीकावा (63-80), सी वू किम (65-69) और पैट्रिक कैंटले (65-68) के साथ सात अंडर का कुल स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन (65-72) दिन के अंत में संयुक्त 33वें स्थान पर रहे।

### विश्व चैम्पियनशिप: मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें क्वालीफाई करने से चुकीं

**ग्वांगजू (चीन)।** भारतीय पुरूष और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के लिये सीधे क्वालीफाई करने से चूक गईं और यहां शनिवार को विश्व एथलेटिक्स रिले के पहले दिन पांचवें स्थान पर रहीं। दोनों टीमों को 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाने का एक और मौका रविवार को मिलेगा। भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित टीम (जय कुमार, स्नेहा कोल्लेरी, धरमवीर चौधरी और रूपल चौधरी) ने मिनट 16 . 85 सेकंड का समय निकालकर सात टीमों की तीसरी हीट में पांचवें स्थान पर रहे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## तीरंदाजी विश्व कप : कम्पाउंड वर्ग में भारतीय दल ने रचा इतिहास

# मधुरा वर्ल्ड चैंपियन, जीते स्वर्ण-रजत और कांस्य, भारत ने जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| शंघाई

मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।



### खास रहा व्यक्तिगत स्वर्ण

मधुरा के लिए लिए हालांकि व्यक्तिगत स्वर्ण सबसे खास रहा क्योंकि उन्होंने उतार-चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखा। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया। मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगाए और ये दोनों केंद्र के बिलकुल करीब थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया।

### शानदार शुरुआत

मधुरा क्वालीफायर्स में तीसरे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर थी। उन्होंने अपने अभियान के दौरान तुर्की की विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी हेजल बुरुन को शिकस्त दी। मधुरा ने दो बार की विश्व कप टीम पदक विजेता को 143-141 से मात दी थी। मधुरा ने इससे पहले मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

### महिला तिकड़ी की चांदी



ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा और चिकिथा तानिपार्थी की टीम महिलाओं के कम्पाउंड फाइनल में मैक्सिको की मजबूत चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और मुकाबला 221-234 से गंवा बैठी। फाइनल मुकाबले में भारतीय तीरंदाज मैक्सिको को कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे लेकिन इस तिकड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर पोडियम पर स्थान सुनिश्चित किया। वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीतने के साथ पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत की।

### पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण

इससे पहले कम्पाउंड पुरुष टीम ने स्वर्ण जीता। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया।



### ऋषभ ने कांस्य पर साधा निशाना

ऋषभ ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो को हराया। भारतीय खिलाड़ी का शूटआउट में 10 अंक वाला निशाना केंद्र के करीब था। इस 22 साल के भारतीय खिलाड़ी का यह विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है। वह इससे पहले सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और कई बार के विश्व चैंपियन नीदरलैंड के माइक श्लोएसर से 144-147 से हार गए थे।

## चेतावनी

# बिना अनुमति विदेश में ट्रेनिंग की तो खिलाड़ियों पर होगी कार्रवाई



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने शनिवार को घोषणा की कि वह उन खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा जो बिना लिखित अनुमति के विदेश में ट्रेनिंग करते हैं और प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते हैं।

एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन रिकॉर्ड बुक के लिए भी अमान्य माना जाएगा। उन्होंने कहा कि एएफआई इस महीने से कार्रवाई शुरू कर देगा। सागू ने कहा, 'विदेशी सरजमीं पर प्रतिस्पर्धा और ट्रेनिंग के लिए देश में ट्रैक एंव फील्ड की राष्ट्रीय संचालन संस्था से पहले से अनुमति नहीं लेने वाले व्यक्तिगत खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अगर एथलीट अंतरराष्ट्रीय 'एक्सपोजर' (ट्रेनिंग और अभ्यास) के लिए एएफआई की मंजूरी नहीं लेते हैं जो कि अनिवार्य है तो उनका प्रदर्शन रिकॉर्ड बुक के लिए अमान्य हो जाएगा। एथलीटों के हितों की रक्षा के लिए एएफआई ने विदेश में ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने के लिए एक विशिष्ट समय अवधि निर्धारित की है।'

### भुल्लर संयुक्त 43वें और चौरसिया 62वें स्थान पर



**चीबा।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया शनिवार को यहां इंटरनेशनल सीरीज जापान के तीसरे दौर में क्रमशः संयुक्त 43वें और संयुक्त 62वें स्थान पर बने हुए हैं। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने इवन पार 71 का कार्ड खेला जिससे वह 54 होल के बाद दो अंडर पर हैं। वहीं एशियाई टूर पर छह बार के विजेता चौरसिया ने एक ओवर 72 का कार्ड खेला जिससे वह तीन दिन में एक ओवर के स्कोर पर हैं। भुल्लर ने तीन बर्डी, एक बोगी और एक डबल बोगी की जबकि चौरसिया ने तीन बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी की। पांच अन्य भारतीय कट हासिल करने से चूक गए।

## क्रिकेट

# आईपीएल टलने के बाद लौटे विदेशी खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने अपने देश लौट गए।

जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था। इस बीच बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि हालात की व्यापक समीक्षा के बाद टूर्नामेंट का संशोधित कार्यक्रम और वेन्यू की जानकारी दी जाएगी। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने अपने शहर लौटने लगे जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट , जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं। विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं।

### टीमों ने जारी किया बयान

आरसीबी ने बयान में कहा, 'हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के सहयोग के लिए शुक्रगुजार हैं।' लखनऊ सुपर जाइंट्स के एक अधिकारी ने भी बताया कि उसके कुछ विदेशी खिलाड़ी शनिवार को चले गए हैं जबकि कुछ अभी भारत में ही रुकेंगे। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी अपने अपने गंतव्य को चले गए हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच लौटे खिलाड़ी

सूत्र के अनुसार केकेआर के खिलाड़ी हैदराबाद से चले गए हैं जहां उन्हें शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना था। धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द होने के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अलग अलग बैच में होशियारपुर से जालंधर रेलवे स्टेशन लाया गया था। इसके बाद विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस से उन्हें दिल्ली लाया गया। पंजाब किंग्स के एक सूत्र ने बताया कि उसके अधिकांश विदेशी खिलाड़ी रवाना हो गए हैं।

### खेलो इंडिया: हर्षबर्धन और अस्मिता ने भारोत्तोलन में पहले दिन राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया

**पटना।** हर्षवर्धन साहू और अस्मिता धोने ने खेलो इंडिया युवा खेल 2025 में भारोत्तोलन स्पर्धा के पहले दिन रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। ओडिशा के गंजम जिले के खेलो इंडिया खिलाड़ी साहू ने लड़कों के 49 किलो वर्ग में दो राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाये। बाईस मई को 16 वर्ष के होने जा रहे साहू ने क्लीन और जर्क और समग्र भार में क्रमशः 115 और 203 किलो वजन उठाकर नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 88 किलो वजन उठाया। पिछले रिकॉर्ड झारखंड के बाबूलाल हेमब्रोम के नाम थे। आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में पदकों की हैट्रिक लगाने वाली 16 वर्ष की ज्योशना साबर ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महाराष्ट्र की अस्मिता धोने और उत्तर प्रदेश की मानसी चामुंडा ने लड़कियों के 49 किलो वर्ग में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और समग्र भारवर्ग में नये राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाये। महाराष्ट्र 27 स्वर्ण, 21 रजत और 24 कांस्य समेत 72 पदक लेकर शीर्ष पर है। कर्नाटक दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान तीसरे, मध्यप्रदेश चौथे और पंजाब पांचवें स्थान पर है। दिल्ली की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाज नाम्या कपूर ने मध्यप्रदेश की अंजलि भागवत को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं असम के प्रियांशु भट्टाचार्य ने लड़कों के वर्ग में बाजी मारी। मेजबान बिहार सेपक टेकरॉ के दोनों फाइनल हार गया।

# अनाहत-अभय का विश्व स्क्वाश में जीत से आगाज

**शिकागो।** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने यहां दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए शुक्रवार को इस टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की।



अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फ़ायरोज़ अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्र की हाना मोताज़ को 3-1 से हराया। भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया। विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष एकल के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया। अभय सिंह का अगला मुकाबला मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा।

### ताइपे ओपन : आयुष और उन्नति सेमीफाइनल में हारे

**ताइप।** उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा की शनिवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ ताइपे ओपन सुपर 300 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस 2.40 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में अंतिम चार तक के अपने सफर में प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रभावित किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को कड़ी टक्कर दी। लगभग दो दशक से अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे चीनी ताइपे खिलाड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आयुष को 21-18, 21-17 से मात दी।

## महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर में हुआ अजीब मुकाबला

# यूएई की पूरी टीम रिटायर आउट, फिर भी कतर को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम ने शनिवार को कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले के दौरान अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट किया। यूएई ने कतर के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और 16 ओवर में 192 रन बनाए। जवाब में कतर की पूरी टीम 29 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूएई ने यह मुकाबला 163 रनों से जीता।



### रिटायर आउट का फैसला

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओजा ने पहले विकेट के लिए 192 रनों की साझेदारी की। लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए यूएई ने अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट करने का फैसला किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टी20 में टीम घोषित करने का नियम लागू नहीं होता है। यूएई का प्रत्येक बल्लेबाज पैड पहनकर मैदान पर उतरा और उसे रिटायर आउट करार दिया गया।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to all general public that our clients Smt. PoonamTalwar, W/o Sh.Virender Kumar, R/o C-7/50A, Keshav Puram, Lawrence Road, Delhi-110035 and her daughter Smt. Kavya Sachdeva W/o Sh. Mayank Sachdeva R/o H. No: - Plot No Villa 1, Landcraft Golflinks Society, NH-24 Ghaziabad, Kavi Nagar, U.P-201002 have disowned & debarred her Daughter /Sister namely Smt. Parul Gulshan and her Husband Sh.Malkeet Singh, S/o Sh.Ujagar Singh both are R/o WZ-554 Gali no-1, Near Sharma Sweet Sri Nagar, Shakur Basti, Saraswati Vihar, Delhi-110034 from all their moveable & immovable properties and severed all relations with them. Any person dealing with them in any manner whatsoever shall be doing so at his/her own cost, risk & responsibilities. Our clients shall not be responsible for any of their acts.

**ROHIT YADAV (Advocate)**
Ch. no. 402, Civil Wing. Tishazari Courts, Delhi-110054

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों से कहा कि चिन्हित किया जाए कि कितने किसान ऐसे हैं, जो विस्थापित हैं या खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे, ताकि उन्हें लक्ष्य बनाकर योजना बनाई जा सके। कुल जमीन, उसमें बोई जाने वाली फसलें, किसानों की संख्या और फसल के लिए आवश्यक सामग्री, इन सभी का समग्र आंकलन किया जाएगा।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री ने सीमावर्ती जिलों के किसानों की खेती एवं उपलब्ध खाद-बीज और अन्य संसाधनों के संबंध में की समीक्षा

# सीमावर्ती क्षेत्र के किसानों की खेती सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हमारी: मंत्री शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्यों के सीमावर्ती जिलों के किसानों की खेती एवं उनके लिए उपलब्ध खाद- बीज और अन्य संसाधनों के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इन जिलों के किसानों के कृषि संबंधी कार्यों की समुचित व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों से कहा कि चिन्हित किया जाए कि कितने किसान ऐसे हैं, जो विस्थापित हैं या खेतों तक नहीं पहुंच पा रहे, ताकि उन्हें लक्ष्य बनाकर योजना बनाई जा सके। कुल जमीन, उसमें बोई जाने वाली फसलें, किसानों की संख्या और



फसल के लिए आवश्यक सामग्री, इन सभी का समग्र आंकलन किया जाएगा। कृषि विभाग का राज्यों को किस प्रकार सहयोग देना है, इसके लिए संबंधित मुख्य सचिवों, सचिवों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत की जा रही है।

### किसान भाई बहन देश के लिए खेतों में तैयार, सीमावर्ती खेती को सुरक्षित रखना जरूरी है

#### सीमा पर जवान और सीमा का किसान भी लड़ रहा

समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि अभी जो परिस्थितियाँ देश की हैं, सीमा पर जवान भी लड़ रहा है और सीमा का किसान भी लड़ रहा है। हमारे किसान भाई बहन देश और देश के जवान के लिए अपने खेतों में तैयार है। कई किसान भाइयों को सुरक्षा के कारणों से, उनकी जहां खेती है, वहाँ से थोड़ा दूर रखा गया है ताकि उनकी जिंदगी सुरक्षित रहे, लेकिन अब ये जरूरी है कि सीमावर्ती क्षेत्र के हर राज्य के किसान चाहें वो पंजाब के हों, राजस्थान के हों, जम्मू-कश्मीर के हों, अन्य प्रांतों के हों, उनकी खेती हम कैसे सुरक्षित रख पाएं, ये हमारी जिम्मेदारी है।

#### खरीफ बोवनी के लिए कृषि आदानों का आंकलन करें


उन्होंने आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अभी की परिस्थितियों में अगर वहां के हमारे किसान आज खेती नहीं कर पा रहे हैं तो कल उन्हें किस तरह के सीड्स की जरूरत होगी, विशेषकर खरीफ की फसल के लिए, प्लांटिंग मटेरियल आदि क्या चाहिए इनकी आवश्यकता का एक बार हम आंकलन कर लें और उसके बाद हम इन सभी चीजों को उपलब्ध कराएं, ताकि वो खरीफ की बोवनी ठीक कर सकें।

#### *सीमावर्ती किसानों की चिंता करना हमारी ड्यूटी*

*चौहान ने बैठक में कहा कि जवानों की तरह किसान भी वहाँ जूझते हैं तो उनकी चिंता करना हमारी ड्यूटी है, इसलिए हमने ये बैठक बुलाई है कि एक बार जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात का बड़ा हिस्सा हमारा इससे प्रभावित होता है, साथ ही हिमाचल प्रदेश, हरियाणा हमारे इन सभी प्रदेशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में किस-किस तरह के बीजों की उपलब्धता और खेती में हम उनके लिए क्या-क्या कर सकते हैं, इस पर आज ये बैठक है। सीमावर्ती क्षेत्रों की खेती का आंकलन करें बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में खेती और बीजों की उपलब्धता पर विचार किया गया। सीमावर्ती इलाकों में कुल कितनी जमीन है, कौन-कौन सी फसलें होती हैं और उन्हें किन सुविधाओं की आवश्यकता है।*

### रूस के साथ जारी जंग थमने के आसार

# बिना शर्त कल से यूक्रेन 30 दिन युद्ध विराम के लिए तैयार



एजेंसी ▶▶ कीव


रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने के आसार हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिवसीय पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। शनिवार को चार देशों फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और पोलैंड के नेता यूक्रेन पहुंचे थे। इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर शामिल रहे।

#### खूनखराबा बंद होना चाहिए

जेलेंस्की से मुलाकात से पहले नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा था कि हम अमेरिका के साथ मिलकर रूस से 30 दिन के पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम की अपील करते हैं ताकि एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में बातचीत हो सके। उन्होंने आगे कहा, हम युद्धविराम लागू करने और पूर्ण शांति समझौते की तैयारी के लिए बातचीत का समर्थन करने को तैयार हैं। नेताओं ने कहा था कि खूनखराबा अब बंद होना चाहिए, रूस को अपनी अवैध घुसपैठ रोकनी चाहिए और यूक्रेन को एक सुरक्षित, संप्रभु राष्ट्र के रूप में समृद्ध होने का हक मिलना चाहिए।

### एएआई ने बढ़ाई एयरपोर्ट की सुरक्षा

# 15 मई तक सिविल उड़ानों के लिए 32 हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद रहेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 9 मई से 15 मई 2025 की सुबह 5:29 बजे तक सभी सिविल उड़ानों के लिए यह बंदी लागू की है। बंद किए गए हवाई अड्डों में अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर, चंडीगढ़, पठानकोट, अवंतिपोरा, अंबाला, बठिंडा, भुज, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, कान्डला, पोरबंदर, राजकोट (हिरासर), नलिया, मुण्ड्रा, कांगड़ा (गग्गल), कुल्लू-मनाली (भुंतर), शिमला, लेह, लुधियाना, पटियाला, सरसावा, थोइस, उत्तरलई, जमनगर, किशनगढ़, केशोद, हलवारा, आदमपुर और हिंडन शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन हवाई अड्डों पर इस अवधि के दौरान कोई भी सिविल फ्लाइट ऑपरेशन नहीं होगा। दिल्ली और मुंबई फ्लाइट इंफॉर्मेशन रीजन के तहत आने वाले 25 एयर ट्रैफिक सर्विस मार्गों को भी सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

ये 25 एयर रूट ग्राउंड लेवल से अनलिमिटेड ऊंचाई तक 15 मई को सुबह 5:29 तक बंद रहेंगे।

## पाक सेना प्रवक्ता के पिता का आंतकी संगठन से जुड़ाव

**इस्लामाबाद।** अमृतसर में पैदा हुए सुल्तान बशीरुद्दीन पाकिस्तानी सेना के वर्तमान प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी के पिता हैं। उनके तार आतंकी संगठन



अलकायदा से जुड़े रहे हैं। न केवल अलकायदा से संबंध, ब ल्कि प र मा णु हथियारों से जुड़ी अहम जानकारी को गलत हाथों में पहुंचाने के आरोपों को लेकर भी महमूद विवादों में रहे। बाद में परमाणु वैज्ञानिक महमूद पर पाकिस्तानी सरकार ने प्रतिबंध भी लगाए।

### *ट्रंप प्रशासन का फैसला*

# पाकिस्तान में अमेरिकी उच्चायुक्त ने स्टाफ की आवाजाही रोकी



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन ने अपने सभी कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान की सेना ने भी देश के सभी नागरिकों को घरों में रहने की सलाह दी है जब तक कि नया आदेश न आए। अमेरिकी दूतावास और कांसुलेट्स ने 'सुरक्षा चेतावनी' जारी कर देश के सभी नागरिकों से कहा है कि वे अगले आदेश तक घरों से बाहर न निकलें।

#### यात्रा न करने की दी चेतावनी

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को पहले से जारी 'यात्रा न करने' की चेतावनी दोहराई है, खासकर भारत-पाक सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक के इलाकों में, जहां आतंकवाद और संघर्ष का खतरा ज्यादा है। इसके अलावा मंत्रालय ने पूरे पाकिस्तान के लिए भी यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा कि अगर अमेरिकी नागरिक खुद को किसी संघर्ष वाले इलाके में पाते हैं, तो वे सुरक्षित तरीके से वहां से निकलने की कोशिश करें। अगर निकलना संभव न हो, तो वहीं सुरक्षित स्थान पर रहें।

# पुंछ में हिमाचल के सूबेदार मेजर पवन जरियाल शहीद


एजेंसी ▶▶ शाहपुर (कांगड़ा)

हिमाचल प्रदेश के शाहपुर के सिहोलपुरी निवासी सूबेदार मेजर पवन जरियाल (48) पुत्र गरजो सिंह शहीद हो गए हैं। शहीद सैनिक पवन सीमा पर तैनात थे। सेना की तरफ से यह जानकारी दी गई है। वे दो महीने बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। शहीद अपने पीछे पिता पूर्व सैनिक गरजो सिंह, पत्नी सुषमा देवी, पुत्र अभिषेक कुमार, बेटी अनामिका को छोड़ गए हैं। बेटा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है जबकि बेटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। शहीद के पिता भी सेना में थे। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि



एसडीएम शाहपुर को शहीद के घर भेजा गया है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मेजर पवन कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं, पाकिस्तान की सेना से मुकाबला करते हुए बुलंदशहर स्थित बीबीनगर कस्बे का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। खुद जवान ने गोली लगने की सूचना परिजनों को दी। जवान की सलामती के लिए परिवार प्रार्थना कर रहा है।

बीबीनगर कस्बा निवासी सुरेंद्रपाल सिंह राठी के पुत्र योगेश राठी भारतीय सेना की 18 जाट रेजीमेंट में हवलदार के पद पर जम्मू कश्मीर के मेंडर जिले में तैनात हैं। 8 मई को योगेश ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीमा पर चल रही गोलाबारी में घायल होने की सूचना दी। योगेश ने बताया कि गोली पैर में लगी है जिसमें 8 टांके लगे हैं। तैनाती स्थल पर ही मौजूद चिकित्सकों ने जवान का उपचार किया।



LOW DOWN PAYMENT ₹9,999~
Toll Free Number: 1800 266 0018
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant in Delhi. ***Basis data available in the public forum for products in 160cc Motorcycle segment. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc and 160cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply. ~Available only on Xtreme 160R 4V. Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apno ka bank
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**
Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar: Sapphire Hero: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road)- Pashupati Hero- 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero–9289922771, Okhla Phase II: A R C Hero - 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero: 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero - 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222 North Delhi: Azadpur: Shraman Automobiles: 9289923185, Rithala (Rohini): Metro Hero - 9289922597, Budh Vihar: JMD Automotives - 7838685858, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero - 9289922382, Upper India Hero – 9717198198, West Delhi: ROSHAN VIHAR (Najafgarh): Avni Hero - 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero– 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero - 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero - 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT - 7217627327; Gurugram: Globe Agencies, Sec – 18, Noble Enclave - 9289233915, Himgiri Hero - 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero - 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad) - 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road): 9289924248,; Sohna: Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna- 9289924089; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5 - 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58 - 9289923059; Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road - 9289922073, Aman Hero - Shiv Puri, Vijay Nagar - 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486 BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road - 9289922504; Krishna Hero, Raje Babu Road - 9289922410, Hapur: Globe Hero – 9289923209.
FCB INTERFACE/2350/MAY25/ENG